* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

27 अक्टूबर, 2022
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 09

जयशंकर से प्रभावित यूएइ के मंत्री, बांधे तारीफों के पुल, भारत की विदेश नीति को भी सराहा



SURJABASHA

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)



Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI
No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION
2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

## संभाला पद : मल्लिकार्जुन खड़गे के हाथ कांग्रेस की कमान

# कांग्रेस में 50 फीसदी पद युवाओं को : खड़गे

- भाजपा का कांग्रेस मुक्त भारत का सपना नहीं होगा पूरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मल्लिकार्जुन खड़गे आधिकारिक तौर पर बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष बन गये। दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में चुनाव अधिकारी मधुसूदन मिस्त्री ने उन्हें जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। अध्यक्ष बनने के बाद अपने पहले भाषण में खड़गे ने पार्टी में 50 फीसदी पद 50 साल से कम उम्र के लोगों को देने का ऐलान किया। खड़गे ने कहा कि उदयपुर अधिवेशन में इसको लेकर प्रस्ताव पास किया गया था। अब उस पर अमल किया जाएगा। भाजपा के कांग्रेस मुक्त भारत के नारे पर तंज कसते हुए खड़गे ने कहा कि अपने मुताबिक नया भारत बनाने के नाम पर वे कांग्रेस मुक्त भारत बनाने का नारा देते हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि जब तक कांग्रेस मौजूद है, तब तक वे ऐसा नहीं कर सकते। हम ऐसा नहीं होने देंगे और इसके लिए लगातार लड़ाई जारी रखेंगे। खड़गे ने कहा कि आज मेरे लिए बहुत भावुक क्षण है। आज एक सामान्य कार्यकर्ता को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुन कर ये सम्मान देने के लिए मैं आप सबको हार्दिक धन्यवाद देता हूं। कांग्रेस झूठ और नफरत का दायरा तोड़ेगी। खड़गे ने भारत जोड़ो यात्रा के लिए राहुल गांधी को धन्यवाद, इससे पूरे देश में नयी ऊर्जा का संचार हो रहा है।



### खड़गे खुद 80 साल के, प्रियंका को छोड़ सभी नेता 50 से ऊपर के

मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी में आधे पदों पर युवाओं को लाने की बात कही है। यह एक अच्छी पहल होगी, लेकिन राह आसान नहीं है। खड़गे खुद 80 साल के हैं। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के समय के पदाधिकारियों के उम्र को देखें, तो कांग्रेस अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और महासचिवों में से केवल प्रियंका गांधी की उम्र ही 50 साल है। बाकी सारे नेता इससे ज्यादा उम्र के हैं। हालांकि मल्लिकार्जुन खड़गे के अध्यक्ष बनने के बाद सभी पदाधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया है। अब नयी कमेटी में कैसे और किसे जगह मिलती है, यह देखना दिलचस्प होगा।

### पद छोड़ कर राहत मिली : सोनिया

कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष रहीं सोनिया गांधी ने कहा कि खड़गे को अध्यक्ष पद की कमान सौंपकर वे राहत महसूस कर रही हैं। उनके सिर से बड़ा बोझ उतर गया है। उन्होंने कहा कि मैं नये पार्टी अध्यक्ष खड़गे जी को बधाई देती हूं। वे एक अनुभवी और जमीनी नेता हैं। वे अपनी मेहनत और समर्पण से इस ऊंचाई तक पहुंचे हैं। सोनिया ने कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद भी दिया।

**तीन पीढ़ियों को नमन किया :** पद संभालने से पहले खड़गे ने राजघाट में गांधीजी को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वे जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की समाधि पर गये। खड़गे ने पद संभालने से पहले गांधीजी के साथ कांग्रेस की तीन पीढ़ियों को नमन किया। खड़गे ने लालबहादुर शास्त्री और बाबू जगजीवन राम की समाधि पर भी फूल चढ़ाये।

## मुख्यमंत्री ने छठ घाट का किया निरीक्षण

# हेमंत सोरेन ने सभी घाटों को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का दिया निर्देश



- कांके डैम और हटनिया तालाब घाट पर साफ-सफाई, स्वच्छता, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 28 अक्टूबर से शुरू हो रहे लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर राज्य के सभी घाटों को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को राजधानी रांची में कांके डैम और हटनिया तालाब घाट पर साफ- सफाई, सुरक्षा और अन्य सुविधाओं-व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि सभी छठ घाटों पर छठ व्रतधारियों की सहुलियत का ध्यान रखते हुए सभी जरूरी व्यवस्थाओं को समय पर पुख्ता करें।

### कांके डैम की व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जायेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने पर सरकार विशेष जोर दे रही है। इस लिहाज से राजधानी रांची में कांके डैम एक बेहतर पर्यटक स्थल है। लेकिन, निरीक्षण के क्रम में यहां की व्यवस्था में कई खामियां और मूलभूत सुविधाओं का अभाव देखने को मिला। आपसी समन्वय नही होने से यहां का बेहतर रखरखाव नहीं हो रहा है। फूड कोर्ट का भवन जर्जर हो चुका है। यहां की तमाम व्यवस्थाओं को जल्द दुरुस्त किया जाएगा, ताकि पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। छठ घाटों के निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री के साथ रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, रांची नगर निगम के नगर आयुक्त शशि रंजन, उप विकास आयुक्त और सदर अनुमंडल पदाधिकारी समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

झारखंड, बिहार, बंगाल एवं ओड़िशा के लिए वरदान साबित हो रहा है-

सिंगपुर नर्सिंग होम

डॉक्टरों की सूची


| | |
|---|---|
| 1. Dr. Ramnesh Parsad | MBBS, SONLOGIST, PGDMCH, RCGP, PGPN |
| 2. Dr. Alok Chandra Parkash | MBBS, MS, Gen, Sur. Urology Sur., Lap. Sur. (by Cemast) |
| 3. Dr. Rosy Kumari | MBBS, MS-OBS & GYNAF |
| 4. Dr. Anupama Mahli | MBBS, MS-OBS & GYNAF |
| 5. Dr. Rajeev Ranjan | MBBS, MD, PEDIATIC |
| 6. Dr. Abhinav Mishra | MBBS, MS-ORTHO |
| 7. Dr. Pradeep kr. Sinha | MBBS, MS-UROLOGY |
| 8. Dr. Krishna Kr. Pandey | MBBS, MD-PATHOLOGY |
| 9. Dr. Dhrubo Jyoti Sarkar | MBBS, MS-EYE |
| 10. Dr. Ranoji Mane | MBBS, MD-RADIOLOGY |
| 11. Dr. Narendra Kr. Singh | MBBS, (Resident Doctor) Retd. Supdt. Jh. Govt. |
| 12. Dr. Kant Kr.Singh | BAMS, (Resident Doctor) |
| 13. Dr. Abhishek Kumar | BMS, Ayurvedecharya, Vaiday, Dip, in EMS |
| 14. Dr. Sujata Biswas | BAMS, DNB Opthal |
| 15. Dr. Kunal Kumar | MBBS |
| 16. Dr. Sanjeev Kumar | MBBS, DNB Anesth. |
| 17. Dr. Kumar Mausam | MBBS, MD Paediatric |
| 18. Dr. Sonam Kumari | MBBS |
| 19. Dr. Vivek Goswami | Plastic Surgeon |
| 20. Dr. Pankaj Kumar | Urology |
| 21. Dr. Nihar Topno | ENT |
| 22. Dr. Satwik Saurav | Medicine & Nephrologist |
| 23. Dr. Bela | MBBS, DGO OBS & Gynae |
| 24 Dr. K. Chatinya | MBBS |
| 25. Dr. Amrish | BAMS |
| 26. Dr. Gyan | MBBS, MCH Neurology |

सुविधाएं उपलब्ध

Ayushman, 24 Hours Service, CT Scan, Echo, Oxygen, Digital X-Ray, ECG, Pulse-Oxymeter, Pathology, Nebulizer, Bed, Suction Machine, Phototherapy, Ultra Sonography, Immunization, Operation (Major & Minor), Ambulance, C-Arm, Pediatric Facility

मुरी-सिल्ली, रांची (झारखंड)

हमारा प्रयास : यहां वेल्लोर जैसी सुविधा प्रदान करना है, ताकि गरीब लोगों का बढ़िया इलाज यहां हो सके -डॉ. रमनेश प्रसाद




जीवन के लिए वरदान साबित हो रहा है सिंगपुर नर्सिंग होम



डॉ. रमनेश प्रसाद



डॉ. रमनेश प्रसाद के पिता स्व. डॉ. राजेश प्रसाद और मां स्व. सुधा देवी

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
No 1 Channel
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 48,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 61,000 रु./प्रति किलो |



# भारतीय राजनीति को बहुत कुछ दिया सोनिया गांधी ने

## क्या इतिहास इस महिला को बेहतर तरीके से याद करेगा

**25 साल! 25 ही कहना चाहिए, क्योंकि 1997 से ही सक्रिय हो गयी थीं सोनिया गांधी। अपने अकेले कंधों पर कांग्रेस की भारी जिम्मेदारी उठाने वाली भारत के प्रथम राजनीतिक परिवार की विदेशी बहू इस जिम्मेदारी से फाइनली मुक्त हो गयीं। कांग्रेस ही नहीं, देश की राजनीति के लिए सोनिया का योगदान बहुत बड़ा है। विडंबना है कि कांग्रेसियों ने ही इसे उनके अंतिम दौर में नहीं समझा और उनको कई आरोपों से घेरा। यह बात जगजाहिर है कि अगर सोनिया 1998 में कांग्रेस अध्यक्ष बन कर पार्टी की जिम्मेदारी नहीं संभालतीं, तो आज पार्टी इस तरह एक नहीं दिखती, उसी वक्त कई हिस्सों में बंट जाती। सोनिया का सबसे बड़ा योगदान तो यही है उन्होंने देश की सबसे पुरानी पार्टी को टूटने नहीं दिया। 1998 से 2004 तक कड़ी मेहनत की और पार्टी को केंद्र में सत्ता में लायीं। न केवल प्रधानमंत्री पद का त्याग किया, बल्कि कांग्रेस के बड़े नेताओं के विरोध के बावजूद किसान कर्ज माफी, मनरेगा और महिला बिल जैसे क्रांतिकारी फैसले करवाये। और अब मतदान के द्वारा नया अध्यक्ष चुनवा कर उसे कार्यभार सौंपने का ऐतिहासिक काम भी किया। परिवार के बाहर के अध्यक्ष से जिम्मेदारी ली थी और परिवार के बाहर के अध्यक्ष को ही सौंप दी। सोनिया ने बहुत आरोप सहे। खुद पार्टी के लोगों ने विदेशी मूल का सवाल उठाया और विरोधियों ने तो इसे लगातार मुद्दा बनाये रखा। चाहतीं तो 1989 में राजीव गांधी की हत्या के बाद बच्चों को लेकर इटली जा सकती थीं। 2004 में प्रधानमंत्री बन सकती थीं। इतना ही नहीं, कांग्रेस अध्यक्ष की कुर्सी अपने पास रख सकती थीं। लेकिन सोनिया ने न केवल अपनी जिम्मेदारी समझी, बल्कि जनभावना का सम्मान किया और लोकतांत्रिक मूल्यों को बरकरार रखा। कहा जाता है कि आखिरी में हंसने का मौका सबसे भले आदमी को ही मिलता है। पहले सारे उसे सता कर हंस चुके होते हैं और वह चुप रह कर अपना काम करता रहता है। और फिर नियति उसे सबसे अंत में खुश होने का मौका देती है। साथ ही संतोष भी। सुख का भाव भी। इसलिए आज जाते-जाते सोनिया भी हंस रही होंगी। भारतीय राजनीति में सोनिया गांधी के योगदान का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राहुल सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राहुल सिंह

देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस 26 अक्तूबर, 2022 को एक बार फिर नेहरू-गांधी परिवार की छाया से बाहर निकल गयी। करीब 22 साल पहले अंतिम बार सीताराम केसरी ने कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभाला था और अब मल्लिकार्जुन खड़गे इस पद पर आसीन हो गये हैं। लेकिन कांग्रेस का नेहरू-गांधी परिवार की छाया से बाहर निकलने से अधिक महत्वपूर्ण इस सवाल का जवाब खोजना है कि कांग्रेस की निवर्तमान अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी और देश की राजनीति को क्या दिया। कांग्रेस के 137 साल पुराने इतिहास में सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष रहनेवाली सोनिया गांधी ने खड़गे को कमान सौंप कर पार्टी की जिम्मेदारियों से मुक्ति तो पा ली, लेकिन करीब 22 साल बाद सोनिया गांधी को इतिहास और खासकर कांग्रेस का इतिहास बेहतर रूप से याद करेगा या नहीं, यह एक यक्ष प्रश्न है। उनका 25 साल का राजनीतिक सफर कांग्रेस के लिए एक स्वर्णिम युग तो रहा ही है, यह कोई नहीं झुठला सकता। यहां यह ध्यान देने योग्य है कि जब सोनिया गांधी ने 1998 में कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभाला, तब लोकसभा में पार्टी की 26 फीसदी या कहें 141 सीटें थीं। 2009 में यह बढ़ कर 206 (38 फीसदी) हो गयीं, लेकिन जब उन्होंने पार्टी की कमान छोड़ी, तब यह संख्या 52 है, यानी सदन में कांग्रेस की उपस्थिति मात्र नौ फीसदी है। 1998 में कांग्रेस की प्रदेश विधानसभाओं में 4067 में से 1136 सीटें थीं, लेकिन 2022 में 4120 सीटों में से उसके पास केवल 785 सीटें हैं।

यह सर्वविदित है कि विदेशी मूल की महिला होने के बाद भी उन्होंने कांग्रेस को विषम परिस्थितियों में 10 साल सत्ता का सुख दिलाया और प्रधानमंत्री जैसे पद को ठुकराया। लेकिन सोनिया को इतिहास में स्वर्णिम रूप में दर्ज करवाने की जिम्मेदारी अब खड़गे के साथ राहुल गांधी पर निर्भर है। हालांकि नेहरू-गांधी परिवार का कोई भी सदस्य राजनीति में विफल नहीं हुआ है। इसलिए अगर ये दोनों कांग्रेस की उम्मीदों की कसौटी पर खरे नहीं उतरे, तो सोनिया गांधी पर इन दोनों को कांग्रेस पर थोपने का एक और दोष मढ़ा जायेगा।



**सोनिया कांग्रेस के 137 साल के इतिहास में अभी तक सबसे अधिक समय 22 साल तक कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष रही हैं।**

शायद किसी राजनीतिक पार्टी के अध्यक्ष के रूप में सबसे अधिक समय तक रहने की वजह से ऐसा हो, क्योंकि सोनिया कांग्रेस के 137 साल के इतिहास में अभी तक सबसे अधिक समय 22 साल तक कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष रही हैं। वह राजीव के जीवित रहते कई चुनाव प्रचारों में उनके साथ एक भारतीय बहू जैसी सौम्य छवि के साथ ही दिखीं और राजीव की हत्या के बाद भी साड़ी में भारतीय परंपरा का ही निर्वहन करती नजर आयीं।

यह बात भी सभी जानते हैं कि सोनिया किसी राजनीतिक रिश्तों के तहत राजीव से विवाह कर भारत नहीं आयी थीं और न ही वह राजनीतिक घराने से थीं। पति की हत्या होने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने सोनिया से पूछे बिना उन्हें कांग्रेस का अध्यक्ष बनाये जाने की घोषणा कर दी, परंतु सोनिया ने इसे स्वीकार नहीं किया, जिसके बाद काफी समय तक राजनीति में कदम न रख कर उन्होंने अपने बेटे और बेटी का पालन-पोषण करने पर अपना ध्यान केंद्रित किया। लेकिन जब भारत की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी पर संकट के बादल गहराये, जिसे उनकी सास और पति ने खून से सींचा था, तो वह एक मर्दानी की तरह राजनीति में आने को तैयार हुईं। लोग भले ही तरह-तरह की बातें करें, लेकिन यह वह दौर था, जब पीवी नरसिंह राव के प्रधानमंत्रित्व काल के बाद कांग्रेस 1996 में आम चुनाव भी हार गयी थी और कांग्रेस में एक बार फिर नेहरू-गांधी परिवार के किसी सदस्य की आवश्यकता महसूस की जाने लगी थी। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के दबाव में सोनिया गांधी ने 1997 में कोलकाता के प्लेनरी सेशन में कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ली और उसके 62 दिनों के अंदर 1998 में वह कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष चुनी गयीं।

राजनीति में कदम रखने के बाद उनका विदेशी मूल का होने का मुद्दा लगातार विरोधी दल उठाते रहे। उनकी भाषा को लेकर और हिंदी न बोल पाने को लेकर भी मुद्दा बनाया गया। यही नहीं, उन पर परिवारवाद का भी आरोप लगा, लेकिन समय के साथ उन्होंने हर उस बात का जवाब अपने काम से दिया, जिसे राजनीतिक लोग उनकी कमजोरी के रूप में पेश करते हुए इसे मुद्दा बना रहे थे। हालांकि इस दौरान कांग्रेसियों ने उनका साथ नहीं छोड़ा और इन मुद्दों को नकारते रहे। इस दौरान सोनिया अक्टूबर 1999 में बेल्लारी, कर्नाटक से और साथ ही अपने दिवंगत पति के निर्वाचन क्षेत्र अमेठी से लोकसभा के लिए चुनाव लड़ीं और लगभग तीन लाख मतों के अंतर से विजयी हुईं। 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के दौरान 13वीं लोकसभा में वह विपक्ष की नेता चुनी गयीं।

सोनिया गांधी ने कांग्रेस को उस समय कठिनाई से उबारा था, जब पार्टी खंडित होने की कगार पर पहुंच गयी थी। विपरीत राजनीतिक माहौल में उन्होंने न केवल पार्टी की कमान संभाली, बल्कि 2004 के चुनाव में सबको चौंकाते हुए दो सौ से ज्यादा सीटें जीत कर भारतीय राजनीति के सीने पर कभी न मिटनेवाली लकीर खींच दी। 16 मई 2004 को सोनिया गांधी 16 दलीय गंठबंधन की नेता चुनी गयीं, जिसका वामपंथी दल सहयोग कर रहे थे और यह गठबंधन देश में सरकार बनाने जा रहा था। उस समय यह कहा जा रहा था कि इस गठबंधन की नेता सोनिया गांधी ही देश की प्रधानमंत्री बनतीं, लेकिन सोनिया गांधी ने सबको चौंकाते हुए 18 मई को डॉ मनमोहन सिंह को अपना उम्मीदवार बताया और पार्टी को उनका समर्थन करने का अनुरोध किया। कांग्रेसियों ने इसका खूब विरोध किया और उनसे इस फैसले को बदलने का अनुरोध किया, पर सोनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री बनना उनका लक्ष्य कभी नहीं था। इसके बाद सभी नेताओं ने मनमोहन सिंह का समर्थन किया और वह प्रधानमंत्री बने। फिर 2009 में भी कांग्रेस सत्ता में लौटी।

जब यह बात कही जाती है कि कांग्रेस पार्टी नेहरू-गांधी परिवार की वजह से ही है, तो यह कहना गलत नहीं होगा कि इसमें सोनिया का योगदान कुछ कम नहीं है। पीवी नरसिंह राव के प्रधानमंत्रित्व काल के दौरान जिस तरह कांग्रेस में बिखराव की स्थिति बनी और कांग्रेस के नेताओं ने कांग्रेस को अपने-अपने नाम से चलाने की कोशिश के दौरान मूल पार्टी से हट कर अपनी ही कांग्रेस बना ली, यह किसी से छुपा नहीं है। फिर चाहे तिवारी कांग्रेस की बात हो या फिर एनसीपी की। सभी नेताओं को एक छत के नीचे लाने में और 2004 से 2014 तक कांग्रेस को सत्ता सुख दिलाने में सोनिया ने जो योगदान दिया और एक नयी दिशा दी, वह भुलाने लायक नहीं है।

कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के शासन काल में सोनिया गांधी ने देश को कई नायाब तोहफे दिये। उन्होंने 2005 में सूचना का अधिकार कानून, मनरेगा, कैशलेस बेनिफिट और आधार पर सरकार का साथ दिया और इसको लागू करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। सोनिया ने एनजीओ सेक्टर को भी खूब बढ़ावा दिया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के नेताओं, जिन्होंने बड़ी-बड़ी गलतियां की थीं, उन्हें हटाया नहीं, बल्कि उन पर विश्वास किया, जिसका कई बार उन्हें खामियाजा भी भुगतना पड़ा। इन नेताओं की वजह से उन्हें नीचा दिखना पड़ा। फिर चाहे उन नेताओं में गुजरात से आने वाले अहमद पटेल हों या फिर कांग्रेस की वरिष्ठ नेता अंबिका सोनी, दिग्विजय सिंह, शीला दीक्षित। इटली के ऑरवैसेनो से भारत के दिल्ली तक के सफर में सोनिया ने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है, जो एक भारतीय पत्नी भी हैं और भारतीय मां भी। फिर भी वह विदेशी महिला हैं। 71 बसंत पार कर चुकीं सोनिया ने अपने 48 साल भारत के लिए दिये हैं। अपने 71 साल के जीवन में कई उतार-चढ़ावों को पार करने वाली सोनिया को राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी कुछ भी कहें, लेकिन उन्हें भारतीय विदुषी कहना अतिशयोक्ति न होगी।

# खूंटी के हॉकी टर्फ मैदान को मिला एफआइएच फील्ड सर्टिफिकेट

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी के बिरसा कॉलेज में निर्मित हॉकी टर्फ मैदान को एफआईएच फील्ड सर्टिफिकेट प्राप्त हो गया है। यह सर्टिफिकेट मैदान की सभी गुणवत्ता को परखने के बाद प्रदान किया जाता है, ताकि खिलाड़ियों की सुरक्षा, संसाधन सुनिश्चित हो सके। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय स्तर के मैच का आयोजन के मापदंडों में खरा उतर सके। इन बातों की पुष्टि होने के उपरांत ही एफआइएच फील्ड सर्टिफिकेट प्रदान करने की अनुमति दी जाती है। सर्टिफिकेट प्राप्ति के बाद अब जिला के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अंतर राष्ट्रीय स्तर के मैदान में अभ्यास कर अपनी प्रतिभा को और निखार सकेंगे।

**सरकार दे रही है खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा :** मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य में लगातार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत खिलाड़ियों के क्षमतावर्धन एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम में खेलने के अनुकूल भी बनाया जा रहा है। इसके लिए विभिन्न जिलों में अंतरराष्ट्रीय स्तर के हॉकी टर्फ मैदान के निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है। फिलहाल सिमडेगा, चाईबासा समेत अन्य जिलों में हॉकी टर्फ फील्ड का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

# ब्रिटेन के नये पीएम के कंधे पर हाथ रख खड़ा धनबाद का प्रज्ज्वल पांडेय बना कंजरवेटिव पार्टी का खेवनहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिंदरी (धनबाद)।** भारतीय मूल के ऋषि सुनक ब्रिटेन के नये पीएम चुने गये। सुनक की जीत में एक और भारतीय खूब चमका, झारखंड के धनबाद का 19 वर्षीय प्रज्ज्वल। अपनी बहुमुखी प्रतिभा की बदौलत प्रज्ज्वल ऋषि सुनक की कोर कैंपेन टीम का सदस्य चुना गया और चुनाव में सुनक की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

प्रज्ज्वल के दादा बागीश दत्त पांडेय पीडीआइएल सिंदरी से सेवानिवृत्त हुए हैं। उनके बड़े पुत्र राजेश पांडेय का पुत्र है 19 वर्षीय प्रज्ज्वल पांडेय। प्रज्ज्वल ने चुनाव में ब्रिटेन के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के 30 सदस्यीय कोर कैंपेन टीम का हिस्सा बन कर टैक्स, आय, शिक्षा, विदेश, डिफेंस नीतियों पर सुनक के विचार ग्रेट ब्रिटेन की जनता के बीच रखे और उन्हें खूब प्रभावित किया।

प्रज्ज्वल पांडेय के पिता राजेश पांडेय ब्रिटेन में डिफेंस सेक्टर में कार्यरत हैं। माता मनीषा पांडेय ब्रिटेन में ही शिक्षिका हैं। प्रज्ज्वल की बडी बहन प्रांजल कैंब्रिज यूनिवर्सिटी से मेडिकल की पढ़ाई कर रही हैं। राजेश पांडेय ने बताया कि प्रज्ज्वल 2019 में यूके यूथ पार्लियामेंट के लिए रिकॉर्ड वोटों से निर्वाचित हुआ था। ब्रिटिश संसद में उसने यूथ पार्लियामेंट के सदस्य के रूप में भाषण भी दिया है।

बताया कि प्रज्ज्वल 2019 में चेम्सफोर्ड यूथ स्ट्रेटेजी ग्रुप का वाइस चेयरमैन निर्वाचित हुआ। 2020 में वह एसेक्स क्लाइमेट एक्शन कमिशन का को चेयरमैन चुना गया। इस बीच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के चुनाव के पहले कंजरवेटिव पार्टी ने कोर कैंपेन टीम के लिए आवेदन पत्र मांगा था। प्रज्ज्वल ने ऑनलाइन आवेदन किया और इस टीम के लिए उसका चयन हो गया। इसके साथ ही प्रज्ज्वल ऋषि सुनक की 30 सदस्यीय कोर कैंपेन टीम का सदस्य बन गया।



### नीति सलाहकारों के साथ किया काम

पिता ने बताया कि चुनाव में कैंपेनिंग के दौरान प्रज्ज्वल ने ऋषि सुनक के लिए देश के प्रतिष्ठित नीति सलाहकारों के साथ काम किया। बताया कि कैंपेन के दौरान प्रज्ज्वल को स्वयं ऋषि सुनक, ब्रिटेन संसद के सदस्य और मंत्रिमंडल के सदस्य दिशा-निर्देश देते थे। फिलहाल प्रज्ज्वल प्लस टू की पढ़ाई कर रहा है। 19 वर्ष की उम्र में ही उसने कामयाबी के जो झंडे गाड़े, उससे केवल ब्रिटेन, बल्कि पूरी दुनिया में भारतीयों का झंडा बुलंद हो गया। सिंदरी में रह रहे दादा और अन्य स्वजन भी पोते की उपलब्धि से उत्साहित हैं।

# झारखंड में एक लाख करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च

## सरकार के पास हिसाब नहीं : अब मची खलबली

**मुख्य सचिव ने विभागों से कहा, तत्काल हिसाब दें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में बीते 16 साल के दौरान विभिन्न विभागों के जरिए खर्च की गयी करोड़ों की राशि का हिसाब सरकार को नहीं मिला है। सरकार विकास योजनाओं सहित अन्य मदों में विभिन्न विभागों को राशि तो लगातार जारी करती रही, पर राशि का किस तरह और कितना उपयोग हुआ, इसका सही-सही ब्योरा सरकार को नहीं मिल पाया है। राज्य सरकार ने माना है कि कुल एक लाख तीन हजार चार सौ उनसठ करोड़ (103459.14) करोड़ की राशि का हिसाब नहीं मिल पाया है। राज्य में कुल 39 हजार से अधिक योजनाओं या मदों में दी गयी राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं उपलब्ध है।

सबसे ज्यादा ग्रामीण विकास विभाग में 14361.00 करोड़ रुपये का हिसाब नहीं है। इसी तरह कृषि विभाग में 611 करोड़, ऊर्जा में 9234 करोड़, नगर विकास विभाग सहित अन्य विभागों में भी बड़ी राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं किया गया है।

इसका खुलासा झारखंड के मुख्य सचिव झारखंड सुखदेव सिंह के पत्र से हुआ है, जो उन्होंने सभी विभागों के सचिवों को लिखा है। उन्होंने उपयोगिता प्रमाण लंबित रहने पर चिंता जतायी है। सीएस ने कहा कि कई निर्देश के बाद भी बड़ी राशि का हिसाब बकाया है, जो गंभीर विषय है। सीएस ने यह भी कहा है कि झारखंड के वित्त विभाग द्वारा बार-बार स्मारित किये जाने के बावजूद लंबित उपयोगिता प्रमाण-पत्र समर्पित नहीं किया जाना यह दर्शाता है कि आपके विभाग द्वारा इस संबंध में गंभीर प्रयास नहीं किया गया।

महालेखाकार झारखंड द्वारा उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) सबमिट करने की ऑनलाइन व्यवस्था भी सितंबर 2019 से प्रभावी है। सीएस ने ऑनलाइन सबमिशन कर रिपोर्ट देने को कहा है।

**व्यक्तिगत रुचि लेकर उपयोगिता प्रमाण पत्र देने का निर्देश :** मुख्य सचिव ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिवों को व्यक्तिगत रुचि लेकर लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र अविलंब समर्पित करने का आदेश दिया है। सीएस ने कहा कि अगर सचिव रुचि लेंगे और लगातार मॉनिटरिंग करेंगे तो लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र में अपेक्षित कमी हो सकेगी।

### एजी की रिपोर्ट से मिली जानकारी

दरअसल, महालेखाकार लेखा एवं हकदारी झारखंड ने 26 जुलाई 2022 को ही सीएस को एक पत्र लिखा था और पूरी विवरणी दी थी। यह बात सामने आयी कि 2006-07 से 2020-21 तक कुल 103459.14 करोड़ की राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र विभिन्न विभागों में लंबित है।

### क्या है उपयोगिता प्रमाण पत्र

उपयोगिता प्रमाण पत्र यानी खर्च का सही हिसाब-किताब। इसे दिये बिन आगे की राशि नहीं दी जाती है। रुपये प्राप्त करने वाले पदाधिकारी-विभाग के लिए यह नियम है कि वे ट्रेजरी कोड के तहत प्रपत्र भर कर उपयोगिता प्रमाण पत्र एक साल के अंदर जमा कर दें कि कितनी राशि खर्च हुई है और कितनी बची है। इसकी प्रति एकाउंटेंट जनरल झारखंड को भेजनी होती है। उपयोगिता प्रमाण पत्र वित्तीय प्रबंधन की ट्रांसपेरेंसी को स्थापित करता है।

### प्रत्येक वर्ष- राशि करोड़ में

| वर्ष | उपयोगिता प्रमाण पत्र | राशि, करोड़ में |
|---|---|---|
| 2012-13 | 2685 | 1239.47 |
| 2013-14 | 9361 | 1235.61 |
| 2014-15 | 1320 | 1564.44 |
| 2015-16 | 2134 | 5354.78 |
| 2016-17 | 8902 | 9573.72 |
| 2017-18 | 4868 | 14497.51 |
| 2018-19 | 3968 | 18591.51 |
| 2019-20 | 4441 | 17044.72 |
| 2020-21 | 4735 | 18710.47 |
| 2021-22 | 5075 | 15406.55 |
| कुल: | 39064 | 103459.14 |

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.8 °c | 17.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.44 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.51 बजे |



# नीति आयोग ने अधिकारियों संग की बैठक, केंद्र से सहयोग की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नीति आयोग की टीम ने बुधवार को राज्य के आला अधिकारियों के साथ बैठक की। यह बैठक बुधवार को होटल रेडिशन ब्लू में हुई। इसमें राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह सहित कई आला अधिकारी मौजूद थे। मौके पर पदाधिकारियों ने नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी के समक्ष राज्य में चल रही केंद्रीय योजनाओं की स्थिति से अवगत कराया। बैठक में राज्य में सुखाड़ की स्थिति पर भी चर्चा हुई। राज्य में सुखाड़ की स्थिति पर राज्य सरकार की ओर से रिपोर्ट भी आयोग के समक्ष रखी गयी। कहा कि समस्याओं से निजात के लिए केंद्र सरकार का सहयोग जरूरी है। मौके पर नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने कहा कि वह पहली बार झारखंड आये हैं। पीएम मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट आकांक्षी जिला को खुद देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच आयोग सेतु का काम करता है। जहां तक केंद्रीय योजनाओं की बात है, तो रांची के प्रखंड का दौरा किया, लोगों से बात भी की और समस्याओं से रू-ब-रू हुए हैं। वहीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड की ओर से सुखाड़ को लेकर विशेष पैकेज की मांग की थी। नयी दिल्ली में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक 7 अगस्त को हुई थी, जिसमें राज्य सरकार ने नीति आयोग के समक्ष सुखाड़ और अन्य मुद्दों पर विस्तार से मांग रखी थी। इससे पहले नीति आयोग की टीम झारखंड में 1 मार्च को आयी थी। इस बैठक में डॉ बीके पाल, वरीय सलाहकार नीरज सिन्हा, संयुक्त सचिव शैलेंद्र कुमार द्विवेदी सहित कई लोग शामिल थे। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य सरकार की ओर से नीति आयोग के समक्ष 20-22 बिंदुओं को रखा था, जिसमें डीवीसी के द्वारा बकाया राशि की कटौती करना, केंद्र की ओर से कोल रॉयल्टी का भुगतान नहीं किया जाना, 15वें वित्त आयोग के तहत कुपोषण पर वित्त प्रबंधन आदि मांगें प्रमुखता से रखी गयी थीं।

झारखंड दौरे के क्रम में नीति आयोग की टीम पहले दिन बैठक के बाद जमशेदपुर के लिए रवाना हो गयी, जहां एक्सएलआरआइ में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेगी। नीति आयोग की टीम में नीरज सिन्हा, राकेश रंजन आदि शामिल हैं। दो दिवसीय इस दौरे में नीति आयोग की टीम के साथ मुख्यमंत्री की भी बैठक होनी थी, लेकिन यह स्थगित हो गयी।

## पिठोरिया में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण, किसानों की समस्या से हुए अवगत

**रांची।** भारत सरकार के नीति आयोग की टीम बुधवार की अहले सुबह राजधानी रांची के कांके प्रखंड के पिठोरिया और इचापीड़ी पंचायत पहुंची। इस दौरान नीति आयोग के वाइस चेयरमैन सुमन कुमार बेरी और उनके निजी सचिव अमित वर्मा ने अपनी टीम के साथ पिठोरिया स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और इचापीड़ी पंचायत के किसानों के खेतों पर लगे ड्रिप इरिगेशन सिस्टम का निरीक्षण किया। आयोग के वाइस चेयरमैन सुमन कुमार बेरी की टीम ने पिठोरिया के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर वहां के नये कोल्ड चेन सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान सिविल सर्जन रांची ने कोल्ड चेन के उपयोग के बारे में बताया। नीति आयोग की टीम ने आयुष चिकित्सा के बारे में जानकारी ली।



**खेती के तरीके को जाना :** आयोग की टीम ने इचापीड़ी पंचायत के किसानों के खेतों में लगी सब्जियों का निरीक्षण किया और खेतों में मौजूद किसानों से बात कर खेती के तरीके को जाना और समझा। साथ ही उनकी समस्याओं को भी सुना। मौके पर इचापीड़ी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य ऐनुल हक अंसारी ने कहा कि पहली बार हमारे पंचायत में कोई केंद्र सरकार की टीम आयी है। यह हम सभी किसानों के लिए बहुत ही हर्षोल्लास की बात है। हम लोगों से खुल कर टीम के लोगों ने बातें की और समस्याओं से अवगत भी हुए। पिठोरिया क्षेत्र किसानों का गढ़ माना जाता है, यहां से सब्जियां दूसरे राज्यों में निर्यात की जाती है।

**सिंचाई संबंधित समस्या से टीम को कराया अवगत :** वहीं पंचायत के मोहम्मद गुफरान अंसारी ने कहा कि नीति आयोग की टीम को हम लोगों ने सिंचाई से संबंधित समस्या से अवगत कराया है। यहां पर सिंचाई की समस्या बहुत ज्यादा है, यदि सिंचाई की व्यवस्था हो जाये, तो यहां के किसान 2 गुना फसल उत्पादन कर सकते हैं. हमलोगों ने टीम के सदस्यों से क्षेत्र के किसानों के लिए डीप बोरिंग कराने की मांग की है।

**किसानों ने चेकडैम बनाने की मांग की :** वहीं कृषक मित्र सफीउल्लाह अंसारी ने कहा कि गांव में ही एक छोटी नदी बहती है, जिस पर जगह-जगह अगर चेक डैम का निर्माण कराया जाए तो यहां के किसानों के लिए बहुत बड़ी सौगात होगी। मौके पर ड्रिप इरिगेशन से खेती कर रहे किसान फिरोज अंसारी ने बताया कि पिछले 2 सालों से ड्रिप इरिगेशन से खेती कर रहा हूं। उत्पादन में दो गुना वृद्धि हुई है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
|---|---|
| मेष | परिस्थिति में सुधार। कार्य में सफलता। धनलाभ। शुभ समाचार मिलेगा। |
| वृष | प्रेम प्रसंग में सफलता। विरोधियों पर विजय। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। |
| मिथुन | व्यावसायिक स्थिति में निरंतर मजबूती बढेगी। शत्रु पराभूत होंगे। आकस्मिक धनलाभ। |
| कर्क | राजनीतिक लाभ। रचनात्मक काम शुरू होंगे। मानसिक परेशानियों में कमी होगी। |
| सिंह | धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे। गृह-भूमि-वाहन का सुख। आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे। |
| कन्या | संतान पक्ष से हर्षदायक समाचार मिलेगा। इच्छित कार्य में सफलता। मन प्रसन्न रहेगा। |
| तुला | कानूनी उलझनों से छुटकारा। रोग-शोक-से मुक्ति। विशिष्टजनों से संपर्क होगा। |
| वृश्चिक | जीवन के सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी। चल-अचल सम्पत्ति से लाभ। |
| धनु | सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे। गृहस्थ जीवन सुखी। उपहार-पुरस्कार मिलेगा। |
| मकर | कामकाज की स्थिति बेहतर होगी। परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे। |
| कुंभ | जमीन-मकान, आवास, वाहन संबंधी समस्या का समाधान। राजकीय उलझने दूर होंगी। |
| मीन | कार्य की अधिकता। रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा। |

### कोडरमा-गया रेलखंड के गुरपा रेलवे स्टेशन के पास घटी घटना

# कोयला लदी मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, रेल यातायात बाधित, ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा गया रेलखंड के गुरपा रेलवे स्टेशन के पास बुधवार की सुबह कोयला लोडेड मालगाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने से रेलवे यातायात प्रभावित हुआ है। दुर्घटना में रेलवे ट्रैक के किनारे के कई बिजली के खंभे टूट गए हैं। वही कई बोगी के पहिया भी टूट कर अप एवं डाउन रेलखंड पर बिखर गये। जानकारी के अनुसार घटना करीब 6:32 बजे सुबह की है। कोयला लोडेड मालगाड़ी कोडरमा स्टेशन की ओर से गया की ओर जा रही थी। 58 बोगी वाले मालगाड़ी में भारी मात्रा में कोयला लोड था। जानकारी के मुताबिक करीब 20 किलोमीटर घाट सेक्शन से गुजरने के दौरान मालगाड़ी का ब्रेक फेल हो गया। ढलना अधिक होने के कारण मालगाड़ी की रफ्तार अधिक थी। चालक द्वारा उसकी गति कम करने का काफी प्रयास किया गया, परंतु गुरपा स्टेशन के पास पहुंचते मालगाड़ी बेपटरी हो गयी। जानकारी के अनुसार 58 बोगी वाले इस मालगाड़ी के अगले हिस्से में इंजन एवं एक बोगी जबकि पिछले हिस्से के 5 बोगी सही सलामत हैं। अन्य बोगी को काफी नुकसान पहुंचा है।



इस दुर्घटना में चालक एवं गार्ड सही सलामत हैं। वहीं दुर्घटना के कारण अप एवं डाउन रेल खंड पर परिचालन पूरी तरह बाधित हो गया है। घटना की सूचना मिलने पर रेलवे के वरीय पदाधिकारी और राहत एवं बचाव दल पहुंच गए और ट्रैक को ठीक करने में जुट गए। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण भी जुटे हुए हैं।

वहीं कोडरमा, गोमो, पारसनाथ समेत विभिन्न स्टेशनों पर सवारी एवं एक्सप्रेस ट्रेन फंसी रही। वहीं कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन कर एवं आंशिक समापन कर चलाया जा रहा है।

**ट्रेनों का आंशिक समापन :** धनबाद से प्रस्थान करने वाली 13305 धनबाद-डेहरी ऑन सोन इंटरसिटी एक्सप्रेस का आंशिक समापन नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो में। आसनसोल से प्रस्थान करने वाली 13553 आसनसोल-वाराणसी एक्सप्रेस का आंशिक समापन धनबाद में। गया से प्रस्थान करने वाली 13546 गया-आसनसोल एक्सप्रेस का आंशिक समापन टनकुप्पा में। आसनसोल से प्रस्थान करने वाली 13545 आसनसोल-गया नहीं चलेगी।

**ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन :** हावड़ा से प्रस्थान करने वाली 12381 हावड़ा-नई दिल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया आसनसोल-झाझा, पटना-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. के रास्ते। कोलकाता से प्रस्थान करने वाली 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया आसनसोल-झाझा, पटना-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. के रास्ते। पटना से प्रस्थान करने वाली 12365 पटना-रांची एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया गया-डेहरी ऑन सोन-गढ़वा रोड-टोरी के रास्ते। कोलकाता से प्रस्थान करने वाली 12319 कोलकाता-आगरा कैंट एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया आसनसोल-झाझा, पटना-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. के रास्ते। बीकानेर से प्रस्थान करने वाली 12260 बीकानेर-सियालदह एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया गया-किऊल- झाझा के रास्ते। अजमेर से प्रस्थान करने वाली 12988 अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया गया- किऊल-झाझा के रास्ते। नयी दिल्ली से प्रस्थान करने वाली 12382 नई दिल्ली-हावड़ा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया गया- किऊल- झाझा के रास्ते। जम्मूतवी से प्रस्थान करने वाली 13152 जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया गया-किऊल- झाझा के रास्ते। आनंद विहार टर्मिनस से प्रस्थान करने वाली 12444 आनंद विहार टर्मिनस-हल्दिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं.-पटना-झाझा-आसनसोल के रास्ते। नयी दिल्ली से प्रस्थान करने वाली 12802 नई दिल्ली-पुरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया डेहरी ऑन सोन-गढवा रोड-बरकाकाना-मुरी के रास्ते। ट्रेन संख्या 12365 पटना - रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग गया - गोमो - बोकारो स्टील सिटी - रांची के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गया - डेहरी ऑन सोन - गढ़वा रोड - टोरी - रांची होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 12366 रांची - पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग रांची - बोक्रो स्टील सिटी - गोमो - गया के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रांची - टोरी - गढ़वा रोड - डेहरी ऑन सोन - गया होकर चली।

# हार्न बजाया तो युवकों ने फोड़ दी आंख




गाड़ी साइड करने को लेकर शुरू हुआ था विवाद

आरोपियों ने कहा, आंख तो फूट गयी अब कैसे पहचानोगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में रोड रेज की एक दर्दनाक घटना सामने आयी है। इस घटना में युवकों ने एक व्यक्ति की आंख फोड़ दी। गाड़ी किनारे करने को लेकर शुरू हुआ विवाद झगड़े तक पहुंचा और युवकों ने दूसरे व्यक्ति की आंख फोड़ते हुए कहा, आंख होगी तब हमें पहचानोगे ना।

### रोड रेज में बढ़ा विवाद

घटना रांची के सुखदेव नगर थाना की है। घायल व्यक्ति का अस्पताल में इलाज चल रहा है। सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के संयोगा स्टोर के पास गाड़ी किनारे लगाने को लेकर विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि युवकों के एक ग्रुप ने रवि शंकर राम की आंख पर रॉड से हमला कर दिया, जिससे युवक की आंख पर गंभीर चोट आयी है। उसे दिखायी देना बंद हो गया। घायल रवि शंकर राम को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में पीड़ित रविशंकर ने अंकुर सिन्हा, सोनू, दीपक के अलावा पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

### क्या है एफआइआर में

इस पूरे मामले को लेकर सुखदेवनगर थाने में की गयी शिकायत में बताया गया है कि रवि हेसल स्थित देवी मंडप रोड में रहते हैं। रात में वह दुकान से अपने घर जा रहे थे। संयोगा स्टोर के पास एक टेंपो में आठ-दस युवक प्रतिमा लेकर जा रहे थे। इस रास्ते में जाम लगा था। साइड के लिए उसने हॉर्न बजाया, तो टेंपो चालक ने टेंपो साइड कर दी। इसके बाद टेंपो में सवार युवक गाड़ी से उतरे और उनके साथ उलझ गये और उनकी जमकर पिटाई कर दी।

### पुलिस कर रही है जांच

इन आरोपियों ने उसकी आंख पर भी वार किया, जिससे आंख में गंभीर चोट आयी। बदमाशों ने उनके पॉकेट से 43 सौ रुपये भी निकाले हैं। बदमाशों ने कहा कि आंख तो फूट गयी, अब कैसे पहचानोगे। इस पूरे मामले को लेकर सुखदेवनगर थाने की पुलिस जांच में जुट गयी है।

## नम आंखों के साथ दी गयी मां को विदाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची में स्थापित मां काली की प्रतिमा का देर शाम विभिन्न तालाब घाटों में नम आंखों के साथ की गयी विसर्जन हुई। इस दौरान जय जय अंबे जय जगदंबे एवं जय माता दी की उद्घोष से वातावरण के साथ विभिन्न टोला मोहल्ला में प्रतिमा का भ्रमण कराकर विसर्जन हुआं। वहीं महिलाओं ने मनोकामना एवं मनवांछित फल प्राप्ति हेतु विभिन्न घाटों में विदाई गीत एवं मां काली का आरती गाकर मां को विदाई दी। इधर, काली पूजा कमेटी की ओर दिन में भंडारा का आयोजन किया गया है। मूर्ति विसर्जन के दौरान कई श्रद्धालु भक्तों ने भाग लिया।

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सं. 12-SBP-TRD-OT-2022-23
दिनांक : 20.10.2022

**कार्य का नाम :** 01 वर्ष की समयावधि के लिए संबलपुर मण्डल में जूनियर इंजीनियर/TRD/ रेंगाली एवं सीनियर सेक्शन इंजीनियर/TRD/ बरगढ़ रोड के अधिकार क्षेत्र में OHE रख-रखाव कार्यकलाप एवं अन्य OHE संबंधित कार्य।

**अनुमानित लागत :** ₹1,27,19,420.52, EMD : ₹2,13,600/-, निविदा दस्तावेज कि लागत: ₹5,900/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 01 वर्ष।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** 11.11.2022 को 1530 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRD), सम्बलपुर
PR-637/N/22-23

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं. SBP-ELECT-2022-T-148

**कार्य का नाम :** (क) सम्बलपुर मण्डल के सम्बलपुर एवं टिटिलागढ़ स्टेशन में प्रत्येक में 02 लिफ्ट का प्रावधान। (ख) कोचिंग डिपो, सम्बलपुर में IOH के विस्तार एवं बायो टैंक के रख-रखाव और परीक्षण के संबंध में इलेक्ट्रिकल कार्य।

**कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 7,11,215.00, EMD : ₹ 14,200/-, कार्य पूरा होने की अवधि : स्वीकृतिपत्र जारी होने कि तिथि से 6 महीने।

**निविदा खुलने की तिथि व समय :** दिनांक 14.11.2022 को 1630 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पन्द्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (सा) / सम्बलपुर
PR-641/N/22-23

# श्री गुरु नानक देव के 553वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी की हुई शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अमृत वेले कृष्णा नगर कालोनी, रातू रोड की गलियां श्रद्धालुओं द्वारा की गयी साफ सफाई से चकाचक हो गयीं तथा सतनाम श्री वाहेगुरु तथा बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारे से गुंजायमान हो गयीं। धीरे-धीरे सैकड़ों की संख्या मे श्रद्धालु गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा निकाली गयी प्रभातफेरी से जुड़ते चले गये।

प्रभातफेरी सुबह 5.15 बजे गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिउड़ी गेट से निकल कर भगवान दास गाबा, सुंदरदास मिड्ढा, द्वारकादास मुंजाल, चंदू गिरधर, अशोक गेरा, जीतू काठपाल, ओमप्रकाश बरेजा, सुभाष मिड्ढा, लक्ष्मण अरोड़ा, पुरुषोत्तम थरेजा की गलियों एवं भगत सिंह मिड्ढा के आवास के सामने से होते हुए गुरुद्वारा साहिब के पार्किंग गेट पहुंच कर सुबह 7:30 बजे विसर्जित हो गयी। कीर्तन मंडली के सुंदर दास मिड्ढा, इंदर मिड्ढा, पाली मुंजाल, रमेश पपनेजा, जीतू काठपाल, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, मंजीत कौर, नीता मिड्ढा, बबीता पपनेजा, रेशु गिरधर, ममता खत्री, इंदु पपनेजा ने कल तारण गुर नानक आया, मिट्टी धुंध जग चानन होआ... तथा नानक नाम चढ़दी कला तेरे भांड़े सरबत दा भला... जैसे अनेक शबद गायन कर गुरुनानक देव जी की महिमा का गुणगान किया।



सरदार भूपिदंर सिंह ने निशान साहिब उठा कर फेरी की अगुवाई की तथा मनीष मिड्ढा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने कुशल क्षेम की अरदास की। फेरी में द्वारका दास मुंजाल, अर्जुन दास मिढा, अमरजीत गिरधर, जीवन मिड्ढा, अशोक गेरा, सोनू खुराना, जितेश बेदी, अनमोल अरोड़ा, पीयूष मिड्ढा, नरेश मक्कड़, सुभाष मिड्ढा, हरीश तेहरी, अमर मदान, जयराम काठपाल, मोहित मुंजाल, रौनक ग्रोवर, जगदीश मुंजाल, हरगोविंद सिंह, अश्विनी सुखीजा, कमल मुंजाल, आशु मिड्ढा, नवीन मिड्ढा, पवन खत्री, अनूप गिरधर, मनीष गिरधर, उमेश मुंजाल, कमल अरोड़ा, गौरव मिड्ढा, रमेश तेहरी, भगवान दास मुंजाल, ईशान काठपाल, सूरज झंडई, छोटू सिंह, अमन डावरा, राजेंद्र मक्कड़, मनीष मल्होत्रा, अशोक तेहरी, रूपा मिढ़ा, श्वेता मुंजाल, मंजीत कौर, रवि नागपाल, उषा झंडई, दुर्गी मिढा, खुशबू मिड्ढा, रानी तलेजा, बंसी मल्होत्रा, सपना काठपाल, बिमला मिड्ढा, मीना गिरधर, सावित्री दुआ, पायल मल्होत्रा, नीतू किंगर, गूंज काठपाल, अमर मुंजाल, ममता थरेजा, किरण अरोड़ा आदि शामिल थे।

# तीन रुपये की खातिर मां और दो बेटों को घोंपा चाकू, महिला की हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो के चास थाना क्षेत्र के हाजी नगर में तीन रुपये के मामूली विवाद में महिला की चाकू से गोद कर हत्या कर दी गयी। महिला को बचाने आये उसके दोनों बेटों को भी चाकू से वार कर घायल कर दिया। दोनों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद चास पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गयी है। चास थानेदार मोहम्मद रुस्तम ने आपसी विवाद में घटना को अंजाम देने की बात कही है। घायलों के बयान के आधार पर पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस ने आरोपी के पिता को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार की शाम दुकान में तीन रुपये के लिए पीड़ित और आरोपियों के बीच विवाद हुआ था। मामले को बीती शाम को ही सुलझा भी लिया गया था, लेकिन जब नजमा उर्फ लैला ने आरोपी मोहम्मद जाकिर को इस तरह के विवाद में नहीं पड़ने की सलाह दी तो, उसे गुस्सा आ गया। इसी दौरान उसने महिला को पकड़ लिया और उसके साथी गुड्डू अंसारी ने महिला पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया। महिला को चाकू मारता देख उसके दोनों बेटे उसे बचाने पहुंचे। आरोपियों ने उन दोनों को भी चाकू मार कर घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने आनन-फानन में महिला को और दोनों बेटों को अस्पताल पहुंचाया, जहां महिला को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि दोनों बेटों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घायलों का नाम मुमताज आलम और इम्तियाज आलम है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 27 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com



## कॉसमॉस यूथ क्लब, लालपुर के मां काली पूजन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# मां काली हम सभी को जिंदगी में आने वाली चुनौतियों से निपटने की शक्ति दें : हेमंत सोरेन

**मां काली की पूजा-अर्चना कर राज्य एवं राज्यवासियों के विकास, सुख -शांति -समृद्धि और खुशहाली की कामना की।**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को कॉसमॉस यूथ क्लब, लालपुर द्वारा आयोजित मां काली पूजन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने मां काली की पूजा-अर्चना कर राज्य एवं राज्यवासियों के विकास, सुख -शांति -समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी के जिंदगी में कई चुनौतियां आती रहती हैं। मां काली इन चुनौतियों से निपटने की शक्ति हम सभी को दें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि भारत विविधताओं वाला देश है। हमारे यहां हर धर्म -मजहब के लोग आपसी भाईचारा, प्रेम और सद्भाव के साथ रहते आ रहे हैं। हर धर्म के पर्व त्योहारों में हम सभी सम्मिलित होकर खुशियों को बांटते हैं। दरअसल हमारे देश में सदियों से त्योहारों को हर्षोल्लास और खुशी के साथ मनाने की परंपरा चली आ रही है। हम सभी को इस परंपरा को और मजबूत करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी पर्व त्योहारों का मौसम चल रहा है। दशहरा और दिवाली मना चुके हैं और अब सोहराय, छठ महापर्व और बड़ा दिन समेत कई और पर्व त्योहारों को मनायेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पिछले 2 सालों तक कोविड-19 महामारी की वजह से पर्व -त्योहारों के आयोजन पर खासा असर पड़ा था। लेकिन, अब कोरोना महामारी से निपटने के बाद सभी पर्व -त्योहारों को पूरे हर्षोल्लास और भव्य रूप से मना रहे हैं। कोरोना जैसी महामारी को हम झेल चुके हैं। आने वाली पीढ़ी को इस तरह की महामारी के दौर से नही गुजरना पड़े, यह मां काली से कामना करते हैं।

## मुख्यमंत्री ने सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खींचवा कर नेत्रदान को दिया बढ़ावा




**रांची।** कॉसमॉस क्लब में काली पूजा के अवसर पर नेत्रदान को बढ़ावा देने के लिए पंडाल में नेत्रदान जागरूकता के पोस्टर लगाये गये हैं। सेल्फी प्वाइंट भी रखा गया है। युवाओं में और बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। तरह-तरह से आइ डोनेशन की अभिव्यक्ति वाले पोज बना कर वह फोटो खींचवा रहे हैं और नेत्रदान का फॉर्म भर रहे हैं। यह काम मंगलवार से काली पूजा पंडाल में शुरू हुआ है। बुधवार को शाम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खींचवा कर नेत्रदान को बढ़ावा दिया। मुख्यमंत्री के नेत्रदान की सेल्फी नेत्रदान के लिए झारखंड में बड़ा संदेश दे रहा है। अभी तक कुल 95 लोगों ने नेत्रदान का शपथ पत्र भरा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रन फॉर विजन के दौरान नेत्रदान का शपथ पत्र भरा था, जब वह उपमुख्यमंत्री थे।

## मां काली की प्रतिमा का विसर्जन 28 को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जय मां काली पूजा समिति के तत्वावधान में संध्या सात बजे 501 महिलाओं द्वारा महाआरती का आयोजन किया गया है। महाआरती के लिए सभी महिलाएं एक ही पोशाक पर दिखेंगी और सभी के हाथ में मां काली के आरती के थाल होगी। साथ ही साथ आज मां का महाभोग भी आयोजन किया गया। जय मां काली पूजा समिति के पुरानी हवेली भुतहा महल दर्शनार्थियों को अधिक भा रहा है, इसलिए समिति ने निर्णय लिया है कि विसर्जन अब 28 अक्टूबर को होगा। जय मां काली पूजा समिति के सफल पूजा आयोजन के लिए मुख्य रूप से मुख्य मुख्य संरक्षक बसंत चंद्रवंशी, संरक्षक किशन लोहिया,



डब्ल्यू वर्मा, महेंद्र वर्मा, दीपक वर्मा, मुख्य सलाहकार कुमोद कुमार वर्मा, संयोजक दीपू सिंह, राजेश वर्मा एवं पूजा समिति के अध्यक्ष रिंकू वर्मा, महामंत्री सोनू मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष गोलू वर्मा, उपाध्यक्ष गोपी वर्मा, रोहित वर्मा, मोहित वर्मा एवं पूजा पंडाल प्रभारी निखिल वर्मा, आदर्श वर्मा, राज वर्मा, प्रेम वर्मा एवं राज महतो एवं सभी सदस्य शामिल हैं।

## 3100 महिलाओं ने मां काली की महाआरती की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मां भवानी क्लब, काली पूजा समिति, रॉक गार्डन, कांके रोड, रांची के भव्य पूजा का आयोजन हुआ। बुधवार को 3100 महिला भक्तों ने मां गंगा और मां काली की आरती की। इस आरती में सभी महिला भक्तों ने पारंपरिक वेशभूषा में एक स्वर में मां की आरती से कांके रोड का माहौल भक्तिमय हो गया। मां भवानी क्लब के अध्यक्ष बलराम सिंह ने मां के सभी भक्तों का धन्यवाद और अभिनंदन किया। कहा कि आरती को शक्ति स्वरुपा माताओं बहनों ने पूरे रांची के माहौल को एक दिव्य रूप दे दिया। कोरोना महामारी के बाद इस साल कांके रोड़ में मां भवानी क्लब, द्वारा मां काली का भव्य पूजन आयोजन किया जा रहा है।


इस भव्य आरती में मुख्य रूप से प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, रांची सांसद संजय सेठ, प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, रांची विधायक सीपी सिंह, कांके विधायक समरी लाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता, महामंत्री वरुण साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृपा शंकर सिंह, रमेश सिंह, माया सिंह



सिसोदिया, राजेंद्र केशरी, पुनीता राय, मां भवानी क्लब के उपाध्यक्ष विश्वजीत कुमार सिंह उपाध्यक्ष, राम लगन राम, उमेश सिंह सचिव, लालू मिंज उप सचिव, राकेश पांडेय उपाध्यक्ष, रविंद्र चौबे उपाध्यक्ष, नागेंद्र यादव उपाध्यक्ष, विकास रवि उपाध्यक्ष, महेश सिंह कोषाध्यक्ष और अरविंद प्रसाद गुप्ता सह कोषाध्यक्ष भाजपा महानगर के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी गण के साथ हजारों श्रद्धालुगण मौजूद थे।

## स्टूडेंट क्लब काली पूजा समिति की ओर से भव्य जागरण का आयोजन किया गया

# भक्ति भजन पर खूब झूमे श्रद्धालु



**मुख्य संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह ने किया उद्घाटन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** स्टूडेंट क्लब काली पूजा समिति, लालपुर ओर से काली पूजा का भव्य आयोजन किया गया। बुधवार को पूजा समिति की ओर से माता की भव्य जागरण का आयोजन किया गया, जिसका विधिवत उद्घाटन मुख्य संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान आयोजित भक्ति जागरण में श्रद्धालु देर रात तक जमकर झूमते रहे। भक्ति भजन पर श्रद्धालु खूब झूमे। भजन गायक कलाकार एक बढ़कर भक्ति गीत गाया गया। विशेष कर देश का बच्चा बच्चा जय श्री राम बोलेगा, चलो बुलाबा आया है, माता ने बुलाया है, तेरी मिट्टी में मिल जाबा जैसे गीतों पर लोगों को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। देर रात तक चले भक्ति जागरण के कार्यक्रम में श्रोता डुबकी लगाते रहे।

श्रद्धालुओं ने मां काली की पूजा-अर्चना कर सबके कल्याण की कामना की। इस अवसर पर बतौर अतिथि भाजपा नेता रमेश सिंह, आदित्य विक्रम जायसवाल, अरुण साहू, सुरेश सिंह, सुनील सिंह, जयनंदू, अमरेंद्र सिंह, प्रणव कुमार बब्बू, संजीव विजयवर्गीय, भैरव सिंह, शैलेंद्र सिंह शरीक हुए। इस आयोजन को सफल बनने में समिति के संतोष वर्मा, राजेश महतो, रवि वर्मा, सिद्धान्त सिन्हा, अविनाश पांडेय, अमित वर्मा, सुमित वर्मा, संतोष पासवान, उमेश, प्रेम सिंह, यस युवराज, युवराज, राहुल सिंह, सौरीख घोष, अमित कुमार, अशोक मेहता, उज्जवल सिन्हा और सानू कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## चीन में पढ़ाई कर रहे मेडिकल छात्र की साहिबगंज में संदेहास्पद मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले के जिरवाबाड़ी ओपी अंतर्गत सकरुगढ़ मोहल्ले में एक बंद मकान में बुधवार की सुबह मेडिकल छात्र का शव मिला। लोग उसकी मौत को संदेहास्पद बता रहे हैं। रमन कुमार सिन्हा का 24 वर्षीय पुत्र शशांक राज चीन के एक कॉलेज से मेडिकल की पढ़ाई कर रहा था। बीते दिनों वहां हुए लॉकडाउन में वह अपने घर आया था। उसके बाद घर से ही ऑनलाइन क्लास कर रहा था। घटना के वक्त घर में केवल पिता-पुत्र थे। मामले में मृतक के पिता रमन कुमार सिन्हा ने जिरवाबाड़ी ओपी में मामले की जांच को लेकर आवेदन दिया है। जानकारी के अनुसार, सकरुगढ़ मोहल्ले में सुनील यादव के मकान में बीते पांच वर्ष से रमन सिन्हा का परिवार बतौर किराएदार रह रहा है। मकान मालिक ने ही मौत की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलने पर जिरवाबाड़ी ओपी की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस ने शशांक राज के कमरे में पलंग से एक निजी चिकित्सक का पर्चा एवं सुसाइड नोट बरामद किया है। मृत युवक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भिजवाया।

### धनबाद से बहन ने कॉल कर कहा- मेरे भाई का इलाज करवाइए...

रमन सिन्हा का परिवार मूल रूप से बिहार के सुपौल का रहनेवाला है। वह मत्स्य विभाग में कार्यरत थे। रिटायर होने के बाद वह साहिबगंज में किराये के मकान में रह रहे हैं। एक साल पहले पत्नी का निधन हो चुका है। बेटा शशांक चीन में रहकर पढ़ाई कर रहा था, जबकि बेटी की धनबाद में शादी हो चुकी है। मंगलवार की रात उसी ने कॉल कर मकान मालिक की पत्नी को कहा कि मेरे भाई की तबीयत खराब है। उसका इलाज करवाइए। मकान मालिक सुनील कुमार यादव की पत्नी ने बताया कि जानकारी मिलने पर रात में ही हम सबने रमन सिन्हा के घर का दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन काफी आवाज लगाने के बाद भी किसी ने दरवाजा नहीं खोला। सुबह पुलिस को जानकारी दी गयी। जिरवाबाड़ी ओपी प्रभारी चिरंजीत प्रसाद ने घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन की। उन्होंने बताया कि मामला संदिग्ध है। जल्द ही मौत के कारण का पता लगा लिया जायेगा।

## कुजू में जंगली हाथी की मौजूदगी से लोगों में दहशत



**कुजू (आजाद सिपाही)।** करीब एक सप्ताह से लगातार कुजू सहित आसपास के जंगली क्षेत्रों में झुंड से बिछड़े एक हाथी के भटकने से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। ओपी क्षेत्र के करमा जंगल की तरफ से चलकर आया अकेला हाथी कुंदरिया, शिबू टोला, मुरपा से सटे पांच नंबर खदान, डूमरबेड़ा होते हुए बोंगाहारा तक जाकर पुनः मंगलवार की देर शाम को कुजू कोलियरी से सटे जंगल में डेरा डाले हुए है। मंगलवार को बंदराचुआं एवं तीन नंबर के ग्रामीणों को इस अकेले हाथी के वहां मौजूद रहने की खबर मिली। वहीं, उसी रात यह बंदराचुआं से ठीक पूरब स्थित कुजू कोलियरी पानी टंकी के पास स्थित घने वन क्षेत्र में चहल कदमी करता मिला। हाथी के इस तरह जहां-तहां घूमने के कारण आसपास के ग्रामीणों में भय का माहौल है। वहीं, वन विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी बिल्कुल मूकदर्शक बने बैठे हैं। सिर्फ एक दिन रेंजर केदार राम सदल बल ग्रामीणों को हाथी से बचकर रहने की सलाह देते नजर आए।

## सम्मान समारोह कार्यक्रम को लेकर उज्ज्वला फाउंडेशन ने की बैठक




**कुजू (आजाद सिपाही)।** आगामी 8 नवंबर को उज्ज्वला फाउंडेशन द्वारा आयोजित किये जाने वाले सम्मान समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर फाउंडेशन के सदस्यों ने बोंगाबार फोरलेन स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स में बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से फाउंडेशन अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति मौजूद रहे। बैठक के दौरान सम्मान समारोह कार्यक्रम की सफल तैयारी सहित विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक चर्चा की गई। बैठक के दौरान अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने बताया कि आगामी 8 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सांसद जयंत सिन्हा के हाथों सम्मान समारोह कार्यक्रम समेत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के गरीब विधवा, वृद्धा एवं दिव्यांग जनों का सम्मानित कर अंग वस्त्र प्रदान किया जाएगा। बैठक का संचालन कर रही फाउंडेशन सचिव शीला कुमारी ने कहा कि आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से 200 से अधिक की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों का सम्मान किया जाएगा।बैठक में आशा कुमारी, मनसरी देवी, कौशल्या देवी, सुमन देवी, शांति देवी, सुनीता देवी, किरण देवी, देवंती देवी, संगीता देवी, मीनू देवी, पूनम देवी, बसंती देवी, सोनी देवी, बबीता देवी, रीना देवी, सावित्री देवी, संध्या देवी मौजूद रहे।

## झकोमयू कुजू कोलियरी शाखा ने प्रबंधन को सौंपा 15 सूत्री मांग पत्र



**कुजू (आजाद सिपाही)।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन कुजू कोलियरी शाखा के सचिव रामकुमार सिंह के नेतृत्व में कुजू कोलियरी प्रबंधन को 15 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर मुख्य रूप से झाकोमयू के सीसीएल कुजू क्षेत्रीय सचिव रामचंद्र वर्मा और शाखा अध्यक्ष संजय मरांडी शामिल रहे। सौपे गए मांग पत्र में परियोजना में कार्यरत मजदूरों का 11वां वेतन समझौता शीघ्र संपन्न कराकर लागू करने, परियोजना में कार्यरत कर्मचारियों को क्वार्टर आवंटित करने समेत अवैध ढंग से कब्जा किए गए क्वार्टर को खाली करा कर जर्जर क्वार्टर को मरम्मत कराने, झाकोमयू निबन्धन संख्या 291/22 सम्बधतः सीटू को पीसीसी हाउसिंग एवं अन्य कमेटियों में प्रतिनिधित्व करने, परियोजना से हुए विस्थापितों को वैकल्पिक रोजगार के तहत कोयला उत्पादन का 40% रोड सेल ई - ऑक्शन के माध्यम से रोजगार देने, कुजू कोलियरी में वर्षों से लगी आग को युद्ध स्तर तक बुझाते हुए सरकारी संपत्ति को बचाने की बात कही गयी है। इस दौरान यूनियन के शाखा सचिव रामकुमार सिंह ने प्रबंधन से अनुरोध करते हुए कहा कि हमारी मांगों का 15 दिनों के अंदर समझौता वार्ता कर लागू करें। अन्यथा धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में सहसचिव कान्दो मांझी, संयुक्त सचिव पन्नालाल मुर्मू, एतवा वास्के, अरुण गुप्ता, हिमेश महतो, परमेश्वर मांझी, कृष्णा हेंब्रोम, रामकिशुन मांझी, राजू मरांडी, विशुन उरांव, संतोषी देवी, अरशद अंसारी, सूदु मांझी शामिल रहे।

## पतरातू प्रखंड में इन सड़कों के निर्माण की मिली स्वीकृति

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** विधायक अंबा प्रसाद के लगातार प्रयासों से पतरातू प्रखंड के ग्राम घुटवा बजरंगबली मंदिर से मसमोहना साईं मंदिर तक लगभग 2 किलोमीटर की सड़क निर्माण की स्वीकृति हो गई है। उक्त सड़क निर्माण लगभग 99 लाख की लागत से हो रहा है जिसकी निविदा भी जारी कर दी गई है। इसके साथ ही ग्राम तालाटांड मुख्य पथ से तहसील होते हुए कुंबटोली तक लगभग 1 किलोमीटर की सड़क निर्माण के लिए भी निविदा जारी कर दी गई है तथा उक्त सड़क 95 लाख 94 हजार की लागत से स्थानीय विधायक के अनुशंसा पर ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा किया जाएगा। विधायक अंबा प्रसाद की ओर से बताया गया कि क्षेत्र के सभी हिस्सों में अधिक से अधिक नयी सड़कों और खराब पड़े सड़कों के जीर्णोद्धार कार्य को धरातल पर उतारने का काम किया जा रहा है। बड़कागांव विधानसभा विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, लोगों को सुगम पथ की सुविधा उपलब्ध हो यह हमारा लक्ष्य है। सड़कों के निर्माण की स्वीकृति हासिल होने पर ग्रामीणों में काफी खुशी का माहौल है और सभी ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के प्रति धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है।

## सोहराय पर्व संपन्न, मंदार की थाप में थिरके लोग

**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र में सोहराय बुधवार को सम्पन्न हो गया। महिला व पुरुषों ने आदिवासी संगीत और मांदर की थाप पर इस सोहराय पर्व का समापन किया। नृत्य करने वालों में सिर्फ बालाएं ही नहीं बल्कि हर उम्र की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मांदर की थाप पर देर रात तक लोग जमकर झूमे और गीत-संगीत का लुत्फ उठाया। क्षेत्र के हेमतपुर, सोसो कलां, मगनपुर, चोकाद,सुतरी,रोला, बरलंगा,डिमरा, सोकला, नेमरा,बरियातू, साड़म आदि गांव सोहराय के उल्लास के रंग में रंगा हुआ था। कई गांवों में बरद खूंटा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसको देखने के लिए लोगों की भिंड लगी रही।

## सौंदा बस्ती टिपला में काली पूजा को लेकर सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन



**भरकुंडा (आजाद सिपाही)।** श्रीश्री काली पूजा समिति के तत्वावधान में काली पूजा के पावन अवसर पर मंगलवार की रात्रि सौंदा बस्ती टिपला में सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर किया। इसके पूर्व पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित द्वारा मां काली की पूजा-अर्चना कराई गई। इस दौरान अंबा प्रसाद ने भी विधिवत काली मां की पूजा कर उनके समक्ष मत्था टेका और क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व अमन चैन की कामना की। इसके बाद सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य प्रस्तुत कर कलाकारों ने उपस्थित लोगों को रातभर झुमाए रखा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अमित कुमार साहू, बितका बाउरी, चंदन साव, दयानंद प्रसाद, विनोद साव, सुधीर साव, छोटू साव, सहित सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थें।

## लापता हरखनाथ का बनगडा के समीप मिला शव



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बनगडा महादेव मंदिर के उपर चाड़ा पहाड़ के समीप बुधवार को एक वृद्ध का शव मिला है। शव की शिनाख्त चैनगडा निवासी 60 वर्षीय हरखनाथ महतो के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार हरखनाथ महतो पिछले 20 अक्टूबर से लापता थें। इस बावत परिजनो ने भदानीनगर ओपी में गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया था। भदानीनगर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# फिर खतरे में पाक का लोकतंत्र

असाधारण आर्थिक चुनौतियों से गुजर रहे पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ चुनाव आयोग के हालिया आदेश ने देश का राजनीतिक माहौल और गरमा दिया है। बीते सप्ताह चुनाव आयोग की पांच सदस्यीय समिति ने इमरान खान पर भ्रष्ट आचरण का आरोप लगाते हुए एक संक्षिप्त आदेश में उन्हें किसी सार्वजनिक पद पर बैठने के अयोग्य करार दिया। चूंकि आयोग ने विस्तृत आदेश जारी नहीं किया था, इसलिए इसे लेकर असमंजस की स्थिति बन गयी कि इमरान खान पर यह रोक कितने समय के लिए लगी है और क्या उनके चुनाव लड़ने पर भी रोक है। स्वाभाविक ही इमरान ने आदेश को अदालत में चुनौती दी। इस्लामाबाद हाइकोर्ट ने आदेश को तत्काल खारिज करने या स्थगित करने का उनका अनुरोध तो मंजूर नहीं किया, लेकिन इतना जरूर स्पष्ट किया कि उन्हें चुनाव लड़ने के अयोग्य नहीं करार दिया गया है। कोर्ट के मुताबिक चुनाव आयोग का आदेश संसद के मौजूदा कार्यकाल भर के लिए है। इमरान खान और उनकी पार्टी पीटीआइ को इससे राहत की सांस लेने का एक मौका भले मिल गया हो, वहां सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जारी रस्साकशी इस घटना से और तेज हो गयी है। इमरान खान को चुनावी लड़ाई से बाहर करने की यह जानी अनजानी कोशिश विपक्ष की आक्रामकता को बढ़ा सकती है। जहां तक इमरान पर लगे आरोपों का सवाल है, तो पीएम के रूप में मिले तोहफों को बेचने और इससे मिले पैसों का हिसाब न देने की बात पहली नजर में गंभीर है। हालांकि इन तोहफों को बेचना पाकिस्तान में गैरकानूनी नहीं है, उसे छुपाना जरूर है। मगर किसी भी सूरत में इस कथित अपराध की आड़ में उन्हें चुनाव लड़ने के अयोग्य करार देने के प्रयासों का बचाव नहीं किया जा सकता। खास कर इसलिए भी कि सत्ता में रहते हुए इमरान चाहे जितने भी अलोकप्रिय और विवादित रहे हों, पद से हटाये जाने के बाद से उनकी लोकप्रियता का ग्राफ लगातार चढ़ते हुए पाया गया है। इसके सबूत इस बीच हुए उपचुनावों में भी मिलते रहे हैं। इसी महीने हुए उपचुनावों में आठ में से छह सीटों पर उनकी पार्टी ने जीत दर्ज की है। ऐसे में किसी भी आरोप के सहारे अगर इमरान खान को चुनावी प्रक्रिया से बाहर किया जाता है, तो संदेश यही जायेगा कि सत्तारूढ़ पक्ष ने उनकी लोकप्रियता के डर से यह काम करवाया। इससे जहां इमरान के पक्ष में चल रही सहानुभूति की लहर मजबूत हो सकती है, वहीं जन असंतोष के अलोकतांत्रिक राह पकड़ने का खतरा भी बढ़ सकता है। इतिहास के इस नाजुक मोड़ पर लोकतंत्र के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ पाकिस्तान की समस्याओं को कई गुना बढ़ा देगा। बेहतर होगा कि पाकिस्तान जनाकांक्षाओं की अहिंसात्मक और लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति को बाधित किये बगैर अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास जारी रखे।

**इतिहास के इस नाजुक मोड़ पर लोकतंत्र के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ पाकिस्तान की समस्याओं को कई गुना बढ़ा देगा। बेहतर होगा कि पाकिस्तान जनाकांक्षाओं की अहिंसात्मक और लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति को बाधित किये बगैर अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास जारी रखे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**तकनीकी रूप से सुनक पाकिस्तान में जन्मे उनके पूर्वजों की संतान है, जहां पर लोग आश्चर्य कर रहे हैं कि एक पाकिस्तान के मूल निवासी को राष्ट्राध्यक्ष का पद मिल सकता है! संक्षेप में कहें तो भारत और पाकिस्तान दोनों भावनाओं में बहने वाले देश हैं, जहां होश से ज्यादा जोश की बात की जाती है। दोनों देशों में एक बात यह कॉमन है कि दोनों को इस बात की चिंता नहीं है कि अंग्रेजों ने 200 वर्षों तक तत्कालीन भारत को गुलाम बना कर क्यों रखा था, उसके मूल कारण क्या थे?**

# राजतिलक नहीं हुआ है प्रधानमंत्री सुनक का



सुनील बादल

ब्रिटेन के नये प्रधानमंत्री भारतवंशी ऋषि सुनक का कार्यभार संभालना ब्रिटेन से ज्यादा भारत में चर्चा का विषय बना हुआ है। गुजरांवाला जो पाकिस्तान में है वहां लगभग 42 वर्ष पहले जन्मे सुनक के परिजन ब्रिटेन में बस गये थे और सुनक के जन्म से लेकर शिक्षा दीक्षा ब्रिटेन में ही हुई है।

उनकी सनातनी धार्मिक मान्यता, नाम और भारत में ससुराल को छोड़कर उनकी पहचान एक ब्रिटिश नागरिक की है, लेकिन यहां कई समूहों में क्रिया प्रतिक्रिया हर्ष और बयानों की बौछार विशेष तौर पर सोशल मीडिया पर हो रही है। यहां ध्यान देने की बात है कि ऋषि सुनक का कोई राजतिलक नहीं हुआ है, बल्कि वह एक चुने हुए प्रधानमंत्री है, जो इनकी इनकी पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री द्वारा देश की बिगड़ी हुई अर्थव्यवस्था को संभालने में नाकाम रहने के बाद इन्हें जिम्मेदारी मिली है। इस प्रकार एक योग्य अर्थशास्त्री को एक नौकरी की तरह एक जिम्मेदारी मिली है कि वह ब्रिटेन की खराब अर्थव्यवस्था को अपने सुधारवादी उपायों से पटरी पर ला सकें, जबकि भारत का एक बहुत बड़ा समूह जिन्हें समाचारों में बने रहने के लिए मुद्दों की तलाश रहती है, इसे अल्पसंख्यक बहुसंख्यक और सुनक के सनातनी होने जैसे अनेक मुद्दों को लेकर जो सक्रियता दिख रही है, वह बहुत हद तक हास्यास्पद है।

**अगर हमें विकसित देश बनना है, तो हमें अपने नेताओं और राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने में योग्यता को ही मापदंड बनाना चाहिए।**



ब्रिटेन में सनातन धर्म में विश्वास करने वाले ऋषि सुनक को प्रधानमंत्री इसलिए नहीं बनाया गया कि वह एक हिंदू हैं, बल्कि उनके अंदर यह योग्यता देखी गयी कि वह उस देश का नेतृत्व कर आर्थिक संकट से उसे उबार सकते हैं। इसी प्रकार अगर हमें विकसित देश बनना है, तो हमें अपने नेताओं और राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने में योग्यता को ही मापदंड बनाना चाहिए अन्यथा हमें उन कारणों को समझना पड़ेगा, जिस कारण हम हजारों साल तक विदेशियों के गुलाम रहे।

तकनीकी रूप से सुनक पाकिस्तान में जन्मे उनके पूर्वजों की संतान है, जहां पर लोग आश्चर्य कर रहे हैं कि एक पाकिस्तान के मूल निवासी को राष्ट्राध्यक्ष का पद मिल सकता है! संक्षेप में कहें तो भारत और पाकिस्तान दोनों भावनाओं में बहने वाले देश हैं, जहां होश से ज्यादा जोश की बात की जाती है। दोनों देशों में एक बात यह कॉमन है कि दोनों को इस बात की चिंता नहीं है कि अंग्रेजों ने 200 वर्षों तक तत्कालीन भारत को गुलाम बना कर क्यों रखा था, उसके मूल कारण क्या थे? आपसी वैमनस्य और जातीय अहंकार में डूबे हुए दोनों देशों के नागरिक आज भी उसी मानसिकता के शिकार हैं और सुनक के प्रधानमंत्री बनने को अपनी विजय के रूप में देख रहे हैं, जबकि सुनक तीसवें ऐसे व्यक्ति हैं, जो मूलतः भारतवंशी हैं और दूसरे देश में राष्ट्राध्यक्ष बने हैं। वर्तमान में उनके सहित 7 देशों के राष्ट्राध्यक्ष भारतवंशी हैं। अब यह कोई बड़ी बात इसलिए नहीं मानी जा सकती, क्योंकि लाखों की संख्या में प्रतिभावान विद्यार्थी अच्छी पढ़ाई करने के बाद भारत में नौकरी या व्यवसाय में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने पर या निराश होने पर विदेशों का रुख करते रहे और आज भी कर रहे हैं और वहां शीर्ष पदों को संभालते रहे हैं। नॉबेल पुरस्कार विजेता भारतवंशी डॉ खुराना पर गर्व करनेवाले यह नहीं बताते कि उन्हें तीन सौ की नौकरी यहां नहीं मिली थी।

अब जो भारतवासी इस बात पर फूले नहीं समा रहे कि एक भारतवंशी गुलाम देश का नागरिक वहां का राष्ट्राध्यक्ष बन गया, उन्हें इस बात को समझना चाहिए कि प्रधानमंत्री का पद कोई राजा का पद नहीं होता, जिसका राजतिलक किया गया हो, बल्कि एक काम सौंपा जाता है, जिम्मेदारी होती है, जैसे नौकरी में किसी को रखा जाता है और वह व्यक्ति संसद के प्रति उत्तरदाई होता है, जैसे किसी भी देश के प्रधानमंत्री तानाशाह नहीं होते, बल्कि संसद के प्रति उत्तरदायी होते हैं और संसद की सहमति के आधार पर ही फैसले किये जाते हैं। इस बारीकी को आज भी नहीं समझने वाले लोग भारत को विकसित देश बनने से कहीं न कहीं रोक रहे हैं। एक बहुत बड़ा वर्ग जो अल्पसंख्यक राजनीति का पक्षधर है, वह यह मांग कर रहा है कि भारत में भी एक एक वर्ग विशेष के अल्पसंख्यक को राष्ट्राध्यक्ष बनाया जाये, उसका जवाब देते हुए भारत के सत्ताधारी दल के प्रवक्ता यह कह रहे हैं कि जिन 7 राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यक हैं, वहां तब हिंदुओं को अल्पसंख्यक मान कर मुख्यमंत्री क्यों नहीं बनाया जाये। यहां उत्तरदाई प्रशासन, योग्य प्रशासक और लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुने गये व्यक्ति की बात ही नहीं हो रही है। लग रहा है जैसे किसी को नामित कर प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति बना दिया जाये। हम सभी चाहते हैं कि हम अपने जीवन में जो भी कार्य करने के लिए जायें, उसमें हमें सफलता मिले हमारे काम सुगमता से हो जायें, लेकिन उसका नेतृत्व करने वाले हमारी ही जाति, हमारे ही धर्म के लोग हों। अब जाति और धर्म के आधार पर अगर लोगों को प्राथमिकता दी जाती रहेगी, तो वहां गुणवत्ता की योग्यता की बात नहीं होनी चाहिए और इस आधार पर हम विकसित देशों की श्रेणी में खड़े होने का सपना शायद नहीं देख पायेंगे। ब्रिटेन में सनातन धर्म में विश्वास करने वाले ऋषि सुनक को प्रधानमंत्री इसलिए नहीं बनाया गया कि वह एक हिंदू हैं, बल्कि उनके अंदर यह योग्यता देखी गयी कि वह उस देश का नेतृत्व कर आर्थिक संकट से उसे उबार सकते हैं। इसी प्रकार अगर हमें विकसित देश बनना है, तो हमें अपने नेताओं और राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने में योग्यता को ही मापदंड बनाना चाहिए अन्यथा हमें उन कारणों को समझना पड़ेगा, जिस कारण हम हजारों साल तक विदेशियों के गुलाम रहे। अपने राष्ट्र के प्रति स्वाभिमान होना और उस पर गर्व करना अच्छी बात है, लेकिन उस पर यह भी ध्यान रखना चाहिए कि कहीं हम क्षेत्रीयता की संकीर्णता से तो नहीं बंधे हैं, जैसे शिवसेना और कांग्रेस पार्टी अधिकांशतः अपने नेताओं का चयन इसी आधार पर करती रही है कि वे परिवार विशेष के लोगों से जुड़े हों। अगर उस परिवार में योग्य व्यक्ति नहीं हों, तो भी क्या उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाना आवश्यक है। यदि हम इसी मानसिकता के साथ चलें, तो हमें भारत की धीमी गति के विकास, यहां की समस्याओं का समाधान नहीं होने की स्थिति में प्रश्न उठाने का कोई अधिकार नहीं होगा।

## जमशेदपुर की खबरें

### फुटबॉल टूर्नामेंट में शामिल हुए विधायक मंगल कालिंदी
# खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में जनकल्याण युवा समिति के द्वारा घोड़ाबाँधा फुटबॉल मैदान में एक दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित टूनार्मेंट में मुख्य अतिथि सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। समिति के द्वारा विधायक को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में राम जाने टीम रनरअप एवं कंमपुटा टीम विनर टीम हुए। विधायक ने जितने वाले सभी टीम को पुरस्कृत कर खिलाड़ियों का हौसला अफजाई की। मौके पर विधायक ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के टूनार्मेंट आयोजन करने से खिलाड़ियों अपने प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। इससे खिलाड़ियो का मनोबल ऊंचा होता और उनका प्रतिभा भी सामने दिखता है। विधायक ने मौके पर आयोजकों की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रोसाहित किया। मौके पर जनकल्याण युवा समिति के अध्यक्ष विक्टर सोरेन, सचिव दीपू गोराई, झामुमो नेता सोमेस सोरेन, समाजसेवी मदन गोराई, ग्राम प्रधान राम सोरेन, झामुमो के बरिष्ठ नेता रविशंकर चौबे जी, बिक्रम सिंह, रजत प्रसाद, राकेश गोराई, शुनिल गोराई, बाप्पी गोराई, लाल बाबू, जयराम महतो, तपन गोराई, सितराम बाउरी, बिनीत जयसवाल, अभिनव सिंह सहित कमिटी के सैकड़ो सदस्य उपस्थित रहे।

### टेल्को में पंडाल परिसर में मिला पशु का सिर
# प्रशासन ने 28 अक्टूबर को बुलायी बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के टेल्को थानांतर्गत 28 नंबर रोड स्थित उमा महेश्वरी काली पूजा पंडाल परिसर में बुधवार की सुबह पशु का कटा हुआ सिर मिला। बताया जाता है कि अराजक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की मंशा से पूजा पंडाल में पशु का कटा सिर फेंक दिया। हालांकि स्थिति नियंत्रित है. सुबह घटना के वक्त कमेटी के सदस्य वहां मौजूद नहीं थे. यह पूजा पंडाल टेल्को के क्वार्टर के बीच कॉलोनी में स्थित है। मामले की जानकारी मिलते ही हिंदूवादी संगठनों के नेता सहित टेल्को की कई काली पूजा कमेटी के लोग जुट गये और विरोध जताया। नेताओं ने ऐलान किया कि कार्रवाई होने तक टेल्को में तमाम काली पूजा कमेटी प्रतिमा विसर्जन नहीं करेगी। वहीं टेल्को थाना प्रभारी रणविजय शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बातचीत कर उपस्थित लोगों को समझाने का प्रयास किया. थाना प्रभारी ने सिटी एसपी एवं एसएसपी से मौके से ही बात की और वस्तुस्थिति से अवगत कराया। प्रशासन की ओर से बैठक कर उचित समाधान ढूंढने का प्रस्ताव आया। सर्वसम्मति से तय हुआ कि 28 नवम्बर को टेल्को के सबुज कल्याण संघ हॉल में टेल्को थाना द्वारा बैठक बुलाई जायेगी। बैठक में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों से अधिकारी मौजूद रहेंगे. वहीं हिंदूवादी संगठन के नेताओं सहित राजनीतिक पार्टियों से जुड़े स्थानीय प्रमुख नेता और थाना स्तरीय शांति समिति के लोग मौजूद रहेंगे। बैठक में अपेक्षित लोगों को थाना स्तर से सूचित किया जायेगा। इस दौरान चिंटू सिंह, अरुण सिंह, अंकित आनंद, ओम प्रकाश सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, पप्पू मिश्रा, बलबीर मंडल, अप्पू तिवारी, कन्हैया कुमार, नीरज पांडेय, धनजीत दूबे, जय नारायण सिंह सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग और हिंदुवादी संगठन से जुड़े नेता एकत्रित हुए थे।

### गुड़ाबांदा में शॉर्ट हैंड नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ



**गुड़ाबांदा (आजाद सिपाही)।** गुड़ाबांदा प्रखंड के बालिजूड़ी पंचायत के बालिजूड़ी गांव में ब्रदर 11 क्रिकेट टीम द्वारा आयोजित एक रात्रि व्यापी क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने फीता काट कर और बल्लेबाजी कर किया। डॉ गोस्वामी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सभी खिलाड़ियों को जीत के लिए शुभकामनायें दी। उन्होंने युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद पर भी ध्यान देने को कहा। क्योंकि खेल के क्षेत्र में भी कई युवा अपना कैरियर बना रहे हैं। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री सुमंत श्यामल, बिल्टु प्रधान, गुरुचरण मांडी, प्रशांत बेरा, सुधांशु पांडा, शिवशंकर पात्र, एकादशी घोष, यदुनाथ हांसदा, कमेटी के सदस्य झंटू पांडा, सुब्रत राणा, गौतम सीट, रहीम देहुरी, राकेश पांडा, रूपम पांडा, सुदन बारीक, मानिक सिंह, उत्तम सीट, राकेश देहुरी, समीर राणा, उत्तम राणा, दीपेश सीट समेत अन्य उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहुंचेंगे ननिहाल, सोहराय पर्व के कार्यक्रम में होंगे शामिल



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सोहराय पर्व के मौके पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन व पूरे परिवार के साथ गुरुवार को ननिहाल पहुँचेंगे। सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल स्थित धातकीडीह मुख्यमंत्री के ननिहाल में विशेष तैयारियां की जा रही है। बुधवार को जिले के उपायुक्त अरवा राजकमल व जिला पुलिस अधीक्षक आनद प्रकाश समेत जिले के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री करीब दोपहर एक बजे चांडिल पहुंचेंगे। ननिहाल में संथाल समाज के सबसे बड़े त्योहार सोहराय पर्व में शामिल होकर पारंपरिक गोरू खुंटान कार्यक्रम का लुत्फ उठाएंगे। मौके पर मांदर बजाकर परिवार व ग्रामीणों के साथ पर्व की खुशियां मनायेंगे। उधर मुख्यमंत्री के ननिहाल धातकीडीह आगमन के पूर्व गुड़ पीठा,चकली पीठा,मालपुआ समेत कई स्वादिष्ट व्यंजन बनाया जा रहा हैं। वही सोहराय पर्व को लेकर धातकीडीह गांव में ग्रामीणों के बीच उत्साह का माहौल है। मुख्यमंत्री व उनके परिवार के आने की सूचना मिलने पर ग्रामीणों का उत्साह दोगुना हो गया है। मुख्यमंत्री के आगमन पर धातकीडीह गांव में पारंपरिक रीति रिवाज से गोरू खुंटान के लिए विशेष तैयारी किया गया।

# गोविंदपुर में जिला परिषद की पहल पर कृत्रिम छठ घाटों का निर्माण शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जिला परिषद संख्या 5 के सदस्य डॉ. परितोष सिंह के नेतृत में गोविंदपुर एवं आसपास के क्षेत्र में कृत्रिम छठ घाटों का निर्माण शुरू कर दिया गया। बुधवार को छठव्रत धारी संघ के अनुरोध पर जेसीबी के माध्यम से तीन तल्ला चौक, वीर शिवाजी पार्क एवं छोटा गोविंदपुर में कृत्रिम छठ घाट का निर्माण कार्य कराया जा रहा। मौके पर डॉ परितोष सिंह ने बताया गोविंदपुर एवं आसपास के क्षेत्र में लगभग 9 जगह में कृत्रिम छठ घाट का निर्माण किया जायेगा। स्थानीय कंपनियों के सहयोग से पानी टैंकर के माध्यम से शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही सभी छठ घाटों की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की जा रही है। सभी क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जायेगा। ताकि क्षेत्र के छठ व्रत भाइयों को किसी तरह की कोई परेशानी ना रहे।

### कमारीगोड़ा में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित
# दीपक बनकर निराशा के अंधकार को दूर करें युवा: डॉ गोस्वामी

आजाद सिपाही संवाददाता



**चाकुलिया।** चाकुलिया के कमारीगोड़ा में सार्वजनिक काली पूजा कमेटी की ओर से मंगलवार की शाम रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम का भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी और पद्मश्री जमुना टुडू ने दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया। जन समूह को संबोधित करते हुए डॉ गोस्वामी ने कहा कि दीपावली अंधेरे से प्रकाश के विजय प्राप्त करने का पर्व है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे दीपक बनकर निराशा के अंधकार को दूर करें। उन्होंने कहा कि दीपावली, बांदना और सोहराय खुशहाली का त्यौहार है। मंच पर पूजा कमिटी की और से डॉ गोस्वामी, पद्मश्री जमुना टुडू, शम्भूनाथ मल्लिक, शतदल महतो, हरिसाधन मल्लिक को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमिटी के सदस्य निर्मल दास, गौतम दास, मनोज दास,गणेश दास, परिमल दास, मृत्युंजय गोराई, मिथुन दास, कान्हाई मुर्मू, तापस दास, साहेब दास, पिंटू पाल, शिबू दत्ता समेत अन्य उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मां लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन के साथ दीपावली हर्षोल्लास से संपन्न



**मेराल (आजाद सिपाही)।** रोशनी की जगमगाहट व पटाखों की धूम-धड़ाके के बाद बुधवार को मां लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन के साथ की मेराल में हर्षोल्लास के साथ दीपावली संपन्न हो गया। इससे पहले सोमवार की रात्रि में मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर लोगों ने धन वृद्धि व सुखी परिवार की कामना की। लोगों ने एक दूसरे को प्रसाद देकर स्नेह बढ़ाया। वहीं बच्चों ने जमकर पटाखे का आनन्द लिया। साथ ही कई जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बता दें कि मंगलवार को सूर्य ग्रहण होने के कारण अधिकांश जगहों पर प्रतिमा विसर्जन नहीं किया गया। बुधवार को थाना मुख्यालय के पुरवारा टोला, नेनुआ मोड़, बाजार टोला से भव्य जुलूस निकाला गया। डॉ लाल मोहन, विजय प्रसाद ने बताया कि मेराल के सभी प्रतिमाओं का विसर्जन बाजार के प्राचीन शिव मंदिर तालाब में किया गया। मेराल के अतिरिक्त लातदाग, बाना, सोहबारिया, हासनदाग, लखेया, तेनार, संगबरिया, भेड़ियाही, गेरुआ, अधौरी, बिकताम, अरंगी सहित कई गांव में लक्ष्मी पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने की खबर है। सभी जगह की जुलूस में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के साथ नवयुवक नाचते गाते देखे गए। जुलूस में बड़ी संख्या मे महिला-पुरुष, बच्चे शामिल थे। थाना प्रभारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही।

### बीडीओ ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण, मांगा स्पष्टीकरण



**मेराल (आजाद सिपाही)।** बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ प्रवेश कुमार साव द्वारा बुधवार को प्रखंड के लखेया गांव के दो आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। नीरीक्षण के क्रम में लखेया रेहड़ा टोला आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका कांति देवी अनुपस्थित पायी गयीं जबकि डीह टोला आंगनबाड़ी केंद्र पर एक भी बच्चे उपस्थित नहीं पाये गये। बीडीओ द्वारा दोनों ही आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। निरीक्षण के दौरान 12:05 पर बीडीओ रेहड़ा टोला केंद्र पहुंचे जहां की सेविका बगैर छुट्टी के अनुपस्थित थीं तथा सहायिका अनड्रेस में पायी गयीं। इसके बाद डीह टोला केंद्र पर पहुंचे जहां सेविका प्रमिला देवी एवं सहायिका उपस्थित पायी गयीं, जबकि केंद्र में एक भी बच्चे नहीं थे। सेविका द्वारा बताया गया कि बच्चे कुछ देर पहले चले गए हैं जब निरीक्षण पंजी की जांच की गई तो एक भी बच्चे की उपस्थिति नहीं बनायी गई थी। दोनों केंद्र की सेविकाओं से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। निरीक्षण के दौरान प्रधान सहायक मुरारी मिश्र उपस्थित थे।

### थाना प्रभारी ने सभी छठ घाटों का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**मेराल (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर बुधवार को मेराल थाना प्रभारी नीतीश कुमार द्वारा थाना मुख्यालय के सभी छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने नेनुआ मोड़ सरस्वतीया नदी छठ घाट, बाजार टोला शिव मंदिर छठ घाट, स्टेशन रोड तालाब छठ घाट, हॉस्पिटल चौक सरस्वतीया नदी छठ घाट तथा मुडल टोला में यूरिया नदी छठ घाट का जायजा लिया। इस दौरान थाना प्रभारी ने पूजा समिति के लोगों को कई दिशा-निर्देश दिये। घाटों के निरीक्षण के दौरान पूजा समिति के पदाधिकारियों के साथ छठ घाट पर पहुंचने वाले सभी मार्गों की साफ-सफाई तथा लाईट, घाटों की साफ-सफाई, छठ व्रतियों के स्नान के लिए झरना, साउंड तथा घाटों पर भोलेंटियर की तैनाती समेत कई विषयों पर चर्चा हुई, ताकि छठ व्रती निर्मल मनसे भगवान भास्कर को अर्घ्य दे सकें। थाना प्रभारी ने बताया कि छठ घाटों पर विधि-व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ पुलिस प्रशासन हर प्रकार से छठ व्रतियों के सहयोग में मुस्तैद रहेगा। नेनुआ मोड़ छठ घाट निरीक्षण के दौरान मुखिया व पूजा समिति के संरक्षक रामसागर महतो, डॉ लाल मोहन, विजय प्रसाद सहित समिति के दर्जनों युवा साफ-सफाई में शामिल थे। जबकि बाजार टोला छठ घाट पर समिति के संरक्षक व भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, विनोद प्रसाद, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, तालो सोनी, व्यवसाई संघ के अध्यक्ष नवीन कुमार जयसवाल, अध्यक्ष सत्यम मल्होत्रा, अजय ठाकुर, अशोक मेहता, मनोज जायसवाल, नरेंद्र प्रसाद, सहित दर्जनों युवा साफ सफाई में लगे थे। वहीं स्टेशन रोड तालाब छठ घाट पर प्रेमचंद प्रसाद, कामेश्वर सिंह, पूर्व मुखिया व झामुमो के कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष सूर्य प्रकाश, संतोष सुमन, विष्णु कांत प्रसाद, विजय ठाकुर, विद्या ठाकुर, अरविंदा सिंह, सुनील कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह सहित कई लोग थे। वही मुडल टोला छठ घाट पर सुदर्शन चौधरी, सत्येंद्र चौधरी, वार्ड सदस्य विनोद चौधरी, महेंद्र चौधरी सहित दर्जनों लोग शामिल थे। सभी घाटों के निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी के साथ पुअनि संजय कुमार कुशवाहा, हवलदार वीरेंद्र कुमार के साथ पुलिस बल के जवान तथा मुखिया राम सागर महतो, संजय भगत शामिल थे।

**कार्यक्रम :** नपं अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने वार्ड नंबर 4 एवं 10 में दो योजनाओं का किया शिलान्यास

# सभी वार्डों में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है : विजयालक्ष्मी देवी

**छठ महापर्व को देखते हुए सभी वार्डों में छठ घाटों पर साफ सफाई का कार्य जारी है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** नपं क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 एवं 10 में 33 लाख 67 हजार की लागत से प्रस्तावित दो योजनाओं का शिलान्यास बुधवार को किया गया। शिलान्यास नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी, उपाध्यक्ष लता देवी एवं वार्ड पार्षद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

नपं अध्यक्ष ने कहा कि वार्ड 4 में लुईस तिर्की के घर से बिंदु तिर्की के घर तक पीसीसी पथ निर्माण एवं वार्ड 10 में पुराने शिव मंदिर से मुनी प्रसाद गुप्ता के घर तक आरसीसी नाली पटिया निर्माण के लिये शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास मुख्य उद्देश्य है। सभी वार्डों में विकास योजनाओं को धरातल पर उतार कर जनता को समर्पित किया जा रहा है।

नपं अध्यक्ष ने कहा कि छठ महापर्व को देखते हुए सभी वार्डों में छठ घाटों पर साफ सफाई का कार्य जारी है। नहाय खाय तक सभी घाट पूर्णरूपेण साफ-सफाई युक्त रहेंगे। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत सभी वार्डों में सोलरयुक्त जलमीनार का अधिष्ठापन नवंबर के पहले सप्ताह में किया जायेगा। जलमीनार लगने के बाद लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, वार्ड पार्षद ललिता देवी, वार्ड प्रतिनिधि राहुल देव पाल, वार्ड पार्षद शकील अहमद, महमूद आलम सीनियर, इशरत खातून समेत कई लोग उपस्थित थे।

## भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने छठ घाटों पर चलाया सफाई अभियान

**छठ पूजा को लेकर भाजयुमो की ओर से मंडल स्तर पर नदी तालाबों के साफ-सफाई का अभियान चलाया जा रहा है : रितेश चौबे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजयुमो गढ़वा जिलाध्यक्ष रीतेश चौबे की अध्यक्षता में भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा गढ़वा के नवादा में छठ घाट पर साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर भाजयुमो द्वारा गढ़वा जिले के सभी मंडल स्तर पर नदी तालाब का साफ-सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छठ घाट पर साफ सफाई अभियान 26 अक्टूबर से लेकर 28 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि छठ पर्व शुद्धता से मनाये जाने वाला महापर्व है। यही एक ऐसा पर्व है जिसमें डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। यह पर्व दुनिया को एक बड़ा संदेश देने का काम करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सिर्फ सत्ता के लिए नहीं बल्कि समाज के उत्थान के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि 28 अक्टूबर तक लगातार छठ घाट पर साफ सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम में समाज के लोगों का भी सहयोग मिल रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं को लगाया गया है। उन्होंने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता घाट पर छठ व्रतियों को किसी तरह का परेशानी नहीं हो इसके लिए छठ घाट पर सहयोग के लिए मौजूद रहेंगे। उन्होंने गढ़वा उपायुक्त से मांग की है कि छठ पर्व के दौरान गढ़वा जिला भर में मांस मदिरा की बिक्री पर रोक लगाई जाए।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो जिला महामंत्री विकास तिवारी, जिला मिडिया प्रभारी नवीन जायसवाल, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, मनीष कुमार गुप्ता, धनंजय विश्वकर्मा, आशुतोष जायसवाल, बिक्की गुप्ता, श्रेष्ठ राज, अनील जायसवाल, संजीत जायसवाल, कंप्यूटर विश्वकर्मा सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### पांच दिनों से लापता अधेड़ का क्षत विक्षत शव बरामद

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला डंडई थाना क्षेत्र के पचौर गांव निवासी मनु राम (50) पिता स्व. बनारसी राम का क्षत विक्षत शव मंगलवार को उसके गांव में ही एक खेत में पाया गया। वह विगत पांच दिनों से लापता था। जानकारी के अनुसार मनु राम व उसकी पत्नी हीरामति देवी के बीच विगत बुधवार को किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसके बाद हीरामति देवी गुस्से में आकर चिनियां थाना क्षेत्र के डोल गांव स्थित मायका में चली गई थी। बताया गया कि शुक्रवार को दोपहर में मनु राम घर से तैयार होकर कहीं जाने के लिए निकला था। लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटने पर रिश्तेदारों व परिचित लोगों से मोबाइल फोन के माध्यम से संपर्क किया गया। लेकिन मनु राम के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। इस बीच पति के लापता होने की जानकारी मिलने पर हीरामति देवी भी रविवार को घर लौट आयी। बताया गया कि मंगलवार की दोपहर में मनु राम के खेत के बगल में ही पलाश के झुरमुट में शव पड़ा पाया गया।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों से राशि की वसूली की कार्रवाई नियम विरुद्धः पेंशनर समाज



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला झारखंड पेंशनर कल्याण समाज के अध्यक्ष केके यादव, सचिव अशर्फी राम एवं संगठन मंत्री श्रवण कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि दिनांक 26 अक्टूबर 2022 को समाचार पत्र में प्रकाशित खबर 55 सेवानिवृत्त शिक्षकों से होगी राशि की वसूली शीर्षक पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि इस प्रकार की कार्रवाई नियम विरुद्ध होगी। आखिरकार इन सबको जो प्रोन्नति मिली है तो किसी न किसी आदेश के आलोक में ही मिली होगी। प्रोन्नति देने वाले पदाधिकारी इसमें दोषी हो सकते हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार मयंक भूषण का कहना है कि कुल 55 सेवानिवृत्त शिक्षकों को नियम के विरुद्ध प्रोन्नति दो गई है, जिनसे वसूली की कार्रवाई की जा रही है। इस संदर्भ में झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गढ़वा का कहना है कि सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रोन्नति का लाभ तत्कालीन शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा दिया गया है। यदि इन सभी को अहर्ता प्राप्त नहीं थी तो प्रोन्नति कैसे दी गई तथा इसके लिए जवाबदेह कौन होगा। माननीय उच्चतम न्यायालय का निर्देश है कि सेवानिवृत्ति के बाद किसी प्रकार की राशि की वसूली की कार्रवाई नहीं करनी है। पेंशन की राशि जीवन यापन के लिए एक सम्मान राशि के रूप में मिलती है। इस प्रोन्नति का लाभ लेने में पेंशनरों का कोई दोष नहीं है। इसके लिए देने वाला दोषी है। अतः इस विषय को अनावश्यक रूप से नहीं उछाला जाये, अन्यथा बाध्य होकर न्यायालय की शरण में जायेंगे।

## सीएस व उपाधीक्षक ने किया कोरवा जनजाति के वृद्ध मरीज के कूल्हे का सफल ऑपरेशन



**सदर अस्पताल में मरीजों का आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज किया जा रहा है : उपाधीक्षक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के सदर अस्पताल में भर्ती 60 वर्षीय राजकुमार कोरवा के कूल्हे का बुधवार को सफल ऑपरेशन किया गया। मेराल कुसम्ही निवासी राजकुमार कोरवा 18 अक्टूबर से सदर अस्पताल में भर्ती था। गिरने के बाद उसका दाहिना कूल्हा टूट गया था। चिकित्सकीय टीम में सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा. अवधेश सिंह, डा. आरएस सिंह, डा. वीरेंद्र कुमार शामिल थे।

बताते चलें कि सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार व उपाधीक्षक डा. अवधेश सिंह हड्डी रोग के सर्जन हैं। इन दोनों के आने के बाद सदर अस्पताल में हड्डी रोग संबंधी आपरेशन सफलता पूर्वक किये जा रहे हैं। इस संबंध में उपाधीक्षक डा. अवधेश सिंह ने बताया कि सदर अस्पताल में आनेवाले मरीज आधार कार्ड व राशन कार्ड लेकर आयें। इससे मरीजों का निःशुल्क इलाज हो पाएगा। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल में पहले हड्डी रोग के मामले रेफर कर दिये जाते थे। लेकिन अब नयी व्यवस्था में मरीजों का सदर अस्पताल में सफलता पूर्वक इलाज किया जा रहा है। एक माह के अंदर हड्डी रोग के दो माइनर तथा दो मेजर आपरेशन किये गये हैं। मरीज बिल्कुल स्वस्थ हो गए हैं। डीएस ने बताया कि सदर अस्पताल में मरीजों का आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। आपरेशन टीम में ओटी इंचार्ज पूजा सिन्हा, अरुणंजय द्विवेदी, प्रियंका कुमारी, परशुराम पासवान, तरुण मेहता आदि शामिल थे।


झारखण्ड सरकार
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं० :– RCD/HAZARIBAG/896/2022-23

दिनांक :– 26.10.2022

2nd Call

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, हजारीबाग गैरयोजना मद अंतर्गत बरकट्ठा तेतरॉन पथ के 5वें कि.मी. में नाली निर्माण कार्य।, वित्तीय वर्ष 2022–23 |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू० 70,00,000.00 (सत्तर लाख रूपये मात्र) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 03 (तीनं) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 09.11.2022 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 5. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.11.2022 12:00 बजे दिन तक |
| .6. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 9431326172 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें –http://jharkhandtenders.gov.in

E-mail ID : eercdhazari-jhr@nic.in Tel. No. – 06546-225818

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR.NO.280921
Road(22-23):D



कार्यालय नगर पंचायत,
बुण्डू (राँची)

शुद्धि पत्र

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित PR No – 279432 **Urban Development (22-23) D** में प्रकाशित Tender Ref No- UDD/NIT/BNP/RT/ GW/10/2022-23 Construction Of Guardwall from house of Mantu Oraon to house of sudarshan say under ward no-08 (part B) dk last date of submission of bid एवं last date of submission at office cost of BOQ] Earnest Money and tender document दिनांक 27–10–2022 है परंतु कार्मिक, प्रशानिक, सुधार तथा राज भाषा विभाग, झारखंड के पत्रांक – 6754 दिनांक – 25–10–2022 द्वारा 26–10–2022 को भैया दूज / चित्रगुप्त पुजा के घोषित अवकाश के स्थान पर 27–10–2022 को अवकाश घोषित किया गया है ।

अतरू उक्त Tender Ref No- UDD/NIT/BNP/RT/GW/10/2022-23 का last date of submission of bid एवं last date of submission at office cost of BOQ] Earnest Money and tender document दिनांक 29–10–2022 पढ़ा जाय तथा Bid opening दिनांक 01–11–2022 किया जाता है। शेष सभी यथावत है ।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, बुण्डू

PR 280912 Urban Development(22-23)D


**तैयारी :** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का द्वितीय चरण 01 नवम्बर से 14 नवम्बर 2022 तक

# सभी प्रखंडों व पंचायतों में तिथिवार कार्यक्रम किये गये निर्धारित

**निरीक्षण और पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तरीय पदाधिकारियों को प्रखंडवार एवं पंचायतवार किया गया है प्रतिनियुक्त**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सरकार के 03 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार' कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु प्रथम चरण के उपरांत द्वितीय चरण लिए दिनांक 01 नवम्बर से 14 नवम्बर 2022 तक तिथिवार कार्यक्रम निर्धारित कर दिए गए हैं। कार्यक्रम में ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वृहद प्रचार प्रसार का कार्य एक सप्ताह पूर्व से ही विभिन्न माध्यमों से कराया जा रहा है। पंचायतों में शिविर का आयोजन पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर से निरीक्षण और पर्यवेक्षण के लिए जिलास्तरीय पदाधिकारियों को प्रखंडवार एवं पंचायतवार प्रतिनियुक्त किया गया है।

**01 नवम्बर** को गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड के लमारी कला पंचायत, मेराल प्रखंड के बाना पंचायत, गढ़वा के मधेया पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**02 नवम्बर** को खरौंधी प्रखंड के सुंडी पंचायत, चिनिया के डोल, केतार के परती कुशवानी, रमना के टंडवा, रंका के चुटिया, रमकंडा के बलिगढ़, डंडई के लवाही कला, मेराल के ओखरगाड़ा पश्चिमी, धुरकी के खुटिया, गढ़वा के महुलिया एवं भंडरिया के फकीराडीह पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**03 नवम्बर** को बरडीहा प्रखंड



के जतरो बंजारी पंचायत, मंझिआव के सोनपुरवा, कांडी के सरकोनी, नगर उंटारी के गरबांध, मेराल के मेराल पूर्वी, भवनाथपुर के बनसानी एवं गढ़वा के नवादा पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**04 नवम्बर** को खरौंधी प्रखंड के करिवाडीह पंचायत, चिनिया के हेताड़ कला, केतार के लोहरगाड़ा, रंका के चुतरू, डंडई के जरही, नगर उंटारी के कधवन, मेराल के चेचरिया, विशुनपुरा के पिपरी कला, धुरकी के रक्सी, गढ़वा के ओबरा, बरगढ़ के परसवार एवं सगमा के घघरी में शिविर का आयोजन होगा।

**05 नवम्बर** को रमना के रमना, मेराल के अरंगी, गढ़वा के परिहारा, कांडी के हरिहरपुर एवं भवनाथपुर के पंडरिया पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**07 नवम्बर** को बरडीहा के आदर पंचायत, रमना के कर्णपुरा, रंका के दूधवल, रमकंडा के बिराजपुर, कांडी के शिवपुर, मेराल के दुलदूलवा, भंडरिया के मदगडी-क एवं गढ़वा के पिपरा में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**09 नवम्बर** को खरौंधी प्रखंड के राजी पंचायत, रमना के मड़वनिया, रंका के विश्रामपुर, मंझिआव के मोरबे, कांडी के राणाडीह, डंडई के झोतर, नगर उंटारी के नरही, मेराल के हासनदाग, विशुनपुरा के सरांग, भवनाथपुर के सिंदुरिया, गढ़वा के प्रतापपुर एवं बरगढ़ के मदगडी- च में शिविर का आयोजन होगा।

**10 नवम्बर** को चिनिया प्रखंड के खुर्री पंचायत, रमकंडा के चेटे, कांडी बलियारी, मेराल के करकोमा, धुरकी के खाला, गढ़वा के रंका एवं सगमा के कटहर कला में शिविर का आयोजन किया जाएगा। 11 **नवम्बर** को खरौंधी प्रखंड के चंदनी पंचायत, बरडीहा के ओबरा, केतार के मुकुंदपुर, रंका के सोनदाग, मंझिआव के करमडीह, डंडई के तसरार, नगर उंटारी के कोलझिकि, मेराल के संगबरिया, गढ़वा के संग्रहेखुर्द एवं भंडरिया के बिजका पंचायत में आयोजन होगा।

**12 नवम्बर** को रमना के सिलिदाग, रंका के खरडीहा, कांडी के खरौंधा, मेराल के गोंदा, भवनाथपुर के अरसली उत्तरी, धुरकी के धुरकी एवं गढ़वा के तिलदाग पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**13 नवम्बर** को नगर उंटारी के भोजपुर पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा। 14 **नवम्बर** को नगर उंटारी के हुलहुला खुर्द, रंका के बहाहारा, कांडी के डूमरसोता एवं गढ़वा के उड़सुगी पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।


कार्यालय नगर पंचायत,
बुण्डू (राँची)

शुद्धि पत्र

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित PR No – 279426 Urban Development (22-23) D में प्रकाशित Tender Ref No- UDD/NIT/BNP/Road/11/2022-23 Construction of P.C.C. Road, repairing of Drain and construction of R.C.C. slab from house of Kalo Das to house of Santosh Munda in ward No. 06 under Nagar Panchayat Bundu, का last date of submission of bid एवं last date of submission at office cost of BOQ, Earnest Money and tender document दिनांक 27–10–2022 है परंतु कार्मिक, प्रशानिक, सुधार तथा राज भाषा विभाग, झारखंड के पत्रांक – 6754 दिनांक – 25–10–2022 द्वारा 26–10–2022 को भैया दूज / चित्रगुप्त पुजा के घोषित अवकाश के स्थान पर 27–10–2022 को अवकाश घोषित किया गया है ।

अत: उक्त Tender Ref No-UDD/NIT/BNP/Road/11/2022-23, का last date of submission of bid एवं last date of submission at office cost of BOQ, Earnest Money and tender document दिनांक 29–10–2022 पढ़ा जाय तथा Bid opening दिनांक 01–11–2022 किया जाता है। शेष सभी यथावत है ।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, बुण्डू

PR 280911 Urban Development(22-23).D

# प्रेम प्रसंग में हुई थी ग्रामप्रधान और उसके दोस्त की हत्या, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला के मुरहू थानांतर्गत रूबुआ बीरडीह गांव के ग्राम प्रधान सोमा मुंडा और उसके दोस्त जेम्स पूर्ति की गत रविवार की देर शाम हुई हत्या के मामले में 48 घंटे के अंदर पुलिस ने घटना में शामिल सभी तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर इस दोहरे हत्याकांड का खुलासा कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों में मुख्य मास्टरमाइंड रूबुआ बीरडीह गांव का सलन हस्स पूर्ति उर्फ हुररी (20 वर्ष), गोपाल पूर्ति (19 वर्ष) और पश्चिम सिंहभूम जिला के गुदड़ी थानांतर्गत गिरू गांव निवासी बिरसा पान उर्फ विक्रम पान (20 वर्ष) शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खून लगी दो हॉकी स्टिक, घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल और मृतक ग्राम प्रधान सोमा मुंडा का एक मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ अमित कुमार ने बुधवार अपराह्न अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि हत्याकांड के मुख्य मास्टरमाइंड सलन हस्सा पूर्ति ने पुलिस को बताया कि मृतक जेम्स पूर्ति का उसकी चाची कृति पूर्ति के साथ प्रेम प्रसंग एवं अवैध संबंध था। इस अवैध संबंध के बारे में उसके चाचा बुधवा हस्सा पूर्ति को जानकारी मिलने पर उसकी चाची कृति पूर्ति ने चाचा बुधवा हस्सा पूर्ति की इसी साल 19 मार्च को साबल से मारकर हत्या कर दी थी। पति की हत्या के आरोप में उसकी चाची फिलहाल जेल में बंद है, लेकिन सलन को यह लगता था कि चाचा की हत्या में कहीं ना कहीं जेम्स पूर्ति भी जिम्मेवार है। अपने चाचा की हत्या का बदला लेने के लिए उसने जेम्स को ठिकाने लगा देने की योजना बना डाली। जेम्स का दोस्त ग्राम प्रधान सोमा मुंडा जेम्स का हमेशा समर्थन करता था। इस स्थिति में उसने अपने उक्त दो दोस्तों के साथ मिलकर जेम्स के साथ ही ग्राम प्रधान सोमा मुंडा की हत्या करने की योजना बना डाली। तय योजना के तहत रविवार को गांव में आयोजित फुटबाल मैच के समापन के बाद साथ लौट रहे ग्राम प्रधान सोमा मुंडा और जेम्स पूर्ति को तीनों ने हॉकी स्टिक से पीट-पीटकर मार डाला और अपने उक्त मोटरसाइकिल में सवार होकर तीनों आरोपित अन्यत्र फरार हो गये। इस हत्याकांड में शामिल पश्चिम सिंहभूम जिला के बिरसा पान उसी गांव में स्थित अपनी बहन के घर में रहकर पढ़ाई कर रहा था। उसी गांव में रहने के कारण उसकी मुख्य मास्टरमाइंड सलन हस्सा पूर्ति से दोस्ती थी। सलन से दोस्ती के कारण ही उसने इस हत्याकांड में उसका साथ दिया। एसडीपीओ ने बताया कि कांड की गंभीरता को देखते हुए इसके उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने उनके नेतृत्व में एक एसआइटी का गठन किया था। एसआइटी टीम द्वारा अनुसंधान के क्रम में तकनीकी शाखा एवं अन्य स्रोत के सहयोग से त्वरित कार्रवाई करते हुए इस दोहरे हत्याकांड का उद्भेदन कर इसमें शामिल सभी तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। छापामारी टीम में खूंटी अंचल के पुलिस निरीक्षक शाहिद रजा, मुरहू थाना प्रभारी पंकज कुमार दास, पुलिस अवर निरीक्षक लक्ष्मण चौधरी एवं दिगंबर पांडे हवलदार फबियानुस तिर्की एवं नारायण मांझी सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



## रनिया में युवक की हत्या, साथ ले जाने वाला दोस्त गांव छोड़ कर भागा

**खूंटी।** रनिया थाना क्षेत्र ईटम गांव के तीन मुहान से बुधवार को पुलिस ने रांगरोड़ी निवचासी 28 वर्षीय युवक मनोज तोपनो का शव बरामद किया। मनोज का शव देख ग्रामीणों द्वारा पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूटी भेज दिया। मनोज के हत्यारों का सुराग पुलिस को नहीं मिला है। रनिया के थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि मनोज के परिजनों द्वारा पुलिस को बताया गया कि मनोज रंगरोडी के ही तेलेस्फोर नामक युवक के साथ 25 अक्टूबर मंगलवार को घर से निकला था। रनिया पुलिस हत्याकांड की जांच कर रही है। घटना के बाद से उसका दोस्त गांव से फरार है। ग्रामीण आशंका जता रहे हैं कि मनोज की हत्या में तेलेस्फोर का हाथ हो सकता है। इसकी कें कारण वह गांव छोड़कर भाग गया है।

## पिपरवार में बहनें आज मनायेंगी भाई दूज का त्योहार

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक एवं भाई की आयु वृद्धि तथा सर्वमनोकामना की पूर्ति के लिये बहनों द्वारा आज भाई दुज का त्योहार मनाया जायेगा। पूरे पिपरवार क्षेत्र में एक दिन पुर्व से ही इसकी तैयारी के तहत गोबर से आकृतियों का निर्माण करते हुए अन्य तैयारियां भी पुरी कर ली गई है। कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया को मनाए जाने वाले इस पर्व को यम द्वितीया भी कहते है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक शुक्ल द्वितीया को पूर्व काल में यमुना ने यमराज को अपने घर पर सत्कारपूर्वक भोजन कराया था। उस दिन नारकी जीवों को यातना से छुटकारा मिला और उन्हें तृप्त किया गया। वे पाप-मुक्त होकर सब बंधनों से छुटकारा पा गये और सब के सब यहां अपनी इच्छा के अनुसार सन्तोषपूर्वक रहे। उन सब ने मिलकर एक महान् उत्सव मनाया जो यमलोक के राज्य को सुख पहुंचाने वाला था। इसीलिए यह तिथि तीनों लोकों में यम द्वितीया के नाम से विख्यात हुई। ऐसी मान्यता है कि जिस तिथि को यमुना ने यम को अपने घर भोजन कराया था, उस तिथि के दिन जो भाई अपनी बहन के हाथ का उत्तम भोजन करता है उसे उत्तम भोजन समेत धन की प्राप्ति भी होती रहती है।

## लाल गेहूं का वितरण किया गया

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** छठ महापर्व को लेकर जयसवाल समिति के द्वारा बाबूराम टोली बुंडू स्थित जयसवाल धर्मशाला में छठ व्रत रखने वाले लोगों के बीच बुधवार को निशुल्क लाल गेहूं का वितरण किया। इस मौके पर रितेश जायसवाल, दीपक जयसवाल, संतोष जायसवाल, पंकज चौधरी, सुनील गुप्ता, पंकज जयसवाल, विशाल जयसवाल, संतोष जयसवाल, अमित जयसवाल, सुमित जयसवाल, विनोद जयसवाल, राकेश जयसवाल तथा अन्य सदस्य मौजूद थे।

## वेतन के लिए तीन महीने पहले मिल गया आवंटन, फिर भी शिक्षकों को भुगतान नहीं

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी के समाजसेवी और झाविमे के पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने प्राथमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निदेशक को पत्र लिखकर आंवटन कें बाद भी तीन महीने तक अल्पसंख्यक विद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों का वेतन भुगतान न करने के मामले की जांच कराने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि 14 जुलाई 2022 को ही सरकार द्वारा गैर सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में सरकार द्वारा स्वीकृत पदों के विरुद्ध वैध रूप से नियुक्त एवं कार्यरत शिक्षक और कर्मचारियों के बकाया वेतन भुगतान के लिए 13 करोड 57 लाख 78 हजार 452 रुपए का आवंटन खूंटी के जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य जिलों के डीएसइ को दिया गया, लेकिन तीन महीने के बाद भी वेतन भुगतान नहीं किया गया है। दिलीप मिश्रा ने सरकार से अविलंब वेतन भुगतान की मांग की है।

## बचरा काली में महानिशा पूजा और खिचड़ी महाप्रसाद का हुआ वितरण



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बचरा स्थित काली मंदिर में सार्वजनिक काली पुजा समिति के तत्वावधान में भव्य तरीके से काली पुजा का आयोजन किया गया। मंगलवार को देर शाम पूजा का कार्यक्रम शुरू होकर रात तक चला जिसमें शाम को मंदिर में दीप जलाने के लिए भारी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर के पुजारी सिद्धेश्वर पांडे द्वारा महानिशा पुजा का अनुष्ठान किया गया। रात्रि में ही मां काली को बली दी गई। बुधवार को भक्तों के बीच महाप्रसाद के रुप में खिचड़ी का वितरण किया गया। बुधवार की रात्रि में भक्ति जागरण का उद्घाटन अशोका परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने किया। विक्की छाबड़ा जागरण ग्रुप द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों ने लोगों को झुमने पर मजबूर कर दिया। जागरण कार्यक्रम में विधि व्यवस्था एवं भीड़ को नियंत्रित करने के लिये पिपरवार पुलिस के साथ पूजा समिति के स्वंयसेवक भी उपस्थित रहे।

## 31वें सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए श्रीनगर रवाना हुए चतरा वुशु संघ के दस खिलाड़ी



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में 28 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आयोजित होने वाले छह दिवसीय 31वें सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए मंगलवार को चतरा जिला वुशू संघ के 10 खिलाड़ियों का जत्था रवाना हुआ। यह 10 खिलाड़ी झारखंड की सीनियर वुशू टीम के 40 सदस्यीय टीम का हिस्सा है जो श्रीनगर के एसके इनडोर स्टेडियम में आयोजित 31वें सीनियर राष्ट्रीय वुशू चैम्पीयनशीप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।मंगलवार को यह 40 सदस्यीय टीम खलारी रेलवे स्टेशन से श्रीनगर के लिए रवाना हुई। इस चैम्पियनशिप मे चतरा जिला वुशू संघ के खिलाड़ियों में पुरुष वर्ग से रौशन रजक, अविनाश गंझु, शिवराम सेट्टी,अंकित कुमार, विशाल गंझु, प्रशांत कैबरता ,भाष्कर ठाकुर, आयुष कुमार, रोहित कुमार एवं महिला वर्ग से एकमात्र खिलाड़ी डोली कुमारी शामिल है। इस प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को चतरा जिला वुशू संघ के सचिव रजी अहमद ने बधाई देते हुए उनके बेहतरीन प्रदर्शन की अपेक्षा करते शुभकामनाओं के साथ गन्तव्य के लिए प्रस्थान कराया।

## सूर्या बारबर मेंस पार्लर का उद्घाटन

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** सूर्या बारबर मेंस पार्लर का शुभारंभ मंगलवार को सोनाहातू प्रखंड के बारेंदा चौक पर विधिवत पूजन के पश्चात किया गया। पूजन पुरोहित अजय शुक्ला के द्वारा किया गया। मौके पर समाजसेवी पुरंदर हजाम, संचालक विपतारण हजाम उर्फ सूर्या, संजय प्रमाणिक, सूरज हजाम, अवधेश महतो आदि उपस्थित थे।

## गोवर्धन पूजा की गयी

**डकरा (आजाद सिपाही)।** डकरा बी-टाइप और सुभाषनगर खटाल में बुधवार को गोवर्धन पूजा की गई। दोनों जगहों पर भगवान कृष्ण की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। साथ ही गौ माता की पूजा कर उसे प्रसाद खिलाया गया। पूजा के दौरान उपस्थित लोगों ने खीर महाप्रसाद के रूप में एक साथ ग्रहण किया। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# सूर्योपासना के महापर्व छठ के रंग में रंगने लगा खूंटी का इलाका

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** धनतेरस, दीपावली, काली पूजा और सोहराई-ह्लगोवर्द्धन पूजा के बीत जाने के बाद खूंटी जिला मुख्यालय के अलावा ग्रामीण हलाके भी लोक आस्था और सूर्योपासना के महापर्व छठ के रंग में रंगने लगा है। लोग गेहूं, सूप-दौरा आदि की खरीदारी में लग गये हैं। जिन तालाबों, नदियों और सरोवरों में छठ के अर्घ्य दिये जाते है, उन घाटों की साफ-सफाई शुरू हो गयी है। खूंटी नगर पंचायत द्वारा साहू तालाब, चौधरी तालाब और राजा तालाब की सफाई की गयी। स्वयंसेवी संस्थाओं और पूजा समितियों द्वारा भी छठ घाटों की साफ-सफाई की जा रही है। घाटों पर लोग अपने पजा स्थान को घेरने और उनकी साज-सज्जा में लग गये हैं। हर ओर बज रहे छठ गीतों के कारण पूरा वातावरण भक्तिमय होता जा रहा है। यह पर्व स्वच्छता का प्रतीक है। जिन घरों में छठ अनुष्ठान हो रहा है, वहां लोग घर की सफाई के साथ ही घर के आस-पास स्थानों को भी साफ करने में लग गये हैं। इस बार 28 अक्टूबर को नहाय-खाय छठ पर्व शुरू हो रहा है। इसके साथ ही 29 को खरना अनुष्ठान होगा। 30 अक्टूबर को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य दिया जायेगा। 31 अक्टूबर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य प्रदान करने कें साथ ही तार दिवसीय महापर्व का समापन हो जायेगा। पर्व को लेकर बाजारों में सूप, दौरा, फल, प्रसाद, नारियल और पूजा की अन्य सामग्रियों की दुकानें सज गयी हैं।



## सिल्ली में गोवर्धन पूजा धूमधाम से संपन्न

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली एवं प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को गोवर्द्धन पूजा धूमधाम से मनाया गया। गोवर्धन पूजा को लेकर लोगों ने अपने घरों में गायों को पूजा की एवं अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। वहीं धान एवं कृषि संबंधित औजारों की भी पूजा की गई। गोवर्धन पूजा का भारतीय संस्कृति में अत्यधिक महत्व है। इस पर्व पर गोवर्धन पर्वत और पशुधन की पूजा की जाती है। इस दिन घरों में गोबर से गोवर्धन बनाये जाते हैं और उनका पूजन होता है। गौ पालक किसान सुबह उठकर गौ वंश को स्नान कराकर नए रंग बिरंगे पगहा, झुनझुना, माला आदि पहनाकर सजाया। घर की महिला उनके शरीर पर रंग छिड़क कर तथा सिंग में सिंदूर लगाकर विधि विधान से पूजा अर्चना की। वही लागाम स्थित आवास में सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो के माता देवकी देवी एवं पिता श्याम सुंदर महतो ने भी गौ पूजा किये। सिल्ली एवम आसपास क्षेत्र में कई जगहों पर बरद खूंटा का भी आयोजन किया गया। इसके उपरांत धान दुभ से गाय को चुमाया गया। कहा जाता है कि गोवर्द्धन पूजा श्रीकृष्ण से जुड़ी हुई है। इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्रदेव के अंहकार का नाश गोवर्द्धन पर्वत को उंगली पर उठाकर किया था।

## कार की चपेट में आने से युवक घायल

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू सोनाहातू रोड स्थित बुंडू थाना क्षेत्र के बिचाहातु गांव के समीप अज्ञात कार के चपेट में आने से बिचाहातु गांव निवासी नकुल हजाम उम्र 63 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में इलाज के लिए बुंडू स्थित अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां से बेहतर चिकित्सा के लिये रिम्स रेफर कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार बिचाहातु मोड़ पर रोड पार कर घर जा रहा था। इसी क्रम में तेज गति से आ रही कार की चपेट में आने से उनका पैर टूट गया। कार की खोजबीन की जा रही है।

## धमधमिया दामोदर नदी छठ घाट की सफाई की

**खलारी (आजाद सिपाही)।** धमधमिया स्थित दामोदर नदी छठ घाट पर जमे कचरे की समिति के लोगों के द्वारा सफाई की गई। बुधवार को समिति के लोगों ने घाट में पड़े कचरे की सफाई की उसके बाद समिति के लोगों ने बैठक कर छठ पर्व को लेकर घाट में छठव्रतियों की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा की। वहीं छठ घाट में पूर्व की तरह इस वर्ष व्रतियों के लिए सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। जिसमें सड़कों की मरम्मत करने, टेंट लगाने एवं विद्युत सज्जा करने पर निर्णय लिया गया। मौके पर मुखिया संतोष कुमार महली, पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली,नंदू मेहता, बालेश्वर भोगता, विनय उरांव, गोपाल सिंह, भोला चौहान, जीतू बाउरी, सोनू सहित कई लोग मौजूद थे।

## पेट्रोल गोदाम में भट्टी जतरा का किया आयोजन

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी बाजार टॉड स्थित पेट्रोल गोदाम में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में भट्टी जतरा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विस्थापित नेता रामलखन गंझू तथा विशिष्ट अतिथि बुढ़मू जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू ने फिता काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उदघाटन किया। नागपुरी ऑर्केस्ट्रा में आये कलाकार महावीर नायक ,अनुप्रिया, इम्तियाज नें गीत प्रस्तुत किया। वही सपना ने नृत्य प्रस्तुत किया।सभी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया। जतरा में लगे पारंपरिक मिठाई, श्रृंगार, खिलौने सहित खाने पीने एवं जरुरत के सामानों किं खूब बिक्री हुई। इस मौके पर अमृत भोगता, नागदेव सिंह,अर्जुन प्रसाद,प्रभाकर गंझू,बुल्ला गंझू,हरदीप सिंह,मनोज गंझू,शंभु दास, सदन महतो,ललकु गंझू,बाबूलाल गंझू,राहुल गंझू,गोविंद भोगता,धोधा, बिगू गंझू,संजीव भोगता,जितवाहन गंझू,राहुल,रतन गंझू, बबलू, रोहित, छोटू, अजय, धनेश्वर उरांव, शिवा गंझू,सोनू उरांव आदि लोग उपस्थित रहे।

## खिचड़ी महाप्रसाद का किया वितरण

**डकरा (आजाद सिपाही)।** काली पूजन के उपरांत पुरनाडीह परियोजना में बुधवार को खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद वितरण का आरंभ स्वयं परियोजना पदाधिकारी नरेश सिंह, इवीएएम परियोजना प्रबंधक प्रबिर सेनगुप्ता ने किया। परियोजना में पहली बार महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया जिसमें प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे महाप्रबंधक संजय कुमार सहित क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्ष, क्षेत्र के एसीसी सदस्य, परियोजना कर्मी एवं ग्रामीणों ने प्रसाद का आनंद लिया।

## तिलाई पीड़ी गांव में सोहराय (बांधना) मिलन समारोह आज, तैयारी पूरी

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** कुरमी /कुड़मी (महतो) समन्वय समिति के द्वारा गुरुवार को सोनाहातू प्रखंड के तिलाईपीड़ी गांव में समाज के कला संस्कृति एवं नेगाचार को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से विराट सोहराय (बांधना) मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह के सफल आयोजन को लेकर तिलाईपीड़ी में बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से राधानाथ महतो उपस्थित हुए। महतो ने बैठक में कहा कि सोहराय मिलन समारोह ऐतिहासिक होगा कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके लिए गांव के युवाओं को अलग - अलग जिम्मेंदारी भी दी गई है। वहीं, प्रत्येक गांव-टोले से कुरमी /कुड़मी समाज के लोग पहुंचेंगे। इधर समारोह को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए रुप - रेखा तय की गई। गांव के युवाओं द्वारा आखड़ा का साफ सफाई भी किया गया।बैठक में मुख्य रूप से खीरोधर महतो, महकम महतो, जादुलाल चौधरी, भक्तु महतो, जगतपाल महतो, लालू महतो, झरीराम महतो, रोशन महतो, चन्द्रशेखर महतो, उत्तम महतो, अरविंद महतो सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## गोवर्धन पूजा धूमधाम से हुई



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को गोवर्धन पूजा धूमधाम से हुई। लोगों ने अपने-अपने घरों में गौ माता की पूजा की एवं अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। वहीं पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो के लगाम स्थित पैतृक आवास में उनके पिता श्याम सुंदर महतो एवं माता देवकी देवी ने विधि-विधान पूर्वक गाय की चुमावन कर गोवर्धन पूजा की। मौके पर धान एवं कृषि संबंधित औजारों की भी पूजा की गई। बताते चलें कि गोवर्धन पूजा का भारतीय संस्कृति में अत्यधिक महत्व है। इस पर्व पर गोवर्धन पर्वत और पशुधन की पूजा की जाती है। इस दिन घरों में गोबर से गोवर्धन बनाये जाते हैं और उनका पूजन होता है। गौ पालक किसान सुबह उठकर अपने गौ वंश को स्नान कराकर नए रंग बिरंगे पगहा, झुनझुना, माला आदि पहनाकर सजाते हैं। वहीं, घर की महिलायें रंग छिड़ककर तथा सिंग में सिंदूर लगाकर विधि विधान से पूजा अर्चना करती हैं। इसके उपरांत धान-दुभ से गाय को चुमाया गया। बुधवार को इस दौरान कई जगहों पर बरत खुटा का भी आयोजन किया गया। कहा जाता है कि गोवर्द्धन पूजा श्रीकृष्ण से जुड़ी हुई है। इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्रदेव के अंहकार का नाश गोवर्द्धन पर्वत को उंगली पर उठाकर किया था।

## समाजसेवियों ने बनाया राहे कोकरो नदी छठ घाट

**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोकरो नदी के घाट पर पर गंदगी का अंबार लगा हुआ था। छठ व्रती इसी घाट पर अर्घ्य देते है। घाट की गंदगी को देखते हुये आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंगबहादुर महतो, मनोरंजन भोक्ता, इंदजीत बैठा, की टीम ने नदी में सीढ़ीनुमा घाट बनाया ओर सफाई किया। घाट बनाने और सफाई किये जाने के बाद अब छठ वर्टियो को काफी सहूलियत होगी।

# जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप के लिए निवेदिता का हुआ चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर की तीरंदाज निवेदिता कुमारी का चयन जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप के लिए किया गया है। जानकारी देते हुए कोच प्रकाश राम ने बताया कि आगामी 3 नवंबर से लेकर 12 नवंबर तक होने वाले 42 वे जूनियर नेशनल अर्चरी चैंपियनशिप गोवा में आयोजित की गई है। इसके लिए पिछले दिनों जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स जमशेदपुर में आयोजित जूनियर नेशनल तीरंदाजी सलेक्शन ट्रायल में निवेदिता का भी चयन किया गया है। निवेदिता पिछले डेढ़ वर्षो से आर्चरी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। इतने कम समय में अपने मेहनत और लगन से जूनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। सूचना पाकर निवेदिता के माता पिता एवं बड़े भाई सेंटर पहुंचे ढेर सारी बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उनके इस सफलता पर इनके चयन पर बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो, अध्यक्ष नेहा महतो अंतर्राष्ट्रीय कोच प्रकाश राम, गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह ब्रजेश प्रसाद, वाहिद अली आदि ने शुभकामना देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना दी है।



## लक्ष्मी पूजा के मौके पर विस्थापितों ने किया नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कुटे तिरील लाबेद चौक के समीप लक्ष्मी पूजा के शुभ अवसर पर विस्थापितों ने नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, रांची मेयर आशा लकड़ा ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर गांव के छोटे-छोटे बच्चियों ने अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता और तलवार भेंट कर किया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि प्रकाश पर्व हमें जीवन को नवसृजन कर मानव समाज को जीवन कला का गुर सिखाता है। दीपावली भी हमें बताता है कि असत्य की रात चाहे कितनी लंबी हो दीपों का प्रकाश उन्हें दूर कर ही देता है। मौके पर लक्ष्मी पूजा और नृत्य प्रतियोगिता को सफल बनाने में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष कुणाल शाहदेव, उत्तरी टुन्ढूल की मुखिया ममता तिर्की, अजय बैठा, लाल शंकर नाथ शाहदेव, कृष्णा मिर्धा, राकेश बैठा, सुमित सिंहदेव, महेंद्र मिर्धा, विजय मुंडा, निशान्त सिंहदेव, सुशांत शाहदेव, प्रतीक सिंहदेव, निखिल सिंहदेव, रौशन प्रसाद, मिहिर शाहदेव, सरजू महतो, सोनू बैठा, दिलीप बैठा, दीप शाहदेव, ललन शर्मा, रवि बैठा, विनोद लोहरा, गोपाल गुप्ता, रोहित बैठा, अजय कर्मकार, विशाल कुमार, आलोक शाहदेव, राहुल बैठा, चिंटू उरांव, सुनील उरांव सहित हजारों की संख्या में पुरुष और महिलाएं उपस्थित थे।

## सतयारी टोली हटिया की टीम बनी स्व. दशा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कुदलोंग पंचायत स्थित सोहराई जतरा मैदान में बुधवार को जय सरना क्लब के तत्वावधान में स्व. दशा उरांव दस दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच आयोजन किया गया। फाइनल का उद्घाटन मैच एफसी सतयारी टोली हटिया बनाम खलखो ब्रदर्स के बीच खेला गया। कांटेदार मैंच में सतयारी टोली हटिया के खिलाडियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खलखो ब्रदर्स को दो गोल से हराकर खिताब पर कब्जा किया। इससे पूर्व फाइनल मैच का उद्घाटन नगड़ी जिप सदस्य पूनम देवी और युवा समाजसेवी बजरंग महतो, उपेंद्र महतो व धीरज मेहता ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर अतिथियों ने प्रतियोगिता के प्रथम विजेता एफसी सतयारी टोली हटिया टीम को एक लाख रुपये और बड़ा शील्ड तथा उप विजेता बनाम खलखो ब्रदर्स टीम को पचास हजार रुपये और शील्ड देकर सम्मानित किया। मौके पर बिरसा उरांव, संजय तिर्की, रोशन मिंज, महादेव कच्छप, पवन कच्छप, सुमित कच्छप, दसरथ उरांव, बसंत उरांव, सुमित तिग्गा, शंकर कच्छप, मुन्ना उरांव, बसंत उरांव सहित जय सरना क्लब के दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

## पारंपरिक गीत-संगीत को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीणों को आजसू ने दिया ढोल-नगाड़ा



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** प्रस्तावित जोन्हा प्रखंड अन्तर्गत सुरसू पंचायत के हरजालूम नायक टोली के लोगों को पारंपरिक गीत-संगीत को बढ़ावा देने हेतु सिल्ली विधान सभा विधायक सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर आज क्षेत्रीय प्रभारी संजय सिद्धार्थ ने ढोल-नगाड़ा दिया। ढोल नगाड़ा मिलने पर लोगों ने खुशी जाहिर की एवं विधायक सुदेश महतो का आभार प्रकट किया। मौके पर पंचायत अध्यक्ष धर्मदेव रजवार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चमघटी में सोहराई जतरा मेला का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के राजाडेरा पंचायत अंतर्गत चमघटी गांव में बुधवार को सोहराई जतरा मेला का आयोजन किया गया। जतरा मेले का शुभारंभ मुखिया सीमा देवी एवं कृष्णा मुण्डा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। मेला में रांची जिला के मांडर, बेड़ो, नामकुम, लापुंग, इटकी सहित आसपास के इलाकों से आए हुए लोगों द्वारा पारंपरिक तरीके से खोड़हा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुखिया कृष्णा मुण्डा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले ऐसे पारंपरिक आयोजन से झारखंड की संस्कृति मजबूत होती है। मौके पर जतरा समिति के सदस्य मोतीराम मुण्डा, बिरसा उरांव, राजेश महतो, उमेश चैधरी, रमेश महली, निकेश कच्छप, शिवा महतो, मनोज सिंह, नीरज सिंह आदि मौजूद थे।

## प्रखंड कर्मी के निधन पर शोकसभा का आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय में कार्यरत अनुसेवक मो. इकबाल के आकस्मिक निधन पर बुधवार को उनके आत्मा की शांति के लिए बीडीओ डा. प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड परिसर में शोक सभा रखी गयी। शोक सभा में उपस्थित सभी कर्मियों, पदाधिकारियों द्वारा मृत आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा गया। मृतक के लिए प्रार्थना की गई और उनके परिवार के प्रति संवेदना भी व्यक्त की गई। मो. इकबाल प्रखंड कार्यालय बेड़ो में विगत तीन साल से अनुसेवक के पद पर कार्यरत थे। अप्रैल 2023 में उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि थी। पिछले कुछ दिनों से वे बीमार चल रहे थे। शोकसभा में कृषि पदाधिकारी कालिन्द्र साहू, जेएए बड़ाईक, पशुपालन पदाधिकारी, मो नदीम, मो. अरसद, मो. मोज्जमिल, पूजा कुमारी, सागर कुमार सहित प्रखंड के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## पशुपालकों ने की मवेशियों की पूजा



**इटकी (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के पशुपालक किसानों द्वारा बुधवार को अपने घरों में पालतू जानवरों के बीच गोवर्धन पूजा मनायी गयी। इसके निमित्त सभी जानवरों को स्नान कराकर सजाया व संवारा गया। तत्पश्चात उसे जानवर के रखने के स्थान में पालतू जानवर को बांधे जाने वाले खूंटे की पूजा-अर्चना की गई और प्रसाद चढ़ाया गया। विदित हो कि पिछले दिनों सूर्य ग्रहण के कारण गोवर्धन पूजा एक दिन बाद की गयी। पूजा के बाद प्रसाद को अपने परिवार तथा परिजनों के बीच वितरित किया गया।

### निरीक्षण : केंद्रीय नीति आयोग की टीम ने किया पिठोरिया व इचापीड़ी पंचायत का दौरा

# कोल्ड चेन सेंटर व ड्रिप इरिगेशन से होने वाली सब्जी की खेती का किया निरीक्षण





**सिविल सर्जन रांची ने कोल्ड चेन के उपयोग के बारे में बताया व टीम ने आयुष चिकित्सा के संबंध में भी जानकारी ली**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार के नीति आयोग की टीम बुधवार को रांची के कांके प्रखंड के पिठोरिया और इचापीड़ी पंचायत पहुंची। टीम में नीति आयोग के वाइस चेयरमैन सुमन कुमार बेरी और उनके निजी सचिव अमित वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

टीम ने सबसे पहले पिठोरिया स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दवाई को लंबे समय तक मानक तापमान में रखने हेतु नये कोल्ड चेन सेंटर का निरीक्षण किया।

मौके पर सिविल सर्जन रांची ने कोल्ड चेन के उपयोग के बारे में बताया। टीम ने आयुष चिकित्सा के संबंध में भी जानकारी ली। वहीं आयोग की टीम ने इचापीड़ी पंचायत के किसानों के खेतों पर लगे ड्रिप इरिगेशन से होने वाली सब्जियों का निरीक्षण किया। मौजूद किसानों से बातकर खेती करने के तरीके को जाना और उनकी समस्याओं को भी सुना।

इस मौके पर इचापीड़ी पंचायत के पंसस ऐनुल हक अंसारी ने कहा कि पहली बार हमारे पंचायत में केंद्र सरकार की टीम आयी है। यह हम सभी किसानों के लिए हर्षोल्लास की बात है। पिठोरिया क्षेत्र किसानों का गढ़ माना जाता है। यहां से सब्जियां दूसरे राजीव के प्रमुख शहरों में भेजी जाती हैं। किसानों ने टीम के प्रमुख से क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। टीम के साथ प्रमंडलीय आयुक्त दक्षिणी छोटानागपुर, उप विकास आयुक्त, रांची, अनुमंडल पदाधिकारी रांची, कृषि विभाग के पदाधिकारी, ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, डीएसपी नीरज कुमार मौजूद थे।

# इटकी के रानीखटंगा में युवक की हत्या का आरोपी सगा छोटा भाई गिरफ्तार

**सड़क किनारे की जमीन बेचने का विरोध करने के कारण छोटे भाई ने ही की बड़े भाई की हत्या**

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** थाना क्षेत्र के रानी खटंगा गांव में सुमित उरांव (20) की धारदार हथियार से हत्या सोमवार की रात्रि में कर दी गई थी। हत्या का सुराग जानने हेतु पुलिस डॉग स्क्वायड की टीम बुलानी पड़ी लेकिन सफलता नहीं मिली थी। मृतक के पिता ने अज्ञात के नाम प्राथमिकी दर्ज कराई थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बुधवार को सिसई थाना क्षेत्र के सकरौली कुंबाटोली गांव में छापामारी कर नाना के घर में छुपे आरोपी दीपक उरांव को धर दबोचा। हत्यारा मृतक का ही सगा छोटा भाई निकला। वह घटना को अंजाम देने के बाद गांव से फरार हो गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बेड़ो डीएसपी रजत मणिक बाखला के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गुप्त सूचना व मोबाईल लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम ने सकरौली कुंबाटोली गांव स्थित नाना घर में शरण लिए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जूर्म कबूल कर लिया है। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू और खून से सना कपड़ा पुलिस ने बरामद कर लिया है।

सूत्रों की मानें तो दोनों भाइयों के बीच पैसे को लेकर विवाद हुआ था। विस्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुमित का सड़क के किनारे काफी जमीन है जिस पर दलालों की नजर पड़ी हुई थी। मृतक सुमित जमीन बेचना नहीं चाह रहा था। जबकि अभियुक्त जमीन दलालों से मिला हुआ था और जमीन बेचने में सुमित बाधक बना हुआ था। क्षेत्र में इस तरह की कई घटनाएं घट चुकी हैं, जिसमें साजिशकर्ता हमेशा बचता आ रहा है। छापामारी दल में इंस्पेक्टर नवल किशोर, थाना प्रभारी रजनी रंजन, एएसआई सुधीर चौधरी, सिसई थाना गस्ती दल व पुलिस बल शामिल थे।

## पीएचसीएस के नये चेयरमैन बने अब्दुल कलाम



**कांके (आजाद सिपाही)।** दस वर्षों से रिक्त पीपुल हाउसिंग सोसायटी (पीएचसीएस) मिल्लत कॉलोनी कांके के नये चेयरमैन अब्दुल कलाम को बनाया गया है। डॉ बी रजा के निधन के बाद से यह पद कई वर्षों से रिक्त था। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की हुई बैठक में चेयरमैन पद के लिए हुए चुनाव में अब्दुल कलाम ने डॉ अनीसुर रहमान को हराकर जीत दर्ज की। वहीं डॉ एमएच सिद्दकी सचिव, एहसान खान संयुक्त सचिव, मो. साहिल शमीम कोषाध्यक्ष बनाये गये। वहीं कार्यकारी सदस्य मो. हाशिम, सरफराज खान, अफजल मंसूरी, तारिक अनवार, डॉ जफरुल्लाह अंसारी, मो. अनीसुर रहमान, अब्दुल बारी को बनाया गया।

# हाहाप पंचायत में सोहराई जतरा सह फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** प्रखंड के हाहाप पंचायत में सोहराई जतरा समिति चरना बेड़ा सह जामुन टोली के तत्वावधान में सोहराई जतरा सह फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जतरा का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप एवं विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य बिपिन टोप्पो, 52 पड़हा अध्यक्ष प्रदीप तिर्की, समाजसेवी प्रकाश लकड़ा, उप प्रमुख वीणा देवी, हाहाप मुखिया नन्हे कच्छप, समिति अध्यक्ष मादी टोप्पो, चामु बेक एवं लक्ष्मण लकड़ा ने संयुक्त रूप से किया।



वहीं, फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच बांग्ला टोली बनाम युवा ग्रीन गार्डन रामपुर के बीच खेला गया। जिसमें बांग्ला टोली विजयी रही। अतिथियों ने विजेता टीम बांग्ला टोली को 30 हजार एक सौ, उपविजेता टीम युवा ग्रीन को 20 हजार एक सौ नगद व शील्ड देकर सम्मानित किया। देर शाम नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समिति की अधिकारी एक साथ झूमते हुए दिखे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जतरा समिति के अध्यक्ष मादी टोप्पो, संरक्षक नन्हे कच्छप, सचिव विलसन लकड़ा, डुकमा कच्छप, राजन लकड़ा, विनोद कच्छप, मदन तिग्गा, डेमना शोशी, सुकरा मुंडा, सुरेश कच्छप, सुरेश कच्छप, प्रमोद तिर्की समिति के सदस्य शामिल थे।

### कार्यक्रम : यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का मेगा कृषि ऋण वितरण शिविर का आयोजन

# बैंकों के समर्थन से महिला सशक्तिकरण को बल मिला है : शिल्पी नेहा तिर्की

**शिविर में 200 लाभुकों के बीच 2 करोड़ 41 लाख का ऋण वितरण किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** प्रखंड परिसर में बुधवार को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का मेगा कृषि ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 200 लाभुकों के बीच 2 करोड़ 41 लाख का ऋण वितरण किया गया।



मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अर्थव्यवस्था के सुधार में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पहले जब महाजन व्यवस्था थी तो खेती करने के लिए महाजनों से ऋण लेना पड़ता था और खेती बर्बाद हो जाती तो खेत को भी महाजन लूट लेते थे। लेकिन बैंक जबसे किसानों को खेती के लिए ऋण दे रहे हैं तबसे कुछ सुधार हुआ है। आगे उन्होंने कहा कि अभी भी किसानों की हालत खस्ता है। ऋण ना चुका पाने के कारण आज भी बहुत किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं। उन्होंने बैंकों और नाबार्ड से प्रशिक्षण देने पर जोर दिया। बदलते मौसम से तैयार रहने के लिए भी किसानों को कहा। केसीसी, एसएचजी इत्यादि का फायदा उठाने और सही समय पर ऋण चुकाने की भी अपील की। योजनाओं को स्थानीयता से जोड़कर फायदा उठाने की बात कही। नाबार्ड के उप महाप्रबंधक मो. आफताबुद्दीन ने ग्रामीण विकास में नाबार्ड की भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नाबार्ड के जरिए बहुत सारी योजनाएं चलायी जा रही हैं जिसका फायदा किसान उठा सकते हैं। केसीसी, जेएसएलपीएस, एसएचजी, जेएलजी का फायदा उठाकर आत्मनिर्भर बनने की बात कही।

यूनियन बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक रोबिन लकड़ा ने बताया कि यूनियन बैंक सार्वजनिक क्षेत्र का चौथा बड़ा बैंक है। पिछले साल बैंक का 18 लाख करोड़ का कारोबार हुआ है। आगे उन्होंने कहा कि मैं किसानों के हित के लिए सदैव तत्पर हूं।

कार्यक्रम को बीडीओ सुलेमान मुंडरी, सीओ विजय हेमराज खलखो, सुनीता कुमारी यादव जेएसएलपीएस के शमा परवीन, नाबार्ड के डीडीएम डॉमनिक टी लुगुन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन बैंक प्रबन्धक रोबिन लकड़ा ने किया।

मौके पर महाप्रबंधक ज्ञान रंजन सारंगी, उप महाप्रबंधक विकास कुमार सिन्हा, जमील मलिक, उप प्रमुख अमानत अंसारी, बेलस समेत सैंकड़ों किसान मौजूद थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## ग्रामीणों ने मृत कर्मचारी के शव के साथ बीएयू मुख्य द्वार का किया घेराव




**कांके (आजाद सिपाही)।** कांके क्षेत्र के गागी ग्राम निवासी सत्यनारायण मुंडा का निधन बुधवार को आवास में हो गया। सत्यनारायण मुंडा लगभग एक वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे, तब से घर पर ही इलाजरत थे। मृतक सत्यनारायण मुंडा कांके स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के 'मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग' में अनुकम्पा पर नौकरी कर रहा था। दुर्घटना होने पर सत्यनारायण मुंडा लगभग एक वर्ष से घर पर ही इलाज करा रहा था। परिजनों के अनुसार बिरसा कृषि विश्वविद्यालय प्रबंधक के द्वारा सत्यनारायण मुंडा की सैलरी रोक कर रखी हुई थी। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और दयनीय हो गई थी। इलाज के लिए पैसा तक नहीं था। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के प्रबंधक के इस रवैये से परिजन और ग्रामीण काफी आक्रोशित थे और बुधवार को ही सत्यनारायण मुंडा के शव के साथ बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के मुख्य गेट पर धरना पर बैठ गए। इस दौरान युवा कांग्रेस के रांची जिला महानगर अध्यक्ष जमील अख्तर भी मौजूद थे। लगभग एक घंटे के बाद बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति और प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों के साथ वार्ता हुई। वार्ता में सत्यनारायण मुंडा की रुकी हुई सैलरी का भुगतान पुनः करने और सरकारी प्रावधान के तहत जो भी मिलने वाली सुविधा है उसे उनके परिजनों को तत्काल दिये जाने की सहमति बनी। वार्ता पर सहमति बनने के बाद परिजन शव को लेकर अंतिम संस्कार के लिए चले गए।

## बेड़ो में निकली मां काली की विसर्जन शोभायात्रा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** श्री श्री काली पूजा समिति जामडोली रोड बेड़ो के तत्वाधान में तीन दिनी मां काली पूजा समारोह बुधवार को मां काली की निकली विसर्जन शोभायात्रा के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान मां काली को श्रद्धालु महिलाओं ने पूजा अर्चना के उपरांत सिंदूर लगाया और स्वयं सिंदूर खेला किया। इसके बाद मां काली का खोईंछा भरकर महिलाओं ने उन्हें मिष्ठान भी खिलाया। वहीं गाजा बाजा, ढाक व नगाड़ा की थाप पर विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। जो जामटोली रोड से शुरू होकर महादानी मंदिर पहुंची। जहां मां काली की प्रतिमा के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ महादानी बाबा के मंदिर की परिक्रमा किया। इसके बाद शोभायात्रा गुमला रोड, लोहरदगा रोड व बेड़ो बाजार टांड़ होते हुए देवी मंडप बेड़ो पहुंची। जहां श्रद्धालुओं ने मां भगवती के चरणो में मत्था टेका और सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद श्रद्धालुओं का हुजूम मां काली की प्रतिमा के साथ जयकारा लगाते हुए बेड़ो तालाब पहुंचा। जहां पुनः मां काली की पूजा अर्चना व आराधना के बाद श्रद्धालुओं ने मां काली की प्रतिमा को जयघोषों के बीच तालाब में विसर्जित कर दिया। इधर समारोह को सफल बनाने में समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों, समाजसेवियों बुद्धिजीवियों और शिक्षाविदों ने सराहनीय योगदान दिया।

## रातू के मुरचू, पुरियों और फेटा में सोहराई जतरा का हुआ आयोजन



**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पुरियों, मुरचू व फेटा गांव में बुधवार को विभिन्न समितियों की ओर से अखड़ा समिति पुरियों की ओर से पारंपरिक सोहराई जतरा का आयोजन किया गया। आदिवासी भेष भूषा में ढोल नगाड़े के साथ युवक-युवतियों ने पारंपरिक गीत संगीत प्रस्तुत किया। पुरियों में आयोजित जतरा महोत्सव में 12 गांव के खोड़हाधारी शामिल हुए। पूर्व डिप्टी मेयर व कांग्रेस नेता अजयनाथ शाहदेव, सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष व पूर्व जिप सदस्य अमर उरांव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आफताब आलम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर सोहराई जतरा का शुभारंभ किया। वहीं मुरचू व फेटा में बतौर मुख्य अतिथि हटिया विधायक नवीन जयसवाल उपस्थित थे। जतरा में 12 पड़हा के लोग शामिल हुये। इस दौरान रंगारंग पारंपरिक नृत्य संगीत की धूम रही। जतरा का शुभारंभ पहानो द्वारा मुर्गे की बलि देकर किया गया। झारखंड में सुख, शांति-समृद्धि के लिए पूजा की गयी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, आजसू के भरत कांसी व पूर्व जिप सदस्य अमर उरांव मौजूद थे।

## इटकी में सोहराई भजना जतरा का आयोजन

**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरमू सालोटोली स्थित कोढ़ी मोड़ में बुधवार को सोहराई भजना जतरा का आयोजन किया गया। मौके पर पाहन राजा बुधराम मुंडा द्वारा जतरा खूंटा की पारंपरिक रूप से पूजा अर्चना की। 21 पड़हा का प्रतीक काठ के हाथी पर सवार कर जतरा खूंटा का परिक्रमा कराया गया। विभिन्न गांवों से आये नृत्य खोड़हा द्वारा पारंपरिक वेश में सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। जतरा में डोला, सुगदा, सौका, हरमू सालोटोली, खंभा, कुल्ली, पुरियों, लुपुंगा, डहुटोली, सहित गांव के नृत्य खोड़हा शामिल हुए। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी खोड़हा को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोहराई भजना जतरा के अध्यक्ष रामा लकड़ा, जलेश्वर महली, नारायण मुंडा, गौतम सिंह, मिथिलेश सिंह, सुका उरांव, बैजनाथ सिंह, सुरेश मुंडा, सागर सिंह, संजय टोप्पो, पंचम उरांव, विकास उरांव, प्रीतम सिंह सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## काली पूजा व सोहराई जतरा के अवसर पर नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग के लालगंज काली पूजा और सेमला में सोहराई जतरा के अवसर पर नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन बोकरन्दा मुखिया सरोज मुंडा, उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा व सेमला में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने फीता काट कर किया। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि मेला हमारे पूर्वजों और झारखंड की पहचान है। इस परंपरा को बचाकर रखने की जरूरत है। सास्कृतिक कार्यक्रम में लोग थिरकने पर मजबूर हो गए। मेला में जलेबी के अलावे ईख खूब बिके। लालगंज काली पूजा समिति के द्वारा लालगंज में सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसके मुख्य कलाकार कवि किशन, अंजली देवी, दिलीप गोप, रेशमा कुमारी, अंजना देवी, बरखा रानी के अलावे मांदर बादक, कीपैड व नाल वादक ने लोगों का मनोरंजन कराया। मेले का सफल आयोजन पर काली पूजा समिति आद्यक्ष चारकु साहू, सचिव प्रेम कुमार साहू, कोषाध्यक्ष विष्णु महली ने आम लोगों को बधाई दी। शांति व्यवस्था के लिए लापुंग पुलिस मेले में तैनात दिखी।

## पांकी विधायक के सौजन्य से छठ व्रतियों को पूजन सामग्री किया गया वितरित

# छठ महापर्व में सभी घरों तक प्रसाद पंहुचना बहुत ही पुण्य कार्य : दीपक प्रकाश

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी विधायक डां एसबीपी मेहता के सौजन्य से पूरे विस क्षेत्र में छठ पूजन सामग्री का वितरण बुधवार को पांकी विस के नीलाम्बर पीतांबरपुर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय,जिला प्रभारी विनय जायसवाल, विधायक डां शशिभूषण मेहता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के पश्चात पांकी जरही चौक पर विधायक डॉ शशिभूषण मेहता एवं भाजपा कार्यकताओं ने फूल माला से



स्वागत किया। वही प्रदेश अध्यक्ष ने पांकी कपूर्री चौक में कपूर्री ठाकुर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बीते कुछ दिन पहले पांकी मंडल अध्यक्ष बाल्मीक्की सिंह की बीमारी के कारण देहांत हो गया था तो प्रदेश अध्यक्ष ने उनके घर कोनवाई जाकर उनके पत्नी एवं उनके पुत्र से मिले और ढांढस बंधाया और हर समय सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्रसाद वितरण कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता श्याम बाबू ने किया। प्रसाद वितरण समारोह में प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि पांकी विधानसभा के 32 हजार घरो में साड़ी, धोती, नारियल, फल, चूड़ी, सिंदूर, बिंदी इत्यादि 15 तरह का आइटम पंहुचना बहुत ही पुण्य कार्य है। उन्होंने पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता की जमकर सराहना किया। दीपक प्रकाश ने कहा कि मैं 20 साल से राजनीति के क्षेत्र में आया हूँ लेकिन इस तरह का कार्यक्रम राज्य ही नही पूरे देश मे कंही नही देखा हूँ। पूरे विधानसभा अंतर्गत 400 गावं एवं 800 टोला में घर-घर पंहुचना बहुत ही सराहनीय कार्य है। विधायक डॉ मेहता ने पूरे विधानसभा के कार्यकताओं को बधाई दिया और कहा आपलोग के ही सहयोग से सभी घरों तक 2017 से प्रसाद का वितरण कर रहा हूँ और आगे भी करते रहूंगा। कार्यक्रम का समापन जिला महामंत्री सुरेन्द्र विश्वकर्मा ने किया। मौके पर जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ,भाजपा नेता श्यामनारायण दुबे, पूर्व प्रत्याशी लाल सूराज, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष किशल्य तिवारी, महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, लातेहार के पूर्व जिला अध्यक्ष राजधानी यादव, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता,प्रभात भुईयां, अविनाश वर्मा, किरण मेहता, प्रो.बच्चन ठाकुर, संजय वर्मा, रंजय ठाकुर,मनोज सिन्हा, सुनील गुप्ता, रौशन सिंह सहित हजारो लोग उपस्थित थे।

## भाजपा नेता ने फीता काटकर किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के बरौली गांव मे लक्ष्मी पूजा समिति के तत्वाधान में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह व पूजा समिति के लोगों ने फीता काटकर किया। मौके पर भाजपा नेता सह विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बिनोद कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को लक्ष्मी पूजा की शुभकामनाएं देते हुए लक्ष्मी माता से क्षेत्र में कृपा करने की कामना की। उन्होंने कहा कि बरौली गांव के ग्रामीणों द्वारा विगत कई वर्षों से प्रत्येक वर्ष लक्ष्मी पूजा मनाने तथा इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर सामाजिक समरसता मजबूत करने के साथ-साथ लोगों को मनोरंजन कराने का काम आ रहे हैं। इसके लिए उन्होंने आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन व नृत्य संगीत से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।मौके पर मुख्य रुप से मुखिया प्रतिनिधि अशोक यादव,पूर्व मुखिया टूना सिंह,सुनील सिंह,अंकित कुमार, बबलू कुमार समेत सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** दंगवार ओपी क्षेत्र के शिवाबीघा गाँव मे एक विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई।इसकी सूचना मिलने पर दंगवार ओपी प्रभारी चंदन शर्मा दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। मृतिका शिवाबीघा गांव निवासी नागेन्द्र पासवान की पत्नी अनीता देवी 38 वर्ष बतायी जाती है। वहीं मृतका हुसैनाबाद थाना के अलीनगर गांव निवासी स्वर्गीय वासुदेव राम की पुत्री बतायी जाती है।इस घटना के बारे मृतिका के बहन का लड़का मनोज पासवान ने मृतका के पति, ससुर, सास पर हत्या का आरोप लगाया है।पूर्व में इन लोगों ने मारपीट कर फेंक दिया था। इस संबंध में दंगवार ओपी प्रभारी चंदन शर्मा ने बताया की मृतिका के परिजनों ने इस संबंध में अभी तक कोई आवेदन नहीं दिया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा।

## किराना दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग पांच लाखों कि नुकसान

**हरिहरगंज /पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज नगर पंचायत अंतर्गत सिनेमा रोड पीपरघाट किराना दुकान में मंगलवार की देर शाम शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे लाखों रुपए की किराना सामान जलकर खाक हो गया। किराना दुकान के संचालक विनय कुमार उर्फ मुन्ना साव ने बताया कि दुकान में शॉर्ट सर्किट लगने से नगद 50 हजार सहित 5 लाख रूपए की समान जलकर खाक हो गया। आग की लपेट देख आसपास के लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया तब तक पूरा सामान जलकर खाक हो गया। उन्होंने बताया कि दुकान में लगी आग से दुकान में रखे फ्रिज, मोटर पंखा बांधने का मशीन, आटा, चावल, दाल, साबुन सहित ढेर सारा किराना सामान के अलावे खरीद बिक्री रजिस्टर, कागजात सभी समान जल गए। दुकानदार का जीवन यापन के मुख्य स्रोत दुकान ही था। दुकान में आग लगने की सूचना पर मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा,मनोज मेहता, हरिप्रसाद, आकाश कुमार, सुनील मेहता, पप्पू यादव, दीपक कुमार, मुन्ना मेहता, सुरेंद्र कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण पहुंच कर सरकार से मुआवजा देने की मांग की है।

## आम आदमी पार्टी निगम के प्रत्याशियों का करेगी समर्थन : राकेश

मेदिनीनगर। आप पार्टी की पलामू नगर निगम चुनाव को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता चंद्रबली चौबे ने किया। नगर निगम में होने वाले सभी जगहों पर नगर निकाय चुनाव को लेकर एक कमिटी बनी । नगर निगम चुनाव लड़ने के लिए आवेदन देना होगा जो कमिटी निर्णय करके सभी प्रत्याशी को समर्थन करेगी।जो लड़ने वाले प्रत्याशी हैं वो चुनाव के घोषणा होने के बाद आवेदन देकर अपनी इक्छा जाहिर कर सकते हैं। उसमें कमिटी निर्णय लेकर समर्थन करेगी। मौके पर किशोर सिन्हा,अशोक यादव,सुधीर कुमार, ओमप्रकाश गुप्ता,गणेश प्रसाद, संजय राम,सशिकान्त,अनूप तिवारी,राशिद,राहुल सहित कई लोग मौजूद थे।

## छठव्रतियों के लिए पर्यावरणविद 28 को करेंगे सुखे आम की लकड़ी का वितरण

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शहर के छमुंहान के निकट तिकोनिया गैरेज उपायुक्त आवास के पुराना गेट के पास पूर्व के वितरण स्थल पर इस वर्ष भी 28 अक्टूबर को सामाजिक दायित्वों के तहत विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल छठ व्रतियों के लिए सूखे आम की लकड़ी का वितरण करने की तिथि मुकर्रर किया है। श्री कौशल ने बताया कि वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर चौधरी व्रतियों के बीच सुखी हुई आम की लकड़ी देकर करेंगे। लोक आस्था एवं शुद्धता व पवित्रता का महान पर्व छठ व्रत पर पर्यावरणविद पिछले 30 वर्षों से व्रतियों के बीच सूखी हुई आम की लकड़ियां वितरित करते आ रहे हैं। 30 वर्ष पहले शुरू यह अभियान आज भी जारी है। शहर के बाईपास रोड आबादगंज स्थित आवास पर्यावरण भवन में प्रेस वार्ता कर पर्यावरणविद ने इसकी जानकारी दी। इस संबंध में विशेष जानकारी देते हुए डाली बाजार पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल व छतरपुर पूर्वी के जिला परिषद अमित




कुमार जायसवाल ने संयुक्तरूप से बताया कि 28 अक्टूबर दिन शुक्रवार की सुबह 11बजे से शहर के तिकोनिया गैरेज के निकट सुखी हुई आम की लकड़ियां छठ व्रतियों के बीच वितरित किया जाएगा। जायसवाल टिंबर के प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल ने बताया कि वितरण के समय व्रतियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो इसको ध्यान में रखते हुए वितरण की विशेष तैयारी व व्यवस्था कर ली गयी है। ताकि सभी व्रतियों को प्रसाद बनाने के लिए सुखी हुई आम की लकड़ी मिल सके। प्रेस वार्ता के दौरान प्रिंसिपल कुमारी ज्योति जायसवाल, कोमल जायसवाल व शिल्पा जासवाल आदि उपस्थित थीं।

## मां लक्ष्मी की आराधना से सुख,संपत्ति का सौभाग्य मिलता है : रुद्र शुक्ला

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** लक्ष्मी पूजा के अवसर पर पाकी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालो के शिंजो सगालिम, टरिया, हरतुवा आदि विभिन्न लक्ष्मी पूजा कार्यक्रम में मंत्री के प्रतिनिधि वित्त सह खाद्य आपूर्ति, पूर्व विधायक प्रत्याशी रुद्र शुक्ला को पूजा कार्यक्रम में शामिल होने पर पूजा कमेटियों ने चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। इस दौरान पूजा कार्यक्रम का युवा नेता ने फीता काटकर शुभारंभ भी किया। इस मौके पर युवा नेता ने कहा कि मां लक्ष्मी धन, धान्य की देवी है, सुख शांति के देवी हैं इनकी आराधना से खुशहाली और समृद्धि आती है। मैं मां लक्ष्मी से मां काली से यह कामना करता हूं कि पूरे पांकी विधानसभा क्षेत्र में सुख,शांति,अमन,चैन और समृद्धि कायम हो। मौके पर अंजनी पाठक,अखिलेश सिंह,रीना देवी, शिव पाठक, सोनू पाठक,अनिल सिंह, वाल्मीकि सिंह,मुखिया अरविन्द शुक्ला, पंचायत समिति दीपक गिरी, विसेश्वर मेहता, कुंदन शुक्ला सहित कई लोग उपस्थित थे।

## महापौर ने निगम क्षेत्र के खास महल भूमि की लीज में हुई बढ़ोत्तरी का किया विरोध

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** महापौर अरुणा शंकर ने सरकार द्वारा बढ़ाएं गये मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के अधीन लीज भूमि की दर को दोगुना करने का विरोध करते हुए कहा कि सरकार लीज बढ़ोत्तरी मे मनमानी कर रही। मैंने कमेटी को खुद लिखित रूप से दिया है कि जब 1896 लीज धारियों में मात्र 46 लीज धारियों ने ही पुराने दर पर आज तक लीज का नवीनीकरण कराया है तो रेट बढ़ाकर कैसे उपायुक्त सोच सकते हैं की लीज नवीकरण होगा। महापौर ने कहां मैंने खुद लिखित रूप से उपायुक्त की अध्यक्षता वाले




कमेटी को लीज भूमि की दर को कम करने की अनुशंसा की है इसके बावजूद जबरन कमेटी ने मेरे विरोध करने के बावजूद बिना मेरे हस्ताक्षर के लीज भूमि कि दर को दोगुना कर दिया जो दुखद है। मैं इस दर का पुनः पुरजोर विरोध करती हूं तथा सभी जनप्रतिनिधियों खासकर सत्तापक्ष से अनुरोध करती हूं की इस रेट को लागू ना होने दें अन्यथा कई लोग भूमि रहते भूमिहीन हो जाएंगे। महापौर ने एक बार फिर उपायुक्त से अनुरोध करते हुए कहा है कि बढ़ाया गया दर कहीं से तर्कसंगत नहीं है इस पर पुनर्विचार करें। महापौर ने उपायुक्त से यह भी कहा कि आप 30 वर्षों का जितना किराया लीज भूमि का लेना चाहते है उतने में रांची के कांके रोड में लोग जमीन का केवाला करा कर खरीद लेंगे। महापौर अरुणा शंकर ने कहां अगर सरकार नहीं मानी तो लीज धारियों के साथ बैठक कर हाई कोर्ट जाऊंगी।

## स्पोर्ट्स



आईसीसी टी-20 विश्व कप : इंग्लैंड के लिए बारिश बनी खलनायक, आयरलैंड ने 5 विकेट से हराया

## आइसीसी टी-20 रैंकिंग में 9वें स्थान पर पहुंचे विराट कोहली

**दुबई।** पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी टी-20 विश्व कप में 53 गेंदों में नाबाद 82 रनों की पारी खेलने के बाद पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली को आईसीसी टी 20 रैंकिंग में पांच स्थानों का फायदा हुआ है और वह 9वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं, लेकिन उन्हें न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे से कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद है।



कॉनवे ने टी 20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 92 रनों की पारी खेली थी, जिसके बाद उन्हें तीन स्थान का फायदा हुआ और वह दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। कॉनवे ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 58 गेंदों पर 92 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) के सभी हिस्सों में शॉट लगाए। यह मैच न्यूजीलैंड ने 89 रनों से जीता। इस पारी की बदौलत कॉनवे ने भारत के सूर्यकुमार यादव, पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी एडेन मार्कराम को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल किया।

## शाकिब ने कहा-दबाव अफ्रीकी टीम पर होगा

**सिडनी।** बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने कहा कि इस साल की शुरूआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली एकदिवसीय श्रृंखला जीत उन्हें गुरुवार को टी 20 विश्व कप मैच से पहले आत्मविश्वास देगी। शाकिब ने कहा, ¥यह दोनों पक्षों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण मैच है लेकिन दक्षिण अफ्रीका के लिए, जिसने अपने पहले मैच से दो अंक की उम्मीद की होगी, यह एक करो या मरो मैच है। वे कुछ दबाव में होंगे। अब हम ऐसे मैदान पर खेलेंगे जो आमतौर पर स्पिनरों की सहायता करता है। आईसीसी आमतौर पर विश्व कप में अच्छे विकेट बनाने की कोशिश करता है ताकि सभी को मदद मिले। उन्होंने कहा, उनके पास कई विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं, लेकिन हम अपनी क्षमता के अनुसार सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। हमारे पास हाल ही में उनके खिलाफ कुछ अच्छी यादें हैं, हालांकि प्रारूप अलग है और यह मानसिक रूप से हमारी मदद करेगा। हमें बड़ी भीड़ की उम्मीद है क्योंकि सिडनी में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी आबादी है।



## कार्यालय जिला अभियंता जिला परिषद, गुमला

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 21/2022-23

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 03-11-2022 से दिनांक 04-11-2022 (अपराहन 3.00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 05-11-2022 को (अपराहन 3.30 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 05-11-2022 को (अपराहन 3.30 बजे तक)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. कार्यालय जिला परिषद, गुमला। 2. सहायक अभियंता, जिला परिषद, गुमला।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, गुमला।
7. कार्य का विस्तृत विवरणी मदवार :– 15th वित आयोग मद (Tied Fund)

| क0 | Group No | Activity Code | योजना का नाम | प्रखण्ड | क्षेत्र | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 54315056 | गुमला प्रखंड के पंचायत तेलगॉव के ग्राम कानाटोली में कृष्णा सिंह के घर के पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | गुमला | मध्य गुमला | 2393050.00 | 5000.00 | 48000.00 | 3 माह |
| 2 | | 54317379 | गुमला प्रखंड के पंचायत टोटो के ग्राम टोटो में दुर्गा मंदिर के पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | गुमला | उतरी गुमला | | | | |
| 3 | | 54317423 | गुमला प्रखंड के पंचायत कतरी के ग्राम कतरी में मस्जिद के पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | गुमला | उतरी गुमला | | | | |
| 4 | | 54319175 | गुमला प्रखंड के पंचायत अरमई ग्राम अरमई में रामजानकी मंदिर के पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | गुमला | पुर्वी गुमला | | | | |
| 5 | | 54319287 | गुमला प्रखंड के पंचायम कुम्हरिया ग्राम बरगॉव बरटोली में श्री रामलाल साहु के घर के पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | गुमला | पुर्वी गुमला | | | | |
| 6 | 2 | 54315841 | सिसई प्रखंड के पंचायत पुसो के ग्राम पुसो में महतो टोली पीपल चबुतरा के पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | सिसई | उतरी सिसई | 2393050.00 | 5000.00 | 48000.00 | 3 माह |
| 7 | | 54315887 | सिसई प्रखंड के पंचायत पुसो के ग्राम पुसो में बडकु पहान घर के पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | सिसई | उतरी सिसई | | | | |
| 8 | | 54316254 | सिसई प्रखंड के पंचायत किनरकेला के ग्राम किनरकेला में बाचो टोली में बडाईक के घर के पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | सिसई | दक्षिणी सिसई | | | | |
| 9 | | 54315694 | भरनो प्रखंड के पंचायत डुड़िया के ग्राम बंगरू में टिना उरॉव घर के पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | भरनो | दक्षिणी भरनो | | | | |
| 10 | | 54317720 | भरनो प्रखंड के पंचायत दक्षिणी भरनो के ग्राम अमनपुर में मस्जिद के सामने चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | भरनो | उतरी भरनो | | | | |
| 11 | 3 | 54315185 | बसिया प्रखंड के पंचायत ओकबा के ग्राम बतौल्या जिगो टोली में मुण्डेश्वरी उरॉव के घर के पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | बसिया | उतरी बसिया | 2222994.00 | 5000.00 | 44500.00 | 3 माह |
| 12 | | 54321660 | कामडारा प्रखंड के पंचायत रेडवा के ग्राम रेडवा में केन्दटोली में आर0सी0 मध्य वि0 में 3 यूनिट शौचालय निर्माण। | कामडारा | कामडारा | | | | |
| 13 | | 54321853 | कामडारा प्रखंड के पंचायत रेडवा के ग्राम रेडवा में बोण्डो केरकेटा के घर से सुरेश स्वासी के घर तक 200 फीट ढक्कन सहित नाली निर्माण। | कामडारा | कामडारा | | | | |
| 14 | | 54317106 | पालकोट प्रखंड के पंचायत बंगरू के ग्राम डमकारा टुकुटोली में विमल सोरेंग के घर के पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | पालकोट | दक्षिणी पालकोट | | | | |
| 15 | 4 | 54317272 | पालकोट प्रखंड के पंचायत टेंगारिया के ग्राम पंडरिया में मलार ठाकुर के घर के पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | पालकोट | उतरी पालकोट | 1914440.00 | 5000.00 | 38300.00 | 3 माह |
| 16 | | 54316300 | डुमरी प्रखंड के पंचायत डुमरी के ग्राम जितियाटोली में राजु फिरोज कुजूर के घर के सामने चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | डुमरी | डुमरी | | | | |
| 17 | | 54316806 | डुमरी प्रखंड के पंचायत नवाडीह के ग्राम क्रिस्तनगर में राजेन्द्र मिंज के घर के पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | डुमरी | डुमरी | | | | |
| 18 | | 54321210 | जारी प्रखंड पंचायत जरडा ग्राम मेराल मे बसंत तिर्की के घर के पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | जारी | जारी | | | | |
| 19 | | 54321265 | जारी प्रखंड के पंचायत मेराल के ग्राम मेराल में फ्रांसिस एक्का के घर के पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | जारी | जारी | | | | |
| 20 | 5 | 54317620 | रायडीह प्रखंड के पंचायत कान्सीर के ग्राम कान्सीर खास में श्यामा देवी के घर पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | रायडीह | रायडीह | 1737794.00 | 5000.00 | 34800.00 | 3 माह |
| 21 | | 54321467 | रायडीह प्रखंड के पंचायत केमटे के ग्राम केमटे में चंद्रपाल सिंह के घर से पुल तक 200 फीट ढक्कन सहित नाली निर्माण। | रायडीह | रायडीह | | | | |
| 22 | | 54319368 | चैनपुर प्रखंड के पंचायत बेन्दोरा ग्राम छतरपुर में कल्याण एक्का के घर के पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | चैनपुर | चैनपुर | | | | |
| 23 | | 54319417 | चैनपुर प्रखंड के पंचायत चैनपुर के ग्राम चैनपुर में बरवे उच्च विद्यालय के नीचे बिमल बेक के घर के पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | चैनपुर | चैनपुर | | | | |
| 24 | 6 | 54316873 | घाघरा प्रखंड के पंचायत घाघरा के ग्राम पाकरटोली में बासुदेव उरॉव के घर के पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | घाघरा | पश्चिमी घाघरा | 1914440.00 | 5000.00 | 38300.00 | 3 माह |
| 25 | | 54316931 | घाघरा प्रखंड के पंचायत घाघरा के ग्राम घाघरा में उच्च विधालय के पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | घाघरा | पश्चिमी घाघरा | | | | |
| 26 | | 54319058 | घाघरा प्रखंड के पंचायत बदरी के ग्राम गुटवा में सुनील सिंह के घर के पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | घाघरा | पुर्वी घाघरा | | | | |
| 27 | | 54319126 | घाघरा प्रखंड के पंचायत बदरी के ग्राम बदरी करमटोली में घुड़ पहान के घर के पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | घाघरा | पुर्वी घाघरा | | | | |
| 28 | 7 | 54317522 | विशुनपुर प्रखंड के पंचायत बनारी के ग्राम बनारी में बनारी लैम्पस परमेश्वर भगत के घर के पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | विशुनपुर | विशुनपुर | 957220.00 | 1250.00 | 19200.00 | 3 माह |
| 29 | | 54317555 | विशुनपुर प्रखंड के पंचायत घाघरा के ग्राम जोरी में आनंद साहु के घर के पास चापाकल में सोलर पंप सहित जलमिनार का निर्माण। | विशुनपुर | विशुनपुर | | | | |

PR 280914 Rural Development(22-23).D

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, गुमला

## स्व. रघुनाथ महतो की पुण्यतिथि पर दुमदुमी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** दुमदुमी पंचायत अंतर्गत स्व रघुनाथ महतो स्मारक समिति के द्वारा रघुनाथ महतो की पुण्यतिथि मनायी गई। इस दौरान श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इससे पूर्व समिति के सदस्य सदानंद महतो के नेतृत्व में एक प्रभात फेरी निकाली गयी। तत्पश्चात स्व. रघुनाथ महतो की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान सदानंद ने कहा कि स्व. रघुनाथ महतो ने समिति के झारखंड, बिहार तथा बंगाल का नेतृत्व किया था। उन्होंने शोषण मुक्त समाज की कल्पना सच की थी। वह सरल विचार के व्यक्ति थे। उन्हें14 भाषाओं का ज्ञान था। वह दूरदृष्टि चिंतक एवं दार्शनिक व्यक्ति थे। गांव के लोगों को हमेशा कृषि कार्यों के लिए प्रेरित करते थे। वे तोपचांची पंचायत के प्रथम निर्विरोध मुखिया1952 में बने थे। वे सच्चे समाज के जननायक थे तथा क्रांति पर विश्वास रखते थे। वही श्रद्धांजलि सभा के दौरान हलधर महतो ने कहा कि हमें स्व. रघुनाथ महतो के मार्गदर्शन एवं विचारों पर चलने की जरूरत है। टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि वह एक विद्वान व्यक्ति थे। उनका जीवन संघर्षपूर्ण जीवन रहा है। मौके पर सरयू प्रसाद महतो, दयानंद प्रमाणिक, अनंतलाल महतो, जगदीश चौधरी, भाषा आंदोलन के नेता जयराम महतो, कृष्णा महतो, नीरज प्रमाणिक, पुनिया देवी, मोन्नी देवी, चांदो महतो, लक्ष्मण महतो, डॉ प्रीतम महतो, संजय महतो, विमल महतो, अनिल महतो, मोती देवी, अलवा देवी, प्रभु महतो, सुरेश महतो, सुरेश तुरी, महेशवर महतो, सूदन महतो, देवनारायण महतो, प्रमिला देवी, जगनी देवी, अनिल महतो, शेखर महतो, सरस्वती देवी, गीता देवी रीता देवी, चांदनी कुमारी आदि ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

## महापर्व छठ को लेकर मैथन ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर गुरुवार को मैथन ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मैथन ओपी प्रभारी बालाजी राजहंस के साथ एगयारकुड बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार एवं छठपूजा कमेटी के सदस्य सहित शांति समिति के सक्रिय सदस्य उपस्थित थे। अध्यक्षता कर रहे बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार ने छठ पूजा कमेटियों से चर्चा करते हुए सौहार्द्र और शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की। कहा कि मैथन क्षेत्र भीड़भाड़ वाला क्षेत्र है, क्योंकि यहां के छठ घाटों में काफी भीड़ होती है। इसलिए छोटे बड़े वाहन को छठ घाट तक ना ले जाये, घाट तक पैदल ही जायें ताकि छठ व्रतियों को किसी प्रकार का असुविधा ना हो, वही मैथन ओपी प्रभारी बालाजी राजहंस ने कहा कि असामाजिक तत्व पर प्रशासन की विशेष नजर रहेगी, किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जायेगी। वही वक्ताओं ने कहा की प्रशासन की व्यवस्था दुरुस्त हो। क्योंकि यहां छठ घाट में जगह रोकने को लेकर हमेशा ही झगड़ा होते रहता है। बैठक में मुख्य रूप से मुखिया बबलू चौधरी, बुल्टी देबी, कालीमाटी मुखिया प्रतिनिधि मोती हेंब्रम, जयशंकर सिंह, अफजल खान, काली पहाड़ी पूरब मुखिया अजय मुर्मू, गोपी मुरमुर, अमर कुमार सिंह, एएसआइ अजय कुमार, रूप शिव मुंदरी, जितेंद्र शर्मा, विनय कुमार महतो, मधुसूदन महतो इत्यादि शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## दिवाली के जश्न से इएसएल हुआ रौशन




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** इएसएल स्टील लिमिटेड ने दिवाली उत्सव में कंपनी के कर्मचारियों और लाभार्थियों के जीवन को उत्साह और उमंग से रोशन किया। इएसएल की एचआर टीम ने प्लांट की विभिन्न भागों के बीच इएसजी की थीम पर रंगोली बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को अपने रचनात्मकता का प्रदर्शन किया एवं विभिन्न स्थानों पर इन प्रदर्शनियों की इएसएल परिवार के सभी सदस्यों ने सराहना भी की। यह उत्साह अपने अगले मुकाम तक पहुंच गई जब ब्लास्ट फर्नेस में ५०१५ एमटी हॉट मेटल का प्रॉडक्शन 21 अक्टूबर को किया। कंपनी के कार्यकारी सदस्यों ने शॉपफ्लोर कर्मचारियों के साथ उपलब्धि का जश्न मनाया और उनके त्रुटिहीन प्रयासों के लिए उनकी सराहना की जिससे अन्य सभी भागों के कार्यकर्ताओं को प्रेरणा मिली। वेदांता स्किल स्कूल के छात्रों ने भी रोशनी के इस त्योहार के आगमन को मानने के लिए अपने स्कूल के परिसर में दिये जलाये और रंगोली बनायी। उनके द्वारा जलाए गए दिए एक तरह से इएसएल सीएसआर द्वारा सीड्स इंपैक्ट के सहयोग से उठाये गये कदम छात्रों के भविष्य के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश बन रहे हैं। इएसएल के सभी कर्मचारियों, हितधारकों और लाभार्थियों को कंपनी के लिये किये गये कार्यों और इसके वास्तविक प्रभाव का जश्न मनाने के रूप में मिठाई वितरित की गई। इएसएल लोगों को एक साथ लाने में सबसे आगे रहता है, चाहे वह कोई त्योहार हो या कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि को मनाना। अपने हितधारकों के लिए कंपनी हमेशा आगे रहती है और भिन्न-भिन्न अवसरों पर अविरल आयोजन करती है।

## गरीब जरूरतमंदों को कम दर पर भरपेट भोजन करायेगा सर्वविद्या सेवा ट्रस्ट



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** श्री आदिगुरु सर्वविद्या सेवा ट्रस्ट प्रतिदिन गरीब जरूरतमंदों को मात्र 10 रुपये की दर पर पेट भर भोजन करायेगी। बुधवार से इसकी शुरूआत हुई। रणधीर वर्मा चौक के समीप स्थित इस भोजनालय का उद्घाटन टुंडी विधायक सह सचेतक मथुरा प्रसाद महतो, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, झामुमो व्यवसायिक प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष अमितेश सहाय जीटा के महासचिव राजीव शर्मा एवं झामुमो नेता मदन महतो ने संयुक्त रूप से किया। भोजन वितरण का शुभारंभ दीप जलाकर किया गया। सर्वप्रथम ट्रस्ट के अध्यक्ष रंजन गुप्ता ने अंग वस्त्र देकर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर उद्घाटनकर्ताओं ने इस नेक कार्य के लिए ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई दी। ट्रस्ट के अध्यक्ष रंजन गुप्ता के जन्मदिन के अवसर पर गरीब जरूरतमंदों को इस भोजनालय से प्रथम दिन निःशुल्क भोजन कराया गया। रंजन गुप्ता ने बताया प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक भोजनालय से भोजन प्राप्त किया जा सकता है। समय-समय पर भोजन में बदलाव भी किया जायेगा। जिसमें खिचड़ी, पूरी सब्जी, दाल-भात सब्जी,रोटी सब्जी शामिल होगी। मौके पर ट्रस्ट के सचिव राजीव नयन, कोषाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, रविंद्रर सिंह, अमित राय, अमित गुप्ता, राजू साव, मनोज कुमार, उदय कुमार, विक्की सिंह मौजूद रहे।

# पुलिस ने तीन अपहरणकर्ताओं को भेजा जेल, अनुसंधान जारी

## तीनों ने अपहरणकर्ताओं ने अपना जुर्म कबूल किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** लोयाबाद पुलिस ने बुधवार को अपहृत गणेश नोनियां को अपहरणकर्ताओं से बरामद कर लिया साथ ही फिरौती मांगने के आरोप में तीन अपहरणकर्ता विकास नोनियां, राजा हसन और अरविंद रवानी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह तीनों लोयाबाद का ही रहने वाला है। वही फरार आरोपी अर्जुन नोनिया की गिरफ्तारी के लिए पुलिस बंगाल जाने की तैयारी कर रही है। पुलिस के मुताबिक तीनों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। ज्ञात हो कि मंगलवार के तीन बजे दिन में अपहृत युवक के चाचा पांडु नोनियां ने पुलिस को लिखित शिकायत दे कर 23 अक्टूबर को लोयाबाद मोड़ से अपहरण कर लिये जाने की शिकायत की थी। पुलिस शिकायत मिलते ही हरकत में आ गई। मोबाइल लोकेशन के आधार पर बुधवार की शाम सेंद्रा पुल के पास से तीन अपहरणकर्ताओं को धर दबोचा तथा उसके चंगुल से अपहृत युवक को मुक्त करा लिया। एक अपहरणकर्ता भागने में सफल हो गया था। अपहरणकर्ताओं ने उक्त युवक को अपहरण करने के बाद दो दिन लोयाबाद बीस नंबर स्थित एक आवास में बंद रखा और कल उसे स्कार्पियों पर बैठा कर इधर-उधर घुमा रहा था तथा व्हाटसअप कालिंग से उसके परिजनों से दो लाख रुपये की फिरौती भी मांग कर रहा था। नहीं देने पर तरह-तरह की धमकी भी दी जा रही थी। फिरौती की रकम को डालने के लिए अपहरणकर्ताओं द्वारा क्यू आर कोड भी दिया गया था।

### घटना के दिन तक शिकायत नहीं किया जाना संदेहास्पद

**23 अक्टूबर को गणेश नोनियां का लोयाबाद मोड़ से अपहरणकर्ताओं द्वारा कर लिया जाता है। अपहृत के चाचा के द्वारा उसी दिन पुलिस से शिकायत नहीं की जाती है। दो दिन बाद शिकायत किया जाना कई संदेह को जन्म दे रहा है। यह पूछे जाने पर कि उसी दिन क्यों शिकायत नहीं की गई। इस पर उन्होंने कोई खास जवाब नहीं दिया। सवाल उठना लाजिमी है कि उसी दिन पुलिस से शिकायत क्यों नहीं की गई थी। बहरहाल पुलिस के अनुसंधान में ही इस बात का खुलासा हो सकेगा कि घटना की सच्चाई क्या है।**

## बस्ताकोला गायत्री मंदिर प्रांगण में आयोजित हुआ मां वत्सला भवानी ट्रस्ट का वार्षिक कार्यक्रम

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भगतडीह।** मां वत्सला भवानी ट्रस्ट झारखंड के द्वारा गुरुवार को बस्ताकोला स्थित गायत्री मंदिर प्रांगण में वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं एवं ट्रस्ट के नये सदस्यों को मेमेंटो प्रदान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाज के प्रतिष्ठित डॉ. रामावतार चौहान ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के उत्थान के लिए सबसे आवश्यक है। उन्होंने युवा वर्ग को नशा, दहेज प्रथा जैसे कुरीतियों को दूर करने के लिए अभियान चलाने की बात कही। वही मुख्य अतिथि कन्हाई चौहान ने समाज में व्याप्त अशिक्षा को दूर करने, शिक्षा के प्रति जागरूक होने पर बल दिया। मेधावी छात्रों को मेमटो को प्रदान कर सम्मानित किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल नोनिया,विभूति नारायण, ललिता देवी एमपी चौहान हरिलाल नोनिया उपस्थित थे। इस दौरान ट्रस्ट के नये सदस्यों को सदस्यता प्रमाण पत्र निर्गत किया गया ट्रस्ट से जुड़े नये सदस्यों ने भी कई सुझाव देकर समाज कल्याण के बात कहीं।

## गौवंश की वृद्धि के लिये पशुपालकों ने ईश्वर से कामना की

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेक्टर 9 बड़ा खटाल स्थित बाबा अद्भुत नाथ संकटमोचन हनुमान मंदिर मे गोवर्धन पूजा का आयोजन हुआ। जिसमें बोकारो जिला राष्ट्रीय जनता दल के जिलाध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव एवं उपस्थित गौपालक गण ने इस गोवर्धन पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला। विधिवत गोवर्धन जी की गोबर से आकृति बनाकर गाय एवं बछड़े से गांज कर पूजन किया गया फिर महावीरी ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। गौवंश की वृद्धि के लिये पशुपालकों ने ईश्वर से कामना किया, साथ ही महामारी से बचाये रखने के लिये ईश्वर को याद किया गया। उपस्थित लोगों ने गोवर्द्धन पूजा पर अनेक पौराणिक कथाओं पर प्रकाश डाला। उपस्थित जनमानस के बीच पूजा उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। पूजा में मुख्य रूप से बाला यादव, मनोज यादव, परसुराम यादव, युवा राजद प्रदेश महासचिव जितेंद्र नारायण यादव, सतेंद्र यादव, मनोज शिंदे, कृष्ण यादव, हरेंद्र सिंह, उमेश तिवारी, अमीर यादव, रामजी यादव, मुसाफिर यादव, आशीष यादव, महेश यादव, पिंटू कुमार, रामदेव यादव, प्रकास घोष, खयाली यादव, बिरजू यादव आदि गौपालक उपस्थित थे।

# झामुमो का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन हुआ शुरू



**बलियापुर (आजाद सिपाही)।** 6 सूत्री मांगों को लेकर झामुमो ने बुधवार को जिला अध्यक्ष रमेश टूडू के नेतृत्व में हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल) सिंदरी मुख्य द्वार के समीप अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया। झामुमो के जिला अध्यक्ष रमेश टूडू ने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती है, यहां के युवा बेरोजगारों को हर्ल में रोजगार नहीं मिलता है तब तक यह धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। मौके पर जिला प्रवक्ता अरुणव सरकार, युधेस्वर सिंह, प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र किस्कू, सिंदरी के पूर्व युवा अध्यक्ष रामू मंडल, परशुराम सिंह, अशोक महतो, दिवास बेहरा, जगदीश हासदा, विश्वजीत सिंह, नाजू सिंह, मुकेश गोराई, कृष्णा कुंभकार, विकास मंडल, मंसाराम महतो, बबलू कुमार टुडू आदि मौजूद थे। बताते चलें कि झामुमो द्वारा पिछले कई महीनों से हर्ल में 75 प्रतिशत स्थानीय युवकों को रोजगार देने, कार्यरत मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरी देने, पूर्व से कार्यरत मजदूरों को नियमित किये जाने, हर्ल में कार्यरत स्थानीय एवं बाहरी मजदूरों की सूची उपलब्ध कराने जैसी मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है।

## ठेकेदार और अधिकारियों का एक ही लक्ष्य, मजदूरों का हक मारकर अपनी जेबें भरो: राजेंद्र सिंह



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो इस्पात संयंत्र के शीत बेलन शाला 3 के सीपीएल में क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ (एचएमएस) के शाखा कमिटी ने ठेका मजदूरों के शोषण के खिलाफ विराट प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे महामंत्री सह सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह ने कहा कि सीआरएम 3 का प्रबंधन आज शोषण का पर्याय बन चुका है। ठेकेदार और अधिकारियों एक ही लक्ष्य है, मजदूरों का हक मारकर अपनी जेबें भरो। ठेकेदार मजदूरों को काम से निकालने की धमकी देकर उनका एटीएम तक अपने पास रख लेते है। ना पीएफ ना इएसआइ सिर्फ शोषण। मजदूर अगर आवाज उठाते है तो ठेकेदार और अधिकारी दोनों मिलकर उसे काम से निकाल देते है। सीआरएम 3 में मिनिमम वेज का तो कोई सिस्टम ही नहीं है। श्री सिंह ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि अब ठेका मजदूरों से अन्याय युनियन एकदम बर्दाश्त नहीं करेगी। पानी सर के उपर जा चुका है। मजदूर लड़ने को तैयार है। इस प्रदर्शन के माध्यम से मजदूर आज संदेश देने आये है कि प्रबंधन अपना रवैया सुधारे, नहीं तो आगे आंदोलन और उग्र होगा। प्रदर्शन में अरूण कुमार, दुर्गेश कुमार, अमर बोराल, गौतम सिंह चौधरी, विनोद शाव लखन महतो, अजय शर्मा, शैलेश चंद्रा, मो. आलमगीर शाह, संतोष शर्मा, मो. अजहर, राधेश्याम, महेंद्र महतो, अशोक कुमार मुर्मू के साथ सैकड़ों मजदूर उपस्थित थे।

## भाजपा नेत्री रागिनी ने पूजा अर्चना कर मां काली से कोयलांचल वासियों के लिये मांगा आशीर्वाद



**धनबाद/झरिया।** काली पूजा के शुभ अवसर पर बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने झरिया के बस्ताकोला सोनारडीह बस्ती, अमलापाडा एवं बनियाहीर स्थित काली मंदिर में जाकर मां काली की विधिवत पूजा अर्चना कर परिवार एवं समस्त कोयलांचल वासियों के लिए आशीर्वाद मांगा। वही इस दौरान समिति सदस्यों द्वारा श्रीमती सिंह को पुष्प गुच्छ एवं चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। श्रीमती सिंह ने लोगों के बीच प्रसाद भी वितरण किया। इस दौरान भानु पांडेय, शंकर चौहान, लाल्टी बक्शी, जगरनाथ मोदक, संतोष रवानी, अजय वर्मा के अलावा कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
## प्रपत्र VII समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिघोषणा
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

चुकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना महतो अहरा रामपुर बसरिया पथ के कि0मी0 00.00 से कि0मी0 32.50 तक चौडीकरण/मजबूतीकरण कार्य हेतु ग्राम–दर्जीचक, थाना–चौपारण, थाना–सं0–208, अंचल–चौपारणा, जिला–हजारीबाग में कुल 0.299 एकड़ यानि 0.1210 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 0.299 एकड़ यानि 0.1210 हेक्टेयर है, और जो ग्राम–दर्जीचक, थाना–चौपारण, थाना–सं0–208, अंचल–चौपारणा, जिला–हजारीबाग में है, जिसका विवरणी निम्नवत है:–

| क0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 9 | 2 | निजी | टांड–I | 0.011 | पुना साव वो मितर साव वो हुलास साव पिता तुलसी साव, नीज ग्राम–दर्जीचक | सर्वे रास्ता | नीज | प्लॉट न0 902 | सर्वे रास्ता |
| 2 | 3 | 4 | निजी | धानखेत–I | 0.018 | पुना साव वो मितर साव वो हुलास साव पिता तुलसी साव, ग्राम–दर्जीचक | नीज | नीज | प्लॉट न0 04 | सर्वे रास्ता |
| 3 | 7 | 5 | निजी | धान–I | 0.006 | पुना साव वो मितर साव वो हुलास साव पिता तुलसी साव, नीज ग्राम–दर्जीचक | नीज | मुस्तकिम मियॉं | प्लॉट न0 05 | सर्वे रास्ता |
| 4 | 8 | 9 | निजी | ष्धान–I | 0.008 | मुस्तकिम अंसारी पिता अलीबक्ष मियॉं ग्राम– दर्जीचक | पुना साव | नीज | प्लॉट न0 9 | सर्वे रास्ता |
| 5 | 10 | 10 | निजी | धान–I | 0.008 | मुस्तकिम अंसारी पिता अलीबक्ष मियॉं ग्राम– दर्जीचक | नीज | नीज | प्लॉट न0 9 | सर्वे रास्ता |
| 6 | 5 | 11 | निजी | धान–I | 0.007 | मोईन अंसारी वो जावेद वो सरफराज पिता मो0 नसीम मियॉं ग्राम–दर्जीचक | नीज | मोईन मियॉं | प्लॉट न0 11 | सर्वे रास्ता |
| 7 | 10 | 13 | निजी | धान–I | 0.008 | मोईन अंसारी वो जावेद वो सरफराज पिता मो0 नसीम मियॉं ग्राम–दर्जीचक | मुस्तकिम मियॉं | नीज | प्लॉट न0 15 | सर्वे रास्ता |
| 8 | 9 | 14 | निजी | धान–I | 0.006 | नन्दकिशोर राणा पिता गंदौरी राणा ग्राम–दर्जीचक | मोईन अंसारी | नीज | प्लॉट न0 14 | सर्वे रास्ता |
| 9 | 4 | 15 | निजी | धान–I | 0.015 | नन्दकिशोर राणा पिता गंदौरी राणा ग्राम–दर्जीचक | मोईन मियॉं | नीज | प्लॉट न0 15 | सर्वे रास्ता |
| 10 | 3 | 16 | निजी | धान–I | 0.013 | मो0 अनवर पिता मो0 ईब्राहिम मियॉं ग्राम–दर्जीचक | नन्दकिषोर राणा | मो0 ईसराईल | प्लॉट न0 16 | सर्वे रास्ता |
| 11 | 1 | 295/1 | निजी | टांड–II | 0.012 | मो0 ईसराईल पिता करीम मियॉं ग्राम–दर्जीचक | मो0 अनवर | सहिदा खातुन | प्लॉट न0 295 | सर्वे रास्ता |
| 12 | 1 | 295/2 | निजी | टांड–II | 0.012 | सहीदा खातुन पति मो0 हबीब ग्राम–दर्जीचक | मो0 ईसराईल | कलीम अंसारी | प्लॉट न0 295 | सर्वे रास्ता |
| 13 | 1 | 295/3 | निजी | टांड–II | 0.012 | कलीम अंसारी पिता हाजी मोहम्मद सलीम ग्राम–दर्जीचक | सहिदा खातुन | कमरूनी अंसारी | प्लॉट न0 295 | |
| 14 | 1 | 295/4 | निजी | टांड–II | 0.026 | कमरूदीन अंसारी पिता शरीफ अंसारी ग्राम–दर्जीचक | कलीम असारी | मो0 हबीब | प्लॉट न0 295 | |
| 15 | 12 | 296/1 | निजी | टांड–I | 0.0065 | मो0 हबीब पिता करामत मियॉं ग्राम–दर्जीचक | कमरूदीन | अब्दुल गफर | प्लॉट न0 296 | सर्वे रास्ता |
| 16 | 12 | 296/2 | निजी | टांड–I | 0.0235 | अब्दुल गफुर वो मो0 जाकिर वो मा0 लतीफ पिता मो0 महन्दली ग्राम–दर्जीचक | मो0 हबीब | गिरधारी साव | प्लॉट न0 296 | सर्वे रास्ता |
| 17 | 9 | 304 | निजी | टांड–I | 0.017 | गिरधारी साव पिता चुरामन साव ग्राम–दर्जीचक | अब्दुल गफर | निमराज साव | प्लॉट न0 304 | सर्वे रास्ता |
| 18 | 4 | 306 | निजी | टांड–I | 0.006 | मिथलेष साव पिता डेगन साव वो गिरधारी साव पिता चुरामन साव, लालधारी साव पिता चुरामन साव ग्राम–दर्जीचक | गिरधारी साव | प्लॉट न0 308 | प्लॉट न0 306 | सर्वे रास्ता |
| 19 | 10 | 308 | निजी | टांड–III | 0.007 | मो0 कलीम पिता स्व0 सलीम मियॉं ग्राम–दर्जीचक | निमराज साव | प्लॉट न0 309 | प्लॉट न0 308 | सर्वे रास्ता |
| 20 | 10 | 309 | निजी | टांड–III | 0.003 | मो0 कलीम पिता स्व0 सलीम मियॉं ग्राम–दर्जीचक | नीज | मेसिमा खातुन | प्लॉट न0 309 | सर्वे रास्ता |
| 21 | 3 | 310 | निजी | टांड–I | 0.023 | मोसिमा खातुन पति अख्तर मियॉं ग्राम–दर्जीचक | प्लॉट न0 309 | चिंतामन साव | प्लॉट न0 310 | सर्वे रास्ता |
| 22 | 7 | 317 | निजी | टांड–III | 0.023 | चिंतामन साव वो गणेष साव पिता तुलसी साव एक अंष बोधो साव पिता धानो साव एक अंष, ग्राम–दर्जीचक | मोसिमा खातुन | दामोदर साव | प्लॉट न0 317 | सर्वे रास्ता |
| 23 | 9 | 319 | निजी | टांड–III | 0.011 | दामोदर राणा पिता मंगर राणा जाति बढई ग्राम–दर्जीचक | चिंतामन साव | जानकी साव | प्लॉट न0 319 | सर्वे रास्ता |
| 24 | 2 | 320 | निजी | टांड | 0.006 | जानकी साव पिता किषुन साव जाति तेली ग्राम–दर्जीचक | दामोदर राणा | प्लॉट न0 321 | प्लॉट न0 320 | सर्वे रास्ता |
| 25 | 18 | 321 | निजी | परती कदीम | 0.011 | मो0 ईलियास वगै0 पिता मो0 रफीक वो मो0 हारून वगै0 पिता मो0 रजाक, मो0 हकीम मियॉं पिता स्व0 असीम मियॉं, मो0 अकबर हुसैन वगै0 पिता स्व0 सफीक मियॉं ग्राम–दर्जीचक | जानकी साव | रास्ता | प्लॉट न0 321 | सर्वे रास्ता |
| कुल | | | | | 0.299 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जॉच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिहिन्त किये गये है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है–

ग्राम–दर्जीचक, थाना–चौपारण, थाना–सं0–208, अंचल–चौपारणा, जिला–हजारीबाग में कुल 0.299 एकड़ यानि 0.1210 हेक्टेयर जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

ह0/–
उपायुक्त,हजारीबाग

PR 280858 (Land Reforms)22-23*D

# महिला ब्लैकमेलर अर्चना नाग के करोड़ों का हिसाब अब इडी करेगी

## शिकायतों के आधार पर की जायेगी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** महिला ब्लैकमेलर अर्चना नाग के सभी पैसे के लेन-देन की जांच इडी करेगी। इस काले साम्राज्य में शामिल लोगों के खातों से अर्चना या उनके पति जगबंधु के खातों में कितना पैसा गया है, इसकी जांच करायी जायेगी। एफआइआर के आधार पर इडी ने एक के बाद एक खातों और अन्य माध्यमों से किये गये पैसे के लेन-देन की जांच शुरू करेगी। पुलिस थाने में दर्ज मामले में पुलिस को मिली सभी सूचनाओं के साथ प्राथमिकी की कॉपी इडी को सौंपेंगे। इडी ने फिल्म के प्रायोजक अक्षय पारिजा की एफआइआर कॉपी भी मांगी है। इतना ही नहीं, खंडगिरी थाने में शिकायतकर्ता द्वारा दी गयी एफआइआर की कॉपी को कमिश्नरेट पुलिस इडी को भी सौंपेगी। पुलिस आयुक्त सौमेंद्र प्रियदर्शी ने बताया कि इडी अधिकारियों ने अर्चना नाग मामले में दर्ज प्राथमिकी की कॉपी मांगी है। दरअसल, पुलिस ने हाल ही में अर्चना नाग के घर से मोबाइल फोन, लैपटॉप, पेन ड्राइव व कंप्यूटर जब्त किया था। इसके बाद मामले में वित्तीय लेनदेन और अनियमितताओं का एंगल सामने आया है।

**महिला की शिकायत पर दर्ज हुई थी प्राथमिकी :** बता दें, हाल ही में एक महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ साल पहले अर्चना नाग ने उसके ड्रिंक्स में नशीला पदार्थ मिलाया था। इसके बाद उसकी अश्लील तस्वीरें ली गईं, जिनका इस्तेमाल कर सेक्स वीडियो बनाए गए। महिला ने बताया था कि इन वीडियो का इस्तेमाल राजनैतिक एवं बड़े लोगों को ब्लैकमेल करने के लिए किया गया था।

**कई बड़े नेताओं के साथ अर्चना की तस्वीरें:** जैसे-जैसे यह मामला आगे बढ़ता जा रहा है, नये-नये खुलासे हो रहे हैं। अभी तक बीजद के कई नेताओं के साथ अर्चना नाग की तस्वीरें सामने आ चुकी हैं, जिसके चलते पुलिस के लिए भी यह मामला उलझता जा रहा है। ऐसे हैं भाजपा सरकार ने मामले में सीबीआई जांच की मांग की है। उधर, इस मामले में इडी की एंट्री के बाद संभावना है कि अर्चना के पति जगबंधु चंद के खिलाफ इडी मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज कर जांच शुरू करे।

## भाजपा के जनाक्रोश आंदोलन की तैयारी को लेकर घोड़थंबा में बैठक

# हक-अधिकार के लिए 7 से 13 नवंबर तक प्रखंडस्तरीय जनाक्रोश आंदोलन : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**खोरीमहुआ (गिरिडीह)।** राज्य सरकार के खिलाफ 7 से 13 नवंबर तक भाजपा के जनाक्रोश आंदोलन की तैयारी को लेकर बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने घोड़थंबा में बैठक की। बैठक में धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी के अलावा पार्टी के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह, जिला अध्यक्ष महादेव दुबे उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज झारखंड संकट के दौर से गुजर रही है। हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार, हत्या, दुष्कर्म जैसे मामले सामने आ रहे हैं। महिलाएं-बच्चियां कहीं सुरक्षित नही हैं। प्रशासनिक स्तर पर खुली लूट मची हुई है। गरीबों को घर बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा है, जबकि माफिया खुली लूट मचाये हुए हैं। उन्होंने कहा कि जनता के हक और अधिकारों के लिए झारखंड में 7 से 13 नवंबर तक प्रखंड स्तरीय जनाक्रोश आंदोलन चलाया जायेगा।



बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते लक्ष्मण प्रसाद सिंह। मंच पर बैठे हैं बाबूलाल मरांडी और अन्य।

वहीं जिला अध्यक्ष महादेव दुबे ने कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं तथा आमजनता को एक जुट होकर सरकार के नीतियों के खिलाफ आंदोलन में शामिल होना होगा, तभी हेमंत सोरेन सरकार की तानाशाही नीतियों से निजात मिल सकेगा।

लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बिना उद्घोष के कोई काम नहीं होता है। इसलिए 10 को राजधनबार, 11 को गामा और 12 नवंबर को तीसरी में जनाक्रोश आंदोलन होगा। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि वे कार्यक्रम में पहुंचें और मोदी द्वारा चलायी जा रही योजनाएं के साथ-साथ राज्य सरकार की नाकामी से जनता को अवगत करायें। कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग पहुंचे, इसके लिए उन्होंने कार्यकर्ताओ को प्रेरित किया। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सुबोध राय, भाजपा नेता पवन साव, चंद्रशेखर यादव, उदय सिंह, श्रीकांत रात, डोरंडा मंडल अध्यक्ष प्रधुम्न वर्मा, धनवार मंडल अध्यक्ष उत्तम कुमार, मनसाडीह मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव, लोकेश चौधरी, रामदेव विश्वकर्मा उपस्थित थे।

# धामनगर उपचुनाव होगा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष : मुख्य निर्वाचन अधिकारी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बुधवार को धामनगर उपचुनाव को लेकर प्रेस मिट की। उन्होंने बताया कि प्रचार एक नवंबर को शाम छह बजे समाप्त होगा। 1108 पुलिंग अधिकारियों को 2 राउंड का प्रशिक्षण दिया गया है। 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों पर वेबकास्ट किया जायेगा। इसके लिए दो केंद्रीय पर्यवेक्षक पहले ही आ चुके हैं। चुनाव को लेकर पुलिस की ओर से सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गये हैं। शिकायत के लिए एक नंबर भी जारी किया गया है। पोस्टल बैलेट का व्यवस्था किया गया है। सुरक्षा के लिए राज्य पुलिस के 10 प्लाटून फोर्स तैनात किया जायेगा। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि बीएसएफ और सीआरपीएफ के दो बल तैनात किये जायेंगे। कुल 106 संवेदन शील बूथ हैं। पुलीं पार्टी एक नवंबर को धामनगर पहुंचेगा। हालांकि मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि राजनीतिक दलों की ओर से कई शिकायतें की गई हैं। इन्हें सत्यापन के लिए जिला कलेक्टर के पास भेजा गया है। इसी तरह एसजीएच महिला रुपये बंटने का भीडिओ वायरल एक्ट के तहत एफआर दर्ज की गई है। एक करोड़ रुपये की पेशकश के संबंध में एक एफआईआर दर्ज किया गया है। उसे जेएमएफसी कोर्ट में भी पेश किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव को महत्व दिया गया है।

# इमरान खान के लांग मार्च को रोकने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, मुश्किल में पाकिस्तान सरकार

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान शुक्रवार से लॉन्ग मार्च निकालने जा रहे हैं। लाहौर से शुरू होकर इस्लामाबाद तक जाने वाले इस मार्च को इमरान ने जिहाद करार दिया है। शाहबाज शरीफ इस पर रोक के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हम इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) के खिलाफ न तो कोई नोटिस जारी करेंगे और न ही उनके शान्तिपूर्ण लॉन्ग मार्च पर रोक लगायेंगे। सरकार को जो दिक्कतें हैं, वो उन बारे में इमरान खान से बातचीत करे। बुधवार को मीडिया से बातचीत में इमरान ने कहा- मैं इस करप्ट हुकूमत के खिलाफ जिहाद पर निकल रहा हूं।



## इमरान की धमकी

प्रेस कॉन्फ्रेंस में इमरान ने कहा- पाकिस्तान के इतिहास का सबसे बड़ा लॉन्ग मार्च हम शुक्रवार को लाहौर से शुरू कर रहे हैं। यह इस्लामाबाद तक जाएगा। हमारी मांग है कि मुल्क में फौरन आम चुनाव कराये जायें। जब तक यह मांग पूरी नहीं होगी, तब तक हम इस्लामाबाद से नहीं हटेंगे। यह सियासत नहीं, बल्कि जिहाद है और इससे ही तय होगा कि पाकिस्तान अब किस डायरेक्शन में जायेगा। चोरों की हुकूमत अब हमें बर्दाश्त नहीं, यह फैसले का वक्त है। खान ने कहा- हमारी कोशिश है कि लॉन्ग मार्च अमन से पूरा हो। हम कानून नहीं तोड़ना चाहते और न ही किसी सेंसेटिव जोन में घुसना चाहते।

## इस बार फंस गयी शाहबाज सरकार

इमरान के लॉन्ग मार्च के ऐलान से शाहबाज शरीफ सरकार फंस गयी है। 28 अक्टूबर से यह मार्च शुरू होने वाला है और बेमियादी रहेगा। नवंबर के पहले हफ्ते में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान पाकिस्तान दौरे पर आने वाले हैं। माना जा रहा है कि पाकिस्तान के खराब हालात देखते हुए सलमान यह दौरा रद्द कर सकते हैं। इसका ठीकरा इमरान के सिर ही फूटने वाला है। इसके अलावा शाहबाज खुद 1 नवंबर को चीन की विजिट पर जा रहे हैं। मुल्क में सियासी अफरातफरी के हालात में चीन अब पाकिस्तान की कितनी मदद करेगा, यह देखने वाली बात होगी। पाकिस्तान के अखबार द डॉन के मुताबिक- इमरान की वजह से जो हालात बन रहे हैं, उससे दूसरे देश पाकिस्तान से दूरी बना सकते हैं। इसका सबसे बड़ा असर बाढ़ पीड़ित पाकिस्तानियों पर पड़ेगा। अगर यहां यही माहौल रहा तो दूसरे देश भी मदद से दूर भागेंगे। शायद यही वजह है कि लॉन्ग मार्च पर रोक लगाने के लिए सरकार सुप्रीम कोर्ट तक गई, लेकिन उसने भी हाथ खींच लिए। इस मार्च के दौरान हिंसा की भी आशंका है।

# नकली दवा कारोबार के मामले में दो एजेंसी मालिक गिरफ्तार

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कटक में नकली दवाओं के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। घटना में पुरी घाट थाना पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नया सड़क के दो एजेंसी मालिकों को गिरफ्तार किया है। वे पहले गिरफ्तार किए गए वितरकों से दवाओं खरीद रहे थे। इस मामले में पुलिस अब तक 6 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। हालांकि, कुछ दिन पहले ड्रग कंट्रोल टीम को कटक के विभिन्न हिस्सों में नकली दवा के लेन-देन की जानकारी मिली थी। इसके बाद उन्होंने उक्त जगहों पर छापेमारी की इस छापेमारी में भारी मात्रा में नकली दवा बरामद हुई है। वह एक नामी कंपनी की नकली दवाएं बना कर बेच रहे थे। घटना के प्रकाश में आने के बाद कटक जिला ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट एसोसिएशन ने दो थोक विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की. यूनियन ने दोनों व्यापारियों की सदस्यता रद्द कर दी है। बाद में उन दो थोक विक्रेताओं को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

# पालघर में केमिकल कंपनी में लगी आग, 2 की मौत, 11 घायल

**पालघर (आजाद सिपाही)।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक केमिकल कंपनी में आग लग गयी। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गयी और 11 घायल हो गये। इस बात की जानकारी पालघर पुलिस ने दी है। पुलिस ने कहा कि मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंच कर आग बुझाने का काम कर रही हैं। कई लोगों के अभी भी फंसे होने की आशंका है। घटना की विस्तृत जानकारी एकत्रित की जा रही है।

# किट के आर एंड डी निदेशक भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी नयी दिल्ली के फेलो के रूप में चुने गये

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** किट आर एंड डी निदेशक प्रो गोपाल चंद्र कुंडू को 2023 में भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (आईएनएसए) के एक साथी के रूप में चुना गया है। प्रोफेसर कुंडू ने ट्यूमर सूक्ष्म पर्यावरण विविधता और आणविक तंत्र की समझ में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जो ट्यूमर और स्ट्रोमल-व्युत्पन्न ऑस्टियोपोन्ट (ओपीएन) दोनों ट्यूमर के विकास और स्तन और अन्य कैंसर की मेटास्टेटिक क्षमता को नियंत्रित करता है। डॉ कुंडू पिछले दो दशकों में प्रमुख कैंसर पत्रिकाओं में प्रकाशन कर रहे हैं। उनके उच्च उद्धरणों के प्रमाण के रूप में उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिला हैं।

प्रो कुंडू 2004 में जैविक विज्ञान में शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार और 2003 में राष्ट्रीय जैव विज्ञान पुरस्कार से सम्मानित हुए हैं। प्रो कुंडू को ग्रीस से ऑन्कोलॉजी में एक अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार और मेयो क्लिनिक, यूएसए से एक अंतर्राष्ट्रीय युवा अन्वेषक पुरस्कार भी मिला है। वह इंडियन एकेडमी ऑफ साइंस (आईएएस), बैंगलोर के फेलो और नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस, इंडिया (एनएएसआई) के फेलो हैं।

प्रोफेसर कुंडू मॉलिक्यूलर कैंसर (इम्पैक्ट फैक्टर 41.4) और कई अन्य पत्रिकाओं के एसोसिएट एडिटर हैं। उन्होंने कैंसर अनुसंधान, आणविक कैंसर, ऑन्कोजीन, नेचर मेडिसिन, विज्ञान, जेबीसी, पीएनएएस (यूएसए), आदि सहित अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में 117 पत्र प्रकाशित किये। वह केएसबीटी, एसएएस, एसओटी किम्स और किट्स आदि कई किट डीयू के विभिन्न स्कूलों में कई अंतःविषय अनुसंधान में तेजी लाने में शामिल हैं। किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने प्रो कुंडू को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि यह अन्य शोधकर्ताओं को और अधिक प्रेरित करेगा।

# एमसीएल ने 100 मिलियन टन कोयला उत्पादन का आंकड़ा पार किया

**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** टीम महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में यानी मंगलवार, 25 अक्टूबर 2022 को 100 मिलियन टन कोयला उत्पादन का ऑकडा पार कर लिया है। पिछले वित्तीय वर्ष 2021-22 की तुलना में 22% कोयला उत्पादन में वृद्धि हुई है तथा एक महीने और छह दिन पहले 100 मिलियन टन कोयला उत्पादन को पार कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। गौरतलब है कि इसके पहले 12 अक्टूबर को यानी छह महीने 12 दिन में ही एमसीएल ने 100 मिलियन टन कोयला प्रेषण कर एक नयी उपलब्धि हासिल किया है।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**